रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 97] नई दिल्ली, बुधवार, मार्च 16, 2016/फाल्गुन 26, 1937
No. 97] NEW DELHI, WEDNESDAY, MARCH 16, 2016/PHALGUNA 26, 1937

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

अधिसूचना

नई दिल्ली, 15 मार्च, 2016

दूरसंचार (प्रसारण और केबल सेवाएं) अंतःसंयोजन (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियां) (सातवां संशोधन) विनियम, 2016

(2016 का 3)

फा. सं 26–01/2015 – बीएंडसीएस.– भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 (1997 का 24) की धारा 11 की उप–धारा (1) के खंड (बी) के उप–खंड (ii), (iii), (iv) और (v) एवं धारा 36 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों के साथ पठित भारत सरकार, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (दूरसंचार विभाग) की अधिसूचना संख्या 39 का प्रयोग करते हुए, जो, ...

(ए) उक्त अधिनियम की धारा 2 की उप–धारा (1) के खंड (के) के परंतुक तथा धारा 11 की उप–धारा (1) के खंड (डी) के अंतर्गत केंद्र सरकार को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी की गई थी, तथा

(बी) भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3 उप–खण्ड (ii) में दिनांक 09 जनवरी, 2004 की अधिसूचना सं0 39 (एस0ओ0 44 (ई) तथा 45(ई)) के तहत प्रकाशित हुई थी, ...

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, दूरसंचार (प्रसारण और केबल सेवाएं) अंतःसंयोजन (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियां) विनियम, 2012 (2012 का नौवां) में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात्–

1. (1) इन विनियमों को दूरसंचार (प्रसारण और केबल सेवाएं) अंतःसंयोजन (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियां) (सातवां संशोधन) विनियम, 2016 (2016 का 3) कहा जाएगा।

(2) वे सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

2. दूरसंचार (प्रसारण और केबल सेवाएं) अंतःसंयोजन (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियां) विनियम, 2012 (2012 का नौवां) (जिसे इसके पश्चात् मूल विनियम कहा जाएगा) के विनियम 3 के उप–विनियम 14 के स्थान पर निम्न उप–विनियम को प्रतिस्थापित किया जाएगा, नामतः :–

''(14) प्रत्येक मल्टी सिस्टम ऑपरेटर अथवा उसका प्राधिकृत एजेन्ट एक स्थानीय केबल ऑपरेटर द्वारा लिखित अनुरोध प्राप्त होने की तिथि से साठ दिनों के अंदर विनियम 5 के अनुरूप टेलीविजन सिग्नल उपलब्ध कराएगा और यदि टेलीविजन चैनलों के सिग्नल उपलब्ध कराने के अनुरोध को पूरा नहीं किया जा सकता है तो सिग्नल उपलब्ध कराने की इस प्रकार की अस्वीकृति के संबंध में अनुरोध किए जाने की तिथि से साठ दिनों के भीतर स्थानीय केबल ऑपरेटर को जानकारी देगा।''

3. मूल विनियमों के विनियम 3 के उप–विनियम 15 और 16 का लोप किया जाएगा।

4. मूल विनियमों के विनियम 5 के उप विनियम–13 के स्थान पर निम्न उप–विनियम को प्रतिस्थापित किया जाएगा, नामतः :–

''(13) मल्टी सिस्टम ऑपरेटर, इन विनियमों की अनुसूची–IV में निर्धारित आदर्श अंतःसंयोजन करार की तर्ज पर उक्त करार की खण्ड 10, 11 और 12 पर आपस में सहमत होकर टेलीविजन चैनलों के सिग्नल उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय केबल ऑपरेटरों के साथ एक लिखित अंतःसंयोजन करार पर हस्ताक्षर करेगाः

बशर्ते कि मल्टी सिस्टम ऑपरेटर तथा स्थानीय केबल ऑपरेटर, आदर्श अंतःसंयोजन करार की किसी खण्ड में फेर–बदल किए बिना अथवा उसका लोप किए बिना, आपसी करार के माध्यम से आदर्श अंतःसंयोजन करार में खण्ड शामिल कर सकते हैं, बशर्ते कि इस प्रकार के किसी परिवर्धन का आदर्श अंतःसंयोजन करार में यथानिर्धारित किसी खण्ड पर कोई शिथिलकारी प्रभाव नहीं होगा।

बशर्ते आगे की यदि मल्टी सिस्टम ऑपरेटर तथा स्थानीय केबल ऑपरेटर, इस उप–विनियम में यथा उपर्युक्त उपबंधित अंतःसंयोजन करार पर हस्ताक्षर करने में सफल नहीं होते हैं तो मल्टी सिस्टम ऑपरेटर तथा स्थानीय केबल ऑपरेटर इन विनियमों की अनुसूची–V में यथा विनिर्दिष्ट मानक अंतःसंयोजन करार पर हस्ताक्षर करेंगे।

स्पष्टीकरण : संदेह दूर करने के लिए यह स्पष्ट किया जाता है कि विहित आदर्श अंतःसंयोजन करार की निबंधन और शर्तों तथा पक्षों द्वारा आपसी सहमति से जोड़े जाने वाली नई निबंधन और शर्तों के बीच किसी विवाद होने पर विहित आदर्श अंतःसंयोजन करार की निबंधन और शर्तें लागू होंगी।

5. मूल विनियमों के विनियम 5 के उप–विनियम 13 के पश्चात् निम्नवत उप–विनियमों को अंतःस्थापित किया जाएगा, नामतः–

''(13क) प्रत्येक मल्टी सिस्टम ऑपरेटर, दूरसंचार (प्रसारण और केबल सेवाएं) अंतःसंयोजन (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियां) (सातवां संशोधन) विनियम, 2016 के लागू होने की तिथि से तीस दिनों के अंदर सभी संबद्ध स्थानीय केबल ऑपरेटरों को आदर्श अंतःसंयोजन करार अथवा मानक अंतःसंयोजन करार, जैसा भी मामला हो, के अनुरूप अपने मौजूदा करारों को आशोधित करने हेतु एक लिखित विकल्प देगा तथा संबंद्ध स्थानीय केबल ऑपरेटर

ऐसे विकल्प की प्राप्ति की तिथि से तीस दिनों के अंदर अपने मौजूदा करार को आशोधित करने अथवा इसकी समाप्ति तक मौजूदा करार को जारी रखने तथा तत्पश्चात् आदर्श अंतःसंयोजन करार अथवा मानक अंतःसंयोजन करार, जैसा भी मामला हो, पर हस्ताक्षर करने का विकल्प खुला होगा।

(13ख) प्रत्येक मल्टी सिस्टम ऑपरेटर, टेलीविजन चैनलों के सिग्नल उपलब्ध कराने हेतु स्थानीय केबल ऑपरेटर से अनुरोध प्राप्त होने की तिथि से 30 दिनों की अवधि के अंदर आदर्श अंतःसंयोजन करार अथवा मानक अंतःसंयोजन करार, जैसा भी मामला हो, की निबंधन और शर्तों के अनुरूप एक अंतःसंयोजन करार पर हस्ताक्षर करेगा।''

6. मूल विनियमों में अनुसूची– III के पश्चात् निम्न अनुसूचियां अंतःस्थापित की जाएंगी, नामतः–

"अनुसूची–IV

(विनियम 5 के उप–विनियम (13) को संदर्भित)

मल्टी सिस्टम ऑपरेटर और स्थानीय केबल ऑपरेटर के बीच डिजिटल एड्रेसेबल प्रणालियों (डीएएस) के माध्यम से केबल टेलीविजन सेवाओं की पेशकश करने के लिए आदर्श अंतःसंयोजन करार

{1. इस करार के प्रत्येक पृष्ठ पर एमएसओ तथा एलसीओ के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।}

2. इस प्रारूप के खंडों में आबंटित संख्या में कोई फेरबदल नहीं किया जाएगा तथा किसी भी प्रकार का परिवर्धन एवं परिवर्तन (यदि कोई हो) संबंधित खंड के अंत में या इस प्रारूप के अंत में किया जाएगा}

यह तकनीकी तथा वाणिज्यिक अंतःसंयोजन करार इसकी अनुसूचियों तथा अनुलग्नकों सहितः

प्रथम पक्ष, _____ जिनका पंजीकृत कार्यालय _____ में स्थित है, अन्य भाग में इसके प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता (जिसे इसके पश्चात् **''एमएसओ''** कहा जाएगा, जिस शब्द में जब तक कि संदर्भ अथवा तत्संबंधी अर्थ के प्रतिकूल न हो, इसके उत्तराधिकारी, समनुदेशिति, वारिस तथा निष्पादन सम्मिलित हैं।)

एमएसओ का दर्जा : व्यक्ति विशेष/फर्म/कंपनी/व्यक्तियों का संघ/व्यक्तियों का निकाय (जो लागू न हो उसे काट दें अथवा व्यक्तियों के संघ/व्यक्तियों के निकाय की स्थिति में उपर्युक्त रूप से संशोधन करें।)

और

द्वितीय पक्ष, _____ जिनका पंजीकृत कार्यालय _____ में स्थित है, इसके प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता (जिसे इसके पश्चात् **''एलसीओ''** कहा जाएगा, जिस शब्द में जब तक कि संदर्भ अथवा तत्संबंधी अर्थ के प्रतिकूल न हो, इसके उत्तराधिकारी, समनुदेशिति, वारिस तथा निष्पादन सम्मिलित हैं।)

एलसीओ का दर्जा : व्यक्ति विशेष/फर्म/कंपनी/व्यक्तियों का संघ/व्यक्तियों का निकाय (जो लागू न हो उसे काट दें अथवा व्यक्तियों के संघ/व्यक्तियों के निकाय की स्थिति में उपर्युक्त रूप से संशोधन करें।)

के बीच दिन _____ माह _____ 201_____ को निष्पादित किया गया।

एमएसओ तथा **एलसीओ** को इसके पश्चात् व्यक्तिगत रूप से 'पक्ष' कहा जाएगा तथा समग्र रूप से ''**पक्ष(क्षों)**'' कहा जाएगा।

जबकि,

(क) एमएसओ एक केबल ऑपरेटर होता है, जिसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 के तहत केन्द्र सरकार द्वारा केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियम) अधिनियम, 1995 की धारा 4क के तहत अधिसूचित _____ क्षेत्र में एड्रेसेबल प्रणालियों के माध्यम से केबल टेलीविजन उपलब्ध करवाने के लिए _____ दिनांक _____ का पंजीकरण संख्या प्रदान किया गया है।

(ख) एलसीओ एक केबल ऑपरेटर है, जिसे केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 के तहत _____ (क्षेत्र के नाम का उल्लेख करें) में केबल टेलीविजन सेवाएं प्रदान करने के लिए . _____ मुख्य डाकघर (मुख्य डाकघर का नाम) में दिनांक _____ को पंजीकरण संख्या _____प्रदान किया गया है।

(ग) एलसीओ ने दिनांक_____ के पत्र संख्या_____ के माध्यम से टेलीविजन चेनलों हेतु सिग्नल उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध किया है तथा एमएसओ दिनांक_____के पत्र संख्या _____ के माध्यम से ऐसे एलसीओ को टेलीविजन चैनलों के लिए सिग्नल उपलब्ध कराने को सहमत हो गया है।

(घ) क्षेत्र : इस करार के संदर्भ में क्षेत्र _____ है [उस क्षेत्र(त्रों)/शहरों (रों)/जिला(लों)/राज्य(यों) के नाम का उल्लेख करें जिसके लिए इस करार पर हस्ताक्षए किए जा रहे हैं।]

(ङ) दोनों पक्ष, प्रधान से प्रधान आधार पर तथा गैर–अनन्य आधार पर क्षेत्र में टेलीविजन चैनलों के संवितरण के संबंध में भूमिका, उत्तरदायित्व, अधिकार, दायित्व, तकनीकी तथा वाणिज्यिक व्यवस्थाओं को शासित करने के लिए आपस में इस करार निष्पादित करने के लिए सहमत हुए हैं।

(च) दोनों पक्ष इस बात पर भी आपस में सहमत हैं कि दोनों पक्षों के बीच किसी सम्पत्ति/ परिसम्पत्तियों के लेन–देन सहित प्रत्येक लेन–देन को लिखित में तथा अन्य सत्यापन योग्य तरीकों के माध्यम से किया जाएगा।

अब इसलिए, उपर्युक्त तथा इनमें अंतर्विष्ट प्रसंविदा पर विचार करते हुए, दोनों पक्ष निम्नानुसार सहमत हैं:–

1. परिभाषाएं

इस करार में उपयोग किए गए शब्द तथा वाक्यों का अर्थ, उन्हें इस करार की अनुसूची में दिया गया अर्थ होगा। इस अंतःसंयोजन करार में उपयोग किए गए परंतु परिभाषित नहीं किए गए और इसके तहत अधिनियम तथा नियम तथा विनियम में परिभाषित अथवा केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियम) अधिनियम, 1995 (1995 का सातवां) में परिभाषित अन्य शब्दों तथा वाक्यों का वही अर्थ होगा, जो उन्हें उन अधिनियमों अथवा नियमों और विनियमों, जैसा मामला हो, में दिया गया है।

2. करार की शर्तें

2.1 करार, _____ (दिनांक/माह/वर्ष) से प्रभावी होगा तथा _____ (दिनांक/माह/वर्ष) अथवा एमएसओ अथवा एलसीओ के पंजीकरण की समाप्ति की तिथि, जैसा भी मामला हो, जो भी पहले हो, अथवा करार की शर्तों के अनुरूप किसी भी पक्ष द्वारा समाप्त कर दिये जाने तक प्रभावी रहेगा।

2.2 करार की अवधि को पक्षों द्वारा आपस में सहमत निबंधन और शर्तों पर लिखित में दर्ज करके आगे बढ़ाया जा सकता है बशर्ते कि विस्तारित अवधि एमएसओ अथवा एलसीओ के पंजीकरण की अवधि की अंतिम तिथि, जो भी पहले हो, से अधिक न हो।

3. करार को समाप्त करना

3.1 किसी भी पक्ष को निम्न स्थिति में दूसरे पक्ष को 21 दिन का लिखित में अग्रिम नोटिस देकर करार को समाप्त करने का अधिकार होगाः—

(i) किसी पक्ष द्वारा करार की शर्तों के तात्विक उल्लंघन किये जाने की स्थिति में, जिसे एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को पंद्रह (15) दिनों के लिखित में दिए जाने हेतु अपेक्षित समय—सीमा के भीतर संसाधित नहीं किया गया हो; अथवा

(ii) शोधन अक्षमता, दिवालिया होने अथवा किसी दूसरे पक्ष की परिसंपत्तियों पर प्रापक की नियुक्ति; अथवा

(iii) दूसरा पक्ष पायरेसी करे, अथवा उसकी अनुमति दे अथवा किसी पक्ष को चैनल पर उपलब्ध कराई गई ऐसी प्रोग्रामिंग सेवा को चलाने के लिए किसी व्यक्ति को प्रलोभन दे जोकि समय—समय पर यथा संशोधित केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 में विहित कार्यक्रम तथा विज्ञापन संहिता का उल्लंघन हो।

3.2 एमएसओ द्वारा क्षेत्र में टेलीविजन चैनलों सिग्नलों के पुनर्प्रसारण के व्यापार को बंद किए जाने पर एलसीओ को करार समाप्त करने का अधिकार होगा।

3.3 एलसीओ द्वारा क्षेत्र में अपने केबल टेलीविजन व्यापार को बंद किए जाने पर एमएसओ को करार को समाप्त करने का अधिकार होगा।

3.4 यदि किसी कारणवश, एमएसओ क्षेत्र में टेलीविजन के पुनर्प्रसारण के व्यापार को बंद करने का निर्णय लेता है तो वह एलसीओ को इस प्रकार सेवा बंद करने के कारणों का उल्लेख करते हुए कम से कम 90 दिन पूर्व लिखित नोटिस देगा।

3.5 यदि एलसीओ, सब्सक्राइबर को टेलीविजन सिग्नल उपलब्ध कराने के व्यापार को बंद करने का निर्णय लेता है तो, वह एमएसओ को इस प्रकार सेवा बंद करने के कारणों का उल्लेख करते हुए कम से कम 90 दिन पूर्व लिखित नोटिस देगा।

4. करार समाप्त करने और करार के समाप्त होने का प्रभाव :

4.1 किसी भी पक्ष द्वारा करार समाप्त करने अथवा करार की अवधि की समाप्ति की स्थिति में, जैसा भी मामला हो, प्रत्येक पक्ष दूसरे पक्ष को करार की समाप्ति की तिथि तक दूसरे पक्ष को देय और बकाया सभी राशियों का भुगतान करेगा।

4.2 एलसीओ, करार की समाप्ति होने अथवा करार की अवधि पूर्ण होने के 15 दिनों के अंदर, जैसा भी मामला हो, यहां उल्लिखित उपबंधों की शर्तों के अनुरूप, एलसीओ की अभिरक्षा में रखी हुई एमएसओ की सभी सम्पत्तियों और परिसंपत्तियों को एमएसओ को सौंपेगा तथा एलसीओ की अभिरक्षा में रखी हुई एमएसओ की सभी सम्पत्तियों और परिसंपत्तियों को हुई हानि अथवा क्षति, यदि कोई हो तो, की इस संबंध में प्राप्त हुए नोटिस की प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर एलसीओ को भरपाई करेगा और एलसीओ द्वारा ऐसी परिसम्पत्तियों/आस्तियों का रखरखाव करने में अक्षम होने पर एलसीओ, एमएसओ को ऐसी परिसम्पत्तियों/आस्तियों के मूल्यह्रासित मूल्य का भुगतान करेगा।

4.3 एमएसओ, करार की समाप्ति होने अथवा करार की अवधि पूर्ण होने के 15 दिनों के अंदर, जैसा भी मामला हो, यहां उल्लिखित उपबंधों की शर्तों के अनुरूप, एमएसओ की अभिरक्षा में रखी हुई एलसीओ की सभी सम्पत्तियों और परिसंपत्तियों को एलसीओ को सौंपेगा तथा एमएसओ की अभिरक्षा में रखी हुई एलसीओ की सभी सम्पत्तियों और परिसंपत्तियों को हुई हानि अथवा क्षति, यदि कोई हो तो, की इस संबंध में प्राप्त हुए नोटिस की प्राप्ति के तीस (30) दिनों के अंदर एलसीओ को भरपाई करेगा और एमएसओ द्वारा ऐसी परिसम्पत्तियों/आस्तियों का रखरखाव करने में अक्षम होने पर एमसीओ, एलसीओ को ऐसी परिसम्पत्तियों/आस्तियों के मूल्यह्रासित मूल्य का भुगतान करेगा।

स्पष्टीकरण : उपर्युक्त खण्ड 4.2 तथा 4.3 की एमएसओ तथा एलसीओ के हार्डवेयर अथवा सब्सक्राइबर के भवन में संस्थापित अन्य उपस्करों, जैसा भी मामला हो, के संबंध में कोई अनुप्रयोज्यनीयता नहीं होगी।

4.4 यदि एलसीओ अथवा एमएसओ, जैसा भी मामला हो, उक्त विनिर्धारित अवधि के अंदर ऐसी सम्पत्तियों अथवा परिसंपत्तियों को सौंपने अथवा उन्हें पहुंची हानि अथवा क्षति की भरपाई करने में सक्षम नहीं हो पाता है तो चूककर्ता पक्ष इसके मूल्यह्रासित मूल्य पर भारतीय स्टेट बैंक के आधारभूत ब्याज दर के दो प्रतिशत के ऊपर की साधारण ब्याज दर पर भुगतान करने हेतु बाध्य होगा।

5. सेवा को उपलब्ध कराया जाना

5.1 एमएसओ इस करार की शर्तों के अनुरूप संबंधित प्राधिकरणों के मौजूदा मानदण्डों, नीतियों, लागू कानूनों तथा नियमों और विनियमों, निदेशों तथा आदेशों के अनुरूप गैर–अनन्य आधार पर टेलीविजन चैनलों के सिग्नल उपलब्ध कराएगा ताकि इसे क्षेत्र के सब्सक्राईबरों को पुनः प्रसारित किया जा सके।

5.2 एलसीओ, एमएसओ को अपने नेटवर्क तक गैर–अनन्य आधार पर पहुंच उपलब्ध कराएगा ताकि एमएसओ द्वारा उपलब्ध कराए गए टेलीविजन सिग्नलों को क्षेत्र में सब्सक्राईबरों तक पहुंचाया जा सके।

5.3 दोनों पक्ष लागू कानूनों तथा विनियमों के अनुरूप कड़ाई से केवल डिजीटल एड्रेसेबल प्रणाली के माध्यम से ही कूटबद्ध पद्धति द्वारा ही किसी चैनल, विषयवस्तु अथवा कार्यक्रम का अनिवार्य रूप से प्रसारण, पुनःप्रसारण करेंगे अथवा उसे प्रणाली के माध्यम से संवाहित करेंगे।

5.4 सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु इस करार के पक्षों के कर्तव्य तथा उत्तरदायित्व, इस करार के **खण्ड 10** में अंतर्विष्ट हैं।

5.5 इस करार के **खण्ड–10** में उल्लिखित कर्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों को ध्यान में रखते हुए एलसीओ तथा एमएसओ के बीच राजस्व निपटारे का इस करार में उल्लिखित **खण्ड–12** में उल्लेख किया गया है।

6. एमएसओ के अधिकार

6.1 इस करार के तहत, एमएसओ के पास केबल टेलीविजन सेवाओं को प्रदान करने के लिए उपयोग किये गए अपने नेटवर्क के स्वामित्व का अधिकार बरकरार रहेगा और वह संपूर्ण अथवा नेटवर्क के किसी भाग का विस्तार/उन्नयन/परिवर्तन/प्रतिस्थापन/पुनः डिजाइन कर सकता है, बशर्ते कि इस प्रकार के क्रियाकलाप से सब्सक्राइबर को उपलब्ध कराई जा रही सेवा की गुणवत्ता (क्यूओएस) बाधित न हो अथवा उसमें किसी प्रकार की गिरावट न हो।

6.2 एमएसओ संबंधित प्राधिकरणों के मौजूदा मानदण्डों, नीतियों, लागू कानूनों और नियमों, विनियमों, निदेशों तथा आदेशों के अनुरूप टेलीविजन चैनलों के पुनर्प्रसारण हेतु प्रसारकों के साथ अंतःसंयोजन करार पर हस्ताक्षर करेगा।

6.3 एमएसओ को लागू कानूनों तथा विनियमों के अध्यधीन सब्सक्राइबर द्वारा भुगतान किये जाने हेतु प्रत्येक चैनल के अधिकतम खुदरा मूल्य को अंतिमरूप से विनिर्दिष्ट करने का अधिकार होगा

6.4 एमएसओ को उसकी व्यापारिक योजना तथा लागू मानदण्डों, नीतियों तथा लागू कानूनों तथा नियमों, विनियमों और टैरिफ आदेशों के अनुरूप नेटवर्क पर पेशकश किये जा रहे चैनलों/सेवाओं को पैकेज के रूप में प्रदान करने का अधिकार होगा।

6.5 एमएसओ को समय–समय पर प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित लागू टैरिफ आदेश तथा विनियमों के उपबंधों के अनुपालन में बुनियादी सेवा टीयर (बीएसटी) की दरों को विनिर्दिष्ट करने का अधिकार होगा।

6.6 एमएसओ को प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित लागू टैरिफ आदेशों के उपबंधों के अनुपालन में चैनलों के बुके की दरों, यदि एमएसओ द्वारा पेशकश किए गए हों तो, को विनिर्दिष्ट करने का अधिकार होगा।

6.7 एमएसओ को करार तथा लागू आदेशों और विनियमों के तहत अपने उत्तरदायित्वों की पूर्ति के प्रयोजनार्थ एलसीओ से सभी अपेक्षित जानकारी प्राप्त करने का अधिकार होगा।

7. एलसीओ के अधिकार

7.1 इस करार के तहत, एलसीओ के पास केबल टेलीविजन सेवाओं को प्रदान करने के लिए उपयोग किये गए अपने नेटवर्क के स्वामित्व का अधिकार बरकरार रहेगा और वह संपूर्ण अथवा नेटवर्क के किसी भाग का विस्तार/उन्नयन/परिवर्तन/प्रतिस्थापन/पुनः डिजाईन कर सकता है, बशर्ते कि इस प्रकार के क्रियाकलाप से सब्सक्राइबर को अपने नेटवर्क पर उपलब्ध कराई जा रही सेवा की गुणवत्ता (क्यूओएस) बाधित न हो अथवा उसमें किसी प्रकार की अवनति न हो।

7.2 एलसीओ को करार तथा लागू आदेशों और विनियमों के तहत अपने उत्तरदायित्वों की पूर्ति के प्रयोजनार्थ एमएसओ से सभी अपेक्षित जानकारी प्राप्त करने का अधिकार होगा।

8. एमएसओ के दायित्व

8.1 एमएसओ चैनलों, बिलिंग साइकिलों अथवा प्रतिदायों हेतु व्यक्ति विशेष की प्राथमिकता को दर्ज कर तथा उपलब्ध करवाकर कार्यक्षम तथा त्रुटिमुक्त सेवाएं सुनिश्चित करने के लिये हेड–एंड, कन्डीशनल एक्सेस सिस्टम (सीएएस) तथा सब्सक्राइबर प्रबंधन प्रणाली (एसएमएस) को स्थापित करेगा तथा चालू करेगा।

8.2 एमएसओ, सब्सक्राइबर को पेशकश किए जाने वाले चैनलों, चैनलों के बुके, सब्सक्राइबर को पेशकश की जाने वाली सेवाओं के ब्यौरे के संबंध में आवश्यक तथा पर्याप्त जानकारी एलसीओ को उपलब्ध कराएगा।

8.3 एमएसओ सेवाएं उपलब्ध कराने, कर्तव्य और उत्तरदायित्व, राजस्व निपटान तथा सेवा की गुणवत्ता आदि के संबंध में एलसीओ की शिकायतों के निपटान हेतु वेब आधारित शिकायत निपटान प्रणाली उपलब्ध करवाएगा।

8.4 एमएसओ, पहले से सक्रिय एसटीबी जारी नहीं करेगा तथा उपभोक्ता आवेदन प्ररूप (सीएएफ) के ब्यौरे की सब्सक्राइबर प्रबंधन प्रणाली में प्रविष्टि करने के बाद ही एसटीबी को सक्रिय करेगा।

8.5 एमएसओ, देय प्रभारों पर प्रत्येक माह के लिये भुगतान किये जाने वाले प्रभारों अथवा प्रत्येक सब्सक्राइबर के लिये बिलिंग साइकिल के अनुसार बिलिंग साइकिल के समाप्त होने के तीन दिनों के अंदर नियमित आधार पर सब्सक्राइबरों के लिये बिलों को तैयार करेगा।

8.6 एमएसओ, करार तथा लागू आदेशों और विनियमों के तहत पक्षों द्वारा उत्तरदायित्वों के वहन के प्रयोजनार्थ अपने नियंत्रणाधीन एसएमएस के संगत भाग तक एलसीओ को एक्सेस उपलब्ध कराएगा।

8.7 एमएसओ पायरेसी अथवा ऐसे अन्य क्रियाकलापों में संलिप्त नहीं होगा, जिसके प्रभाव से और जिसके परिणामस्वरूप एलसीओ अथवा ऐसे प्रसारण से संबद्ध व्यक्तियों के ट्रेडमार्क अथवा प्रतिलिप्याधिकार का उल्लंघन अथवा अतिलंघन हो।

8.8 एमएसओ वर्तमान में लागू सभी संविधि अथवा कानूनों, अथवा वर्तमान में लागू किसी कानून के तहत जारी, प्रकाशित अथवा परिचालित किन्ही नियमों, संहिता, विनियमों, अधिसूचनाओं, परिपत्रों, दिशानिर्देशों, आदेशों, निदेशों आदि का अनुपालन करेगा।

8.9 एमएसओ ऐसा कोई कार्य अथवा कृत्य नहीं करेगा, जिसके परिणामस्वरूप इस करार के तहत केबल टेलीविजन सिग्नल के संबंध में एलसीओ के किसी अधिकार अथवा हित अथवा एलसीओ की किसी संपत्ति का अतिउलंघन हो अथवा उस पर प्रतिकूल पड़े।

8.10 एमएसओ संपूर्ण सिग्नल को सब्सक्राइबर के भवन में संस्थापित एसटीबी तक कूटबद्ध करने के लिए उत्तरदायी होगा।

8.11 एमएसओ, एलसीओ को तीन माह का अग्रिम नोटिस दिए बिना टेलीविजन चैनलों के सिग्नलों को बंद नहीं करेगा तथा अंतःसयोजन विनियमों में यथा परिकिल्पत, प्रस्तावित सेवाओं को बंद करने के कारणों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करेगा।

8.12 एमएसओ, सब्सक्राइबर हेतु ऑनलाइन भुगतान गेटवे, पूर्व भुगतान प्रणालियां तथा सब्सक्राइबर से भुगतान की प्राप्ति होने पर इलेक्ट्रॉनिक पावती हेतु सुविधा उपलब्ध करायेगा।

8.13 एमएसओ, एलसीओ को अनुरक्षण हेतु पहले से सक्रिय नहीं किए गए अतिरिक्त एसटीबी के रूप में अधिकतम 30 एसटीबी की अधिकतम सीमा के साथ उसके नेटवर्क पर सक्रिय कुल एसटीबी के कम से कम 2 प्रतिशत एसटीबी उपलब्ध कराएगा ताकि एसटीबी में किसी खराबी के कारण प्रभावित सेवाओं को त्वरित रूप बहाल किया जा सके। करार की अवधि के दौरान, अनुरक्षण हेतु अतिरिक्त एसटीबी की संख्या को बनाए रखा जाएगा।

8.14 एमएसओ, एलसीओ को पैकेज की संरचना अथवा सब्सक्राईबरों को पेशकश किए जा रहे खुदरा टैरिफ में प्रस्तावित परिवर्तनों के संबंध में कम से कम 15 दिन पहले जानकारी देगा।

8.15 एलसीओ की पूर्व सहमति के बिना एमएसओ को इस करार के तहत अपने किन्हीं अधिकारों अथवा दायित्वों को समनुदेशित करने अथवा अंतरण करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

9. एलसीओ के दायित्व

9.1 एलसीओ सब्सक्राइबरों से प्राप्त उपभोक्ता आवेदन प्ररूप (सीएएफ) की प्रति को 15 दिनों के अंदर एमएसओ को सौंपेगा।

9.2 एलसीओ, प्रत्येक सब्सक्राइबर द्वारा केबल टेलीविजन सेवाओं के लिए एलसीओ को भुगतान की गई बिल राशि के ब्यौरे को एसएमएस में प्रविष्टि करने के लिए उत्तरदायी होगा।

9.3 एलसीओ पायरेसी अथवा ऐसे अन्य क्रियाकलापों में संलिप्त नहीं होगा, जिसके प्रभाव से और जिसके परिणामस्वरूप एमएसओ अथवा ऐसे प्रसारण से संबद्ध व्यक्तियों के ट्रेडमार्क अथवा प्रतिलिप्याधिकार का उल्लंघन अथवा अतिलंघन हो।

9.4 एमएसओ की पूर्व सहमति के बिना एलसीओ को इस करार के तहत अपने किन्हीं अधिकारों अथवा दायित्वों को समनुदेशित करने अथवा अंतरण करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

9.5 एलसीओ सब्सक्राइबर से मौजूदा कनेक्शनों हेतु कनेक्शन काटने के आवेदन के माध्यम से तथा नए कनेक्शन के मामले में उपभोक्ता आवेदन प्ररूप के माध्यम से अनुरोध प्राप्त किए बिना एमएसओ के एसटीबी को किसी अन्य एमएसओ के एसटीबी से प्रतिस्थापित नहीं करेगा। नए सेट—टॉप बाक्स को नए उपभोक्ता आवेदन प्ररूप में दिए गए ब्योरे की नए एमएसओ के सब्सक्राइबर प्रबंधन प्रणाली में प्रविष्टि के पश्चात् ही सक्रिय किया जाएगा।

9.6 **एलसीओ :—**

(i) एमएसओ द्वारा बिना उसकी पूर्व सहमति के ऐसे किसी सिग्नल को प्रसारित, पुनर्प्रसारित नहीं करेगा, सिग्नलों के बीच में डालेगा अथवा आपस में नहीं मिलाएगा;

(ii) एमएसओ द्वारा प्रसारित किसी सिग्नल पर किसी वाणिज्यिक जानकारी अथवा विज्ञापन अथवा सूचना को नहीं डालेगा। इस प्रकार सिग्नल से की गई छेड़छाड़ अथवा सिग्नलों के बीच में किसी सूचना को डाले जाने को इस करार का उल्लंघन माना जाएगा तथा यह एमएसओ को कानून अथवा इस करार के तहत विहित ऐसा नोटिस देकर इस करार को समाप्त किये जाने का पर्याप्त आधार माना जाएगा।

(iii) एमएसओ द्वारा उपलब्ध कराए गए सिग्नलों में किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं करेगा साथ ही कोई डिकोडिंग, सिग्नल प्राप्त करन और रिकॉर्ड करने के उपस्कर(रों), नकली सेट टॉप बॉक्स अथवा स्मार्ट कार्ड अथवा ऐसे ही अन्य उपकरणों का उपयोग नहीं करेगा।

(iv) एमएसओ की लिखित अनुमति के बिना सील सहित हार्डवेयर में छेड़छाड़ अथवा फेर–बदल (सेट टॉप बॉक्स को नहीं खोलने के लिए लगाई गई सील) नहीं करेगा और स्मार्ट कार्ड अथवा सेट टॉप बॉक्स का दुरुपयोग नहीं करेगा, पुर्नस्थापन नहीं करेगा, नहीं हटायेगा अथवा अन्यत्र शिफ्ट नहीं करेगा, उन्हें उनके संबंधित मूल पते से नहीं हटायेगा।

(v) सेट टॉप बॉक्स की संस्थापना से पूर्व अथवा उसके पश्चात् एमएसओ द्वारा आपूर्ति किये गये/अनुमोदित सेट टॉप बॉक्स, स्मार्ट कार्ड तथा किसी अन्य उपकरण के अलावा कोई डिकोडिंग, सिग्नल प्राप्त करने वाले, रिकार्डिंग उपकरण(णों), नकली सेट टॉप बॉक्स(सों), स्मार्ट कार्ड(डों) का उपयोग नहीं करेगा तथा ऐसे सब्सक्राइबर के विरुद्ध एमएसओ द्वारा विनिर्दिष्ट कार्रवाई करेगा।

(vi) एमएसओ की लिखित अनुमति के बिना संबंधित मूल पतों से सील सहित हार्डवेयर में छेड़छाड़, उनमें फेरबदल, दुरुपयोग, पुर्नस्थापन तथा स्मार्ट कार्ड और सेट टॉप बॉक्स को हटाये जाने तथा अन्यत्र ले जाये जाने और उपयोग के संबंध में तुरंत जानकारी देगा तथा सेट टॉप बॉक्स से पहले अथवा उसके बाद किसी डिकोडिंग, सिग्नल प्राप्त करने वाले, रिकॉर्डिंग, उपस्कर(रों) नकली सेट टॉप बॉक्स(सों) तथा एमएसओ द्वारा आपूर्ति किये गये हार्डवेयर के अलावा किसी अन्य स्मार्ट कार्ड(डों), सेट टॉप बॉक्स(सों), स्मार्ट कार्ड(डों) के अलावा उपयोग किये जा रहे अन्य संस्थापित मद की जानकारी देगा तथा ऐसे सब्सक्राइबर के विरूद्ध एमएसओ द्वारा निर्देशित कार्रवाई करेगा।

9.7 एलसीओ केबल टेलीविजन सिग्नलों के आगे पुनर्प्रसारण हेतु किसी कंपनी को कनेक्शन उपलब्ध नहीं करवायेगा।

9.8 एलसीओ न ही केबल टेलीविजन सिग्नलों को रिकॉर्ड करेगा और तत्पश्चात् उनका पुनर्प्रसारण करेगा अथवा एमएसओ द्वारा प्रसारित किये जा रहे सिग्नलों अथवा ट्रंक लाइन को ब्लॉक करेगा अथवा उनमें परिवर्धन अथवा पुर्नस्थापन अथवा उनके साथ छेड़छाड़ नहीं करेगा और न ही किसी व्यक्ति को ऐसा करने देगा।

9.9 एलसीओ ऐसा कोई कार्य अथवा कृत्य नहीं करेगा, जिसके परिणामस्वरूप इस करार के तहत केबल टेलीविजन सिग्नल के संबंध में एमएसओ के किसी अधिकार अथवा हित अथवा एमएसओ की किसी संपत्ति का अति–उलंघन हो अथवा उस पर प्रतिकूल पड़े।

9.10 एलसीओ इस करार, लागू आदेशों और विनियमों के तहत पक्षों द्वारा उत्तरदायित्वों को पूर्ण किये जाने के प्रयोजनार्थ एमएसओ के नियंत्रणाधीन प्रणालियों तक पहुंच उपलब्ध करायेगा।

9.11 एलसीओ, एमसीओ को तीन सप्ताह का अग्रिम नोटिस दिए बिना टेलीविजन चैनलों के सिग्नलों को बंद नहीं करेगा, जिसमें वह दूरसंचार (प्रसारण तथा केबल टेलीविजन सेवाएं) अंतःसयोजन (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियां) विनियम, 2012 में यथा परिकिल्पत, प्रस्तावित सेवाओं को बंद करने के कारणों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करेगा।

10. एमएसओ तथा एलसीओ के कर्तव्य तथा उत्तरदायित्व :

क्रम सं.	कर्त्तव्य	पक्षों द्वारा आपस में सहमति के आधार पर एमएसओ अथवा एलसीओ के उत्तरदायित्व – *कृपया तदनुसार स्थान भरिए*	टिप्पणियां
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	सब्सक्राइबर द्वारा सेट टॉप बॉक्स (एसटीबी) प्राप्त करने तथा वापस करने हेतु योजनाओं का प्रकाशन तथा तत्संबंधी वारंटी/मरम्मत की नीति		
2.	सेवा की गुणवत्ता विनियमों की अनुसूची–I में यथा विनिर्दिष्ट आवेदनों के प्ररूप का निर्धारण करना ताकि केबल टेलीविजन सेवाओं हेतु कनेक्शन प्राप्त किया जा सके, सेवा बंद की जा सके, पुनः कनेक्शन प्राप्त किया जा सके, कनेक्शन को अन्यत्र ले जाया जा सके तथा शिफ्टिंग की जा सके;		
3.	पद्धति नियम पुस्तिका (एमओपी) का प्रकाशन		
4.	उपभोक्ता चार्टर का प्रकाशन		
5.	वेबसाइटों की स्थापना करना, जिनमें सेवा से संबंधित जानकारी अंतर्विष्ट हो, शिकायत केन्द्र से संबंधित ब्यौरा, शिकायत निवारण प्रणाली, शिकायत निगरानी प्रणाली, नागरिक चार्टर, नोडल अधिकारी आदि से जुड़ी जानकारी अंतर्विष्ट हो।		
6.	(क) निम्न हेतु शिकायत केन्द्र की स्थापना करना :–		यदि यह उत्तदायित्व एमएसओ को दिया जाता है तो एमएसओ, एलसीओ को शिकायत केन्द्र का ब्यौरा उपलब्ध करायेगा

	(i) सब्सक्राइबर के सेवा अनुरोधों का समाधान करना, (ii) सब्सक्राइबर की शिकायतों का निपटान (ख) वेब आधारित शिकायत निगरानी प्रणाली की स्थापना। (ग) निशुल्क उपभोक्ता देखभाल नम्बर उपलब्ध कराना तथा उसका प्रचार। (घ) उपभोक्ताओं द्वारा दायर की गई सभी शिकायतों का शिकायत निवारण विनियम में यथा उपबंध का रखरखाव करना।		ताकि सब्सक्राइबर को आगे उसकी जानकारी प्रदान की जा सके।
7.	सेवा में व्यवधान के कारण सब्सक्राइबर को छूट तथा कटौती प्रणाली को विनिर्दिष्ट करना तथा ऐसी योजना के बारे में जागरूकता पैदा करना।		
8.	(क) सब्सक्राइबर को एसटीबी प्राप्त करने तथा वापस करने हेतु जानकारी उपलब्ध कराना तथा तत्सबंधी लागू वारंटी/मरम्मत की नीति के बारे में जानकारी देना। (ख) आवेदकों/सब्सक्राइबर को एमओपी सहित आवेदन प्ररूप उपलब्ध कराना; और (ग) आवेदकों/सब्सक्राइबर से निम्न हेतु आवेदन प्ररूप प्राप्त करना :– (i) केबल टेलीविजन सेवाओं के कनेक्शन, पुनर्कनेक्शन, अतंरण तथा शिफ्टिंग; (ii) सेट टॉप बॉक्स को प्राप्त		जिस पक्ष को यह उत्तरदायित्व सौंपा गया है वह प्रत्येक मामले में आवेदन प्राप्त होने से 24 घंटे के अंदर सब्सक्राइबर प्रबंधन प्रणाली (एसएमएस) में जानकारी को अद्यतन करेगा।

	करने तथा वापस करने हेतु; (घ) आवेदन प्रारूप की नकली प्रति को आवेदन की प्राप्ति की पावती स्वरूप आवेदक/सब्सक्राइबर को वापस करना। (ड.) आवेदन प्राप्त होने के 02 दिनों के अंदर आवेदन प्रारूप में कमियों और त्रुटियों के संबंध में आवेदक को लिखित में जानकारी देना। (च) जहां आवेदक द्वारा कतिपय सेवाओं के संबंध में अनुरोध किया गया हो तथा कनेक्शन उपलब्ध कराना, पुनर्कनेक्शन उपलब्ध कराना, सेवा को अन्यत्र शिफ्ट करना अथवा सेट टॉप बॉक्स को अन्य स्थान पर ले जाना तकनीकी तथा प्रचालनात्मक रूप से व्यवहारिक न हो तो आवेदक को तकनीकी अथवा प्रचालनात्मक अव्यवहार्यता के बारे में आवेदन किये जाने के दो दिनों के भीतर जानकारी देना।		
9.	आवेदक हेतु यूनिक पहचान संख्या (यूआईएन) जारी करना		एसएमएस से यूआईएन का सृजन किया जायेगा। यदि एलसीओ को उत्तरदायित्व सौंपा जाता है तो एमएसओ द्वारा एसएमएस के संगत भाग तक एलसीओ को पहुंच उपलब्ध कराई जानी चाहिए।
10.	सब्सक्राइबर के भवन में एसटीबी की संस्थापना तथा एसएमएस द्वारा उसे सक्रिय किया जाना		यदि एलसीओ को उत्तरदायित्व सौंपा जाता है तो एमएसओ को एसटीबी को सक्रिय करने के लिए एसएमएस के संगत भाग तक पहुंच उपलब्ध करानी चाहिए।
11.	एसटीबी की संस्थापना तथा सक्रिय किए जाने में विलंब हेतु सब्सक्राइबर को छूट प्रदान करना		

12.	केबल सेवा को बंद करने अथवा कनेक्शन समाप्त करने के संबंध में 15 दिनों का अंतिम नोटिस जारी करना जिसमें सेवाओं को इस प्रकार बंद करने, कनेक्शन समाप्त करने के कारणों को दर्शाया गया हो।		
13.	सेवा को एसएमएस के माध्यम से बंद करने अथवा कनेक्शन समाप्त करने के लिए सब्सक्राइबर से अनुरोध की प्राप्ति		
14.	सब्सक्राइबर से सब्सक्रिप्शन पेकेज में परिवर्तन करने हेतु अनुरोध प्राप्त होने पर एसएमएस के माध्यम से इसका निष्पादन		
15.	निरोधात्मक रखरखाव हेतु सिग्नलों को बंद किये जाने के संबंध में सब्सक्राइबर को नोटिस		
16.	सेवा की गुणवत्ता विनियमों के मानकों के अनुरूप उपभोक्ता शिकायतों का निपटान		पक्षों को प्राप्त शिकायतों को तुरंत वेब आधारित शिकायत निगरानी प्रणाली में अद्यतन किया जाएगा ताकि पक्षों द्वारा समय पर अनिवार्य उपचारात्मक कार्रवाई की जा सके तथा इनकी शिकायतकर्ता द्वारा निगरानी की जा सके।
17.	सेवा की गुणवत्ता के मानदण्डों के अनुरूप उपभोक्ता की शिकायत का निपटानः– (i) 'सिग्नल नहीं है' से संबंधित; (ii) 'एसटीबी' से संबंधित; (iii) सब्सक्राइबर के बिलिंग तथा प्राप्तियों से संबंधित; (iv) कोई अन्य शिकायत।		एलसीओ द्वारा जिन शिकायतों का समाधान किया जाएगा, उन्हें वेब आधारित शिकायत निगरानी प्रणाली में अद्यतन किया जाएगा।
18.	उपभोक्ता शिकायत निवारण		

	विनियम के उपबंधों के अनुरूप नोडल अधिकारी का पदनाम		
19.	प्राधिकरण से प्राप्त शिकायतों के समाधान के बारे में सब्सक्राइबर को जानकारी		
20.	सिस्टम द्वारा तैयार किये गये मदवार बिल का प्रकाशन तथा उन्हें सब्सक्राइबर तक पहुंचाया जाना		
21.	सब्सक्राइबर तक भुगतान रसीदों को पहुंचाया जाना		
22.	सब्सक्राइबर को इलेक्ट्रॉनिक पावती देना		
23.	छह माह की अवधि के अंदर किसी भी अवधि के लिए प्रीपेड बिलों के मामले में सेवा के वास्तविक उपयोग को दर्शाने वाले मद–वार उपयोग से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना		एलसीओ को प्राप्त जानकारी को तुरंत एसएमएस में अद्यतन किया जाएगा ताकि एमएसओ समय से सब्सक्राइबर को अपेक्षित ब्यौरा उपलब्ध करवा सके।
24.	सरकार को करों का भुगतान	**एमएसओ और/अथवा एलसीओ**	कर भुगतान उत्तरदायित्वों से संबंधित विशिष्ट ब्यौरे को करार पर हस्ताक्षर किये जाने के समय संबंधित कर प्राधिकरणों के नियमों तथा विनियमों के अनुसार साथ वाले स्थान में भरे जाने की आवश्यकता है।

नोटः– उपर्युक्त कॉलम संख्या (2) में उल्लिखित विभिन्न कर्त्तव्यों के उत्तरदायित्वों के संबंध में दोनों पक्ष आपस में सहमति बना सकते हैं और तदनुसार कॉलम संख्या (3) भरा जाए।

11. बिलिंग

11.1 सब्सक्राईबर हेतु _____ के नाम पर बिलिंग की जाएगी। तथापि, प्रत्येक पक्ष यह सुनिश्चित करेगा कि करों से संबंधित लागू कानून, नियम तथा विनियमों का अनुपालन किया जाए।

11.2 पक्ष, जिसके नाम पर, उपरोक्त खंड 11.1 में सब्सक्राइबर हेतु बिलिंग करने की सहमति हुई है, सब्सक्राइबरों द्वारा दिया गया सब्सक्रिप्शन फीस को ग्रहण करेगा। राजस्व हिस्सा, इस समझौते के खंड 12.1 के अनुसार, यह पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष से बीजक मिलने पर, दूसरे पक्ष को देगा।

12. एलसीओ तथा एमएसओ के बीच राजस्व निपटारा तथा संबंधित अधिकार और दायित्व

12.1 एलसीओ तथा एमएसओ के बीच निम्नानुसार राजस्व निपटारा किया जाएगाः–

(क) मूलभूत सेवा टीयर, फ्री–टु–एयर तथा फ्री–टु–एयर चैनलों के बुके के चैनलों के सब्सक्रिप्शन से संग्रहित प्रभार को एमएसओ तथा एलसीओ के बीच क्रमशः _____: _____ अनुपात में बांटा जाएगा।

(ख) खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट चेनलों अथवा चैनलों के बुके अथवा चैनलों तथा चैनलों के बुके से संग्रहित प्रभार एमएसओ तथा एलसीओ के बीच क्रमशः _____: _____, अनुपात में बांटा जाएगा।

नोटः–

आपसी सहमति के आधार पर करार के उन मामलों के लिए जहां एमएसओ तथा एलसीओ के कर्तव्य तथा उत्तरदायित्वों पर कालम (3) तथा खण्ड (10) के अनुसार सहमति है, इस खण्ड में आपसी करार के आधार पर उपर्युक्त रूप से संशोधन किया जा सकता है।

12.2*

(जब सब्सक्राइबर बिल एलसीओ के नाम पर हो और एलसीओ सब्सक्राइबर से सब्सक्रिप्शन फीस प्राप्त करता है।)

एमएसओ, एलसीओ द्वारा देय राशि के लिए, एलसीओ को मासिक बीजक जारी करेगा तथा ऐसे बीजक में स्पष्ट रूप से वर्तमान भुगतान देय तथा बकाया, यदि कोई हो तो, के साथ–साथ भुगतान की देय राशि का उल्लेख किया जाएगा जो कि सात दिनों से कम नहीं होगी। बकाया राशि हेतु किसी भी मांग के साथ उस अवधि हेतु बीजकों को भेजे जाने का प्रमाण भी संलग्न किया जाए। विवरणों/बीजकों के अनुसार बिल की गई सभी राशियों का भुगतान उसमें उल्लिखित देय राशि की तिथि अथवा उससे पूर्व किया जाएगा।

अथवा

12.2*

(जब सब्सक्राइबर बिल एमएसओ के नाम पर हो और एमएसओ सब्सक्राइबर से सब्सक्रिप्शन फीस प्राप्त करता है।)

एमएसओ एलसीओ को सब्सक्राइबर बिल और भुगतान से संबंधित सारी जानकारी एलसीओ को प्रदान करेगा। एलसीओ, एमएसओ द्वारा देय राशि के लिए, एमएसओ को मासिक बीजक जारी करेगा तथा ऐसे बीजक में स्पष्ट रूप से वर्तमान भुगतान देय तथा बकाया, यदि कोई हो तो, के साथ–साथ भुगतान की देय राशि का उल्लेख किया जाएगा जो कि सात दिनों से कम नहीं होगी। बकाया राशि हेतु किसी भी मांग के साथ उस अवधि हेतु बीजकों को भेजे जाने का प्रमाण भी संलग्न किया जाए। विवरणों/बीजकों के अनुसार बिल की गई सभी राशियों का भुगतान उसमें उल्लिखित देय राशि की तिथि अथवा उससे पूर्व किया जाएगा।

(*प्रत्येक करार पर हस्ताक्षर किए जाने के समय जो लागू न हो उसे काट दें)

12.3 संबद्ध पक्ष सब्सक्राइबर से वसूली गई सब्सक्रिप्शन राशि के ब्यौरे को देय तिथि से 7 दिन के अंदर सब्सक्राइबर प्रबंधन प्रणाली में अद्यतन करेंगे।

13. भुगतान में चूक

13.1 इस करार के उपबंधों अथवा कानून के तहत दोनों पक्षों को प्राप्त ऐसे अधिकारों तथा उपचार पर बिना प्रतिकूल प्रभाव डाले, एमएसओ अथवा एलसीओ द्वारा देय राशि की संबंधित अंतिम तिथि अथवा उससे पूर्व भुगतान में विलम्ब अथवा भुगतान नहीं किए जाने पर एमएसओ अथवा एलसीओ, जैसा भी मामला हो, को अधिकार होगा कि वहः—

(i) सक्षम प्राधिकरण के लागू नियमों, विनियमों निदेशों अथवा आदेशों के अनुपालन के अधीन सेवाओं को बंद कर दे;

(ii) लागू कानूनों के अनुपालन के अधीन इस करार को समाप्त कर दे।

(iii) जिस तिथि को ऐसी राशि देय हो जाती है, उससे लेकर जिस तिथि तक राशि का वास्तव में भुगतान कर दिया जाता है, तक भारतीय स्टेट बैंक के आधारभूत ब्याज की दर में दो प्रतिशत जोड़कर साधारण ब्याज दर के अनुसार विलम्बित भुगतान की वसूली करे।

13.2 उस स्थिति में जब कोई पक्ष ने विगत में लगातार तीन माह तक भुगतान करने में चूक की हो तो दूसरे पक्ष को ब्याज मुक्त जमा राशि की मांग करने का अधिकार होगा जो कि बीते 6 माह की बिलिंग राशि कुल औसत राशि से अधिक नहीं होगा जिसे करार की शेष अवधि के लिए बनाए रखा जाएगा।

13.3 उपर्युक्त खण्ड 13.1 में यथा उल्लिखित सेवा को समाप्त किए जाने पर, चाहे वह इस करार के समाप्त किए जाने पर की गई हो, अथवा नहीं, चूककर्ता पक्ष को भविष्य में उसके द्वारा भुगतान की जाने वाली संपूर्ण राशि को जमा करना होगा। करार को समाप्त किए जाने पर तीस दिनों के अंदर लेखा जोखा का निपटान किया जाएगा तथा किसी भी पक्ष द्वारा विलम्ब से किए जाने वाले भुगतान के लिए दूसरे पक्ष द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के आधारभूत ब्याज दर के ऊपर दो प्रतिशत की दर से साधारण ब्याज का भुगतान किया जाएगा।

14. वचन

14.1 प्रत्येक पक्ष, दूसरे पक्ष के स्वामित्व तथा उसके द्वारा संस्थापित सम्पत्ति के विशिष्ट स्वामित्व को मान्यता देगा तथा उस पर, उसका किसी भी स्वरूप का कोई अधिकार, दावा अथवा हित अथवा किसी भी स्वरूप का ग्रहणाधिकार नहीं होगा।

14.2 इस करार में अंतर्विष्ट किसी भी शर्त से कोई भी पक्ष किसी भी प्रयोजनार्थ दूसरे पक्ष का एजेन्ट अथवा भागीदार अथवा प्रतिनिधि नहीं बनेगा और किसी भी पक्ष को किसी अन्य पक्ष के नाम पर अथवा उसकी ओर से किसी भी प्रकार की देयताएं अथवा दायित्व, स्पष्ट अथवा अभिप्रेत, को ग्रहण करने, सृजन करने अथवा वहन करने का कोई अधिकार होगा तथा एमएसओ और एलसीओ के बीच संबंध, प्रधान से प्रधान आधार पर होगा।

14.3 दोनों पक्षों द्वारा यह स्पष्ट रूप से समझ लिया गया है कि ''_____'' लोगो (चिह्न), एमएसओ का पंजीकृत ट्रेडमार्क है तथा एलसीओ इस लोगो (चिह्न) का उपयोग, इस करार की अवधि के दौरान एमएसओ के केबल टेलीविजन नेटवर्किंग व्यापार के लाभ के लिए करेगा। एतद्द्वारा, एमएसओ द्वारा एलसीओ को उक्त लोगो

(चिह्न) के उपयोग हेतु केबल के व्यापार के संबंध में तथा उक्त सीमा तक उपयोग करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

14.4 दोनों पक्षों द्वारा यह स्पष्ट रूप से समझ लिया गया है कि ''_____'' लोगो (चिह्न), एलसीओ का पंजीकृत ट्रेडमार्क है तथा एमएसओ इस लोगो (चिह्न) का उपयोग, इस करार की अवधि के दौरान एलसीओ के केबल टेलीविजन नेटवर्किंग व्यापार के लाभ के लिए करेगा। एतद्द्वारा, एलसीओ द्वारा एमएसओ को उक्त लोगो (चिह्न) के उपयोग हेतु केबल के व्यापार के संबंध में तथा उक्त सीमा तक उपयोग करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

14.5 प्रत्येक पक्ष द्वारा यह स्पष्ट रूप से समझ लिया गया है तथा स्वीकार किया जाता है कि उसकी अपनी केबल टेलीविजन सेवा हेतु अथवा दूसरे पक्ष द्वारा सहमति वापस लिए जाने के बाद दूसरे पक्ष की किसी बौद्धिक सम्पत्ति का उपयोग करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

14.6 यदि एलसीओ तथा एमएसओ, जैसा भी मामला हो, किसी अन्य पक्ष/व्यक्ति (तृतीय पक्ष) को संपूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से केबल टेलीविजन सेवा उपलब्ध कराने के इसके व्यापार में अपने हित का अंतरण करने का निर्णय लेता है तो एलसीओ अथवा एमएसओ, जैसा भी मामला हो, वह एलसीओ अथवा एमएसओ को पूर्व नोटिस देगा। पक्षों को इस प्रकार से अंतरण पर कोई आपत्ति नहीं होगी, यदि दूसरे पक्ष ने इस संविदा के तहत अपने दायित्वों का अनुपालन किया है तथा अपनी सभी देयताओं का भुगतान किया है।

बशर्ते कि, तथापि, ऐसा तृतीय पक्ष इस करार तथा अन्य वचन/बंधपत्रों की निबंधन और शर्तों के पालन करने के संबंध में एक अनुपालना विलेख को एमएसओ तथा एलसीओ, जैसा भी मामला हो, के संपूर्ण रूप से संतुष्ट होने तक हस्ताक्षर करेगा तथा निष्पादित करेगा ताकि इस करार के उपबंधों को प्रभावी बनाया जा सके।

14.7 एलसीओ को अपने डाक पंजीकरण प्रमाण पत्र को केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियम) अधिनियम, 1995 के अनुरूप नवीकृत बनाए रखना चाहिए ताकि डाक प्राधिकरण द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र की निबंधन और शर्तों का अनुपालन किया जा सके।

14.8 एमएसओ को केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियम) अधिनियम, 1995 के अनुरूप समय–समय पर अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र, को नवीकृत करके रखना चाहिए ताकि पंजीकरण की निबंधन और शर्तों का अनुपालन किया जा सके।

14.9 दोनो पक्ष केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994, समय–समय पर यथा संशोधित, में विहित कार्यक्रम संहिता तथा विज्ञापन संहिता का अनुपालन करेंगे।

14.10 दोनों पक्ष, देश में वर्तमान में लागू कानूनों, जो उन पर लागू हों, का अनुपालन करेंगे।

15. पायरेसी की रोकथाम

15.1 दोनों पक्ष न तो स्वयं पायरेसी अथवा हार्डवेयर अथवा तत्संबंधी किसी घटक में उपयोग की जाने वाली रिवर्स इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी में संलिप्त होंगे न ही किसी व्यक्ति को ऐसा करने देंगे, न ही वे इससे सृजित सिग्नलों के पुनर्प्रसारण हेतु एक मिनी हेड–एंड की स्थापना हेतु किसी उपकरण से जोड़े जाने वाले हार्डवेयर का उपयोग करेंगे।

15.2 किसी भी सब्सक्राइबर को किसी प्रकार से पायरेसी को बढ़ावा देते हुए पाये जाने पर को एमएसओ अथवा एलसीओ, जैसा भी मामला हो, द्वारा विधिवत् रूप से नोटिस देकर उसकी सेवाएं बंद कर दी जाएगी।

16. दावा परित्याग तथा क्षतिपूर्ति

16.1 किसी भी स्थिति में एमएसओ, एमएसओ के किसी कृत्य के कारण, किसी कार्यक्रम अथवा जानकारी के वचन के परिणामस्वरूप किसी प्रत्यक्ष अथवा परिणामी क्षति अथवा हानि अथवा सेवा में व्यवधान अथवा बाधा अथवा बंद किये जाने के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा, निराशा के परिणामस्वरूप होने वाले किसी प्रत्यक्ष, विशेष, अनुषंगी अथवा परिणामी क्षति के लिए एलसीओ के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

16.2 किसी भी स्थिति में एलसीओ, एलसीओ के किसी कृत्य के कारण किसी कार्यक्रम अथवा जानकारी के वचन के परिणामस्वरूप किसी प्रत्यक्ष अथवा परिणामी क्षति अथवा हानि अथवा सेवा में व्यवधान अथवा बाधा अथवा बंद किये जाने के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा, निराशा के परिणामस्वरूप होने वाले किसी प्रत्यक्ष, विशेष, अनुषंगी अथवा परिणामी क्षति के लिए एमएसओ के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

16.3 एलसीओ किसी तृतीय पक्ष अथवा किसी सब्सक्राइबर से किसी असुविधा, हानि अथवा एलसीओ की किसी चूक के कारण उन्हें पहुंचे क्षोभ अथवा एलसीओ की चूक के कारण करार के समाप्त होने अथवा सेवा के बंद होने के परिणामस्वरूप किसी दावे, कार्रवाई, कार्यवाहियों के लिये सभी लागत, व्यय तथा नुकसान के लिए एमएसओ की क्षतिपूर्ति करेगा।

16.4 एमसीओ किसी तृतीय पक्ष अथवा किसी सब्सक्राइबर से किसी असुविधा, हानि अथवा एमएसओ की किसी चूक के कारण उन्हें पहुंचे क्षोभ अथवा एमएसओ की चूक के कारण करार के समाप्त होने अथवा सेवा के बंद होने के परिणामस्वरूप किसी दावे, कार्रवाई, कार्यवाहियों के लिये सभी लागत, व्यय तथा नुकसान के लिए एलसीओ की क्षतिपूर्ति करेगा।

17. शासी विधि तथा विवाद निपटान

17.1 भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 द्वारा यथा अधिदेशित दोनों पक्ष, इस करार के परिणामस्वरूप पक्षों के बीच किसी दावे विवाद, अथवा मतभेद के संबंध में दूरसंचार विवाद निपटारा तथा अपीलीय अधिकरण, नई दिल्ली (**"टीडीसेट"**) के अलावा किसी अन्य न्यायालय अथवा न्यायिक अधिकरण/भारत में प्राधिकरण में कोई वाद दायर नहीं करेंगे अथवा व्यादेश अथवा अंतरिम आदेश प्राप्त नहीं करेंगे। दोनों पक्ष सहमत हैं कि पक्षों के बीच सभी विवादों को केवल टीडीसेट के समक्ष कार्यवाहियां दायर कर ही सुलझाया जायेगा।

18. अपरिहार्य घटना

18.1 एमएसओ अथवा एलसीओ द्वारा उनके किन्हीं दायित्वों के निर्वहन में असफल रहने पर, दूसरा पक्ष, अन्य पक्ष पर कोई दावा करने का हकदार नहीं होगा अथवा इसे इस करार का उल्लंघन नहीं माना जाएगा बशर्ते कि इस प्रकार की असफलता अपरिहार्य घटना के परिणामस्वरूप हुई हो। यदि अपरिहार्य घटना के माध्यम से इस करार में दी गई शर्तों के परिणामस्वरूप दायित्वों के निर्वहन में विलंब हो जाता है तो, ऐसे विलम्ब की अवधि को इस करार द्वारा विहित अवधि के परिकलन हेतु विचार नहीं किया जाएगा। अपरिहार्य घटना में ईश्वरीय कृत्य, भूकंप, ज्वार, तूफान, बाढ़, तड़ित, विस्फोट, आग लगना, तोड़—फोड़, संगरोध, महामारी, लूट—पाट, सिविल उपद्रव, आतंकवादी हमला, युद्ध जैसी स्थिति अथवा प्राधिकरणों द्वारा बनाए गए किसी कानून अथवा नियम और विनियम अथवा पक्षों के

पंजीकरण का रद्दीकरण अथवा पक्षों के औचित्यपूर्ण नियंत्रण से परे परिस्थितियां, जो किसी भी पक्ष को यहां परिकल्पित लेन–देन को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से आरंभ करने अथवा पूर्ण करने से बाधित करती है। इस प्रकार की अपरिहार्य घटना से प्रभावित पक्ष, इस प्रकार की घटना के होने के संबंध में तुरंत दूसरे पक्ष को जानकारी देंगे। दोनों पक्षों के बीच यह सहमति है कि किसी भी स्थिति में निधियों की कमी अपरिहार्य घटना नहीं होगी अथवा मानी जाएगी। यदि अपरिहार्य घटना की स्थिति एक माह से अधिक की अवधि तक जारी रहती है तो दोनों पक्ष करार के भावी निष्पादन पर निर्णय लेने के लिए बैठक करेंगे। यदि दोनों पक्ष भावी निष्पादन हेतु योजना पर सहमत नहीं हो पाते हैं तो करार को किसी एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को एक माह का नोटिस देकर, जोकि एक माह की अवधि पर समाप्त हो जाएगा, करार को समाप्त कर दिया जाएगा।

18.2 अपरिहार्य घटना के आरंभ होने से पूर्व किसी पक्ष के प्रोद्भूत भुगतान दायित्व ऐसी अपरिहार्य घटना के कारण करार की समाप्ति पर भी यथावत बना रहेगा।

19. नोटिस

19.1 किसी भी पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को प्रारंभ में उल्लिखित पते अथवा ऐसे परिवर्तित पते पर, जिसकी पक्ष जानकारी दे, वैध रूप से भेजा गया नोटिस माना जाएगा, यदि इसे पंजीकृत डाक पावती देय (आरपीएडी) अथवा डाक विभाग की स्पीड पोस्ट सेवा अथवा दस्ती द्वारा जिसकी विधिवत् रूप से पावती दी गई हो और दूसरे पक्ष द्वारा प्राप्ति की तिथि अथवा आरपीएडी से नोटिस भेजने की तिथि से सात दिन, जो भी पहले हो, ऐसे नोटिस की प्राप्ति की तिथि मानी जाएगी।

20. अंतरण हेतु निर्बंधन

20.1 कोई भी पक्ष दूसरे पक्ष के पूर्ण नेटवर्क अथवा उसके भाग को न तो हटायेगा, न विक्रय करेगा, समनुदेशित करेगा, बंधक रखेगा, अंतरण करेगा/किराये पर देगा अथवा विल्लंगमित करेगा। यदि कोई पक्ष किसी उपर्युक्त कृत्य में संलिप्त होता है तो उक्त कृत्य अवैध होगा तथा प्रारंभ से ही प्रभावहीन होगा और पक्ष भी लागू कानून के तहत किन्हीं कार्यवाही हेतु भागी होगा।

21. गोपनीयता

21.1 दोनों पक्ष एक दूसरे के कार्यों/व्यापार में भागीदारी करते हुए एक–दूसरे से प्राप्त जानकारी को पूर्णरूप से गोपनीय रखेंगे और इसे किसी ऐसे व्यक्ति के समक्ष उद्घटित नहीं करेंगे जो इस करार में पक्षकार नहीं है।

21.2 दोनों पक्ष अपने कर्मचारियों, अधिकारियों, परामर्शदाताओं, सहयोगियों, ठेकेदार, एजेन्टों, प्राधिकृत व्यक्तियों, तथा ऐसे ही व्यक्तियों को जिन्हें उपयुक्त जानकारी हो, को भी गोपनीयता की बाध्यता के दायित्व से आबद्ध करेंगे।

21.3 दोनों पक्ष, एतद्द्वारा सहमत हैं कि सांविधिक प्राधिकरणों द्वारा मांगे जाने गोपनीय जानकारी का उद्घटन किया जा सकता है।

22. आशोधन

22.1 करार को लिखित के अलावा किसी अन्य पद्धति से आशोधित, फेरफार अथवा समाप्त नहीं किया जा सकता है। युक्तिका करार, अनुलग्नक, अनुसूचियां अथवा कोई अन्य दस्तावेज, चाहे जिस भी नाम से इसे जाना जाए, परंतु इसे करार के संबंध में निष्पादित किया गया हो, के साथ ही साथ करार में किसी भी परिवर्तन पर पक्षों द्वारा लिखित में आपस में सहमति होनी चाहिए तथा उसे पक्षों द्वारा अथवा उनकी ओर से निष्पादित किया जाना चाहिए।

23. बाध्यकारी प्रभाव

23.1 यह करार उपर्युक्त विषय पर पक्षों के बीच सभी पूर्व सहमतियों को आशोधित करता है और इसे दोनों पक्षों द्वारा लिखित के अलावा किसी भी अन्य पद्धति से संशोधित नहीं किया जाएगा। किसी अन्य विषय के संबंध में पक्षों (यदि कोई हो तो) किसी अन्य बोध अथवा इस करार के तहत सम्मिलित नहीं किए गए पक्षों के प्रोद्भूत अधिकार और दायित्व, यदि कोई हो, तो पूर्ण रूप से लागू तथा प्रभावी रहेंगे।

इसके साक्षी स्वरूप पक्षों ने उपर्युक्त तिथि माह तथा वर्ष में अपने हस्ताक्षर किए हैं।

एमएसओ की ओर से हस्ताक्षर किए गए।

(_____)

साक्षियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए

1. _____

2. _____

एलसीओ की ओर से हस्ताक्षर किए गए।

(_____)

साक्षियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए

1. _____

2. _____

नोटः मुख्तारनामा/प्राधिकार पत्र की स्वप्रमाणित प्रतियां, जिनके माध्यम से इस करार के हस्ताक्षरकर्ताओं को पक्षों की ओर से इस करार पर हस्ताक्षर करने तथा उसे निष्पादित करने के लिए प्राधिकृत किया गया है, को इस करार के साथ संलग्न किया जाएगा।

अनुसूची

परिभाषाएं तथा निर्वचन

क. परिभाषाएं

इस करार में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, निम्न शब्दों तथा वाक्यों का अर्थ होगा, जो नीचे दिया गया है:—

(क) **"अधिनियम"** का अभिप्राय भारतीय दूरसंचार प्राधिकरण अधिनियम, 1997 (1997 का 24), समय—समय पर यथा संशोधित अधिनियम से है;

(ख) **''एड्रेसेबल प्रणाली''** का अभिप्राय वही होगा जोकि इसे केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियम) अधिनियम, 1995 (1995 का सातवां), समय–समय पर यथा संशोधित अधिनियम में दिया गया है;

(ग) **''प्राधिकरण''** का अभिप्राय भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 की धारा 3 की उप–धारा (1) के तहत स्थापित भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण से है;

(घ) **''बुनियादी सेवा टीयर''** का वही अर्थ होगा, जो इसे टैरिफ आदेश में दिया गया है;

(ड.) **''बुके''** अथवा **''चैनलों के बुके''** का अभिप्राय अलग–अलग चैनलों के संयोजन से है, जिनकी एक साथ बंडल के रूप में पेशकश की जाती है;

(च) **''प्रसारक''** का अभिप्राय एक व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह अथवा कारपोरेट निकाय अथवा कोई अन्य संगठन अथवा निकाय से है, जो केन्द्र सरकार से अपने नाम में अपलिंकिग और डाऊनलिंकिग अनुमति प्राप्त कर, जैसा कि उसके चैनल के लिए लागू है, प्रोग्रामिंग सेवा उपलब्ध करवाता है ;

(छ) **''केबल सेवाएं** अथवा **केबल टेलीविजन सेवाएं''** का अभिप्राय कार्यक्रमों का केबल के माध्यम से प्रसारण है, जिसमें किसी प्रसारक टेलीविजन सिग्नलों का केबल द्वारा पुनर्प्रसारण शामिल है;

(ज) **''केबल टेलीविजन नेटवर्क अथवा केबल टेलीविजन नेटवर्क''** का अभिप्राय कोई प्रणाली है, जिसमें बंद पारेषण पथ तथा संबद्ध सिग्नल सृजन, नियंत्रण और संवितरण उपकरण शामिल हैं, जिसे बहु–सब्सक्राइबरों द्वारा प्राप्ति हेतु केबल सेवा उपलब्ध कराने के लिये तैयार किया गया है;

(झ) ''**चैनल** अथवा **टेलीविजन चैनल**'', जिसे निम्न के तहत पंजीकृत किया गया है:–

(i) दिनांक 02 दिसम्बर, 2005 की संख्या 1501/2/2002–टेलीविजन(I) (भाग) के माध्यम से भारत से अपलिंकिंग हेतु दिशानिर्देश।

(ii) दिनांक 11 नवम्बर, 2005 की संख्या 13/2/2002–बीपीएंडएल/बीसी–IV के माध्यम से जारी की गई टेलीविजन चैनलों की डाउनलिंकिंग हेतु नीतिगत दिशानिर्देश,.....

समय–समय पर यथा आशोधित अथवा टेलीविजन चैनलों के अपलिंकिंग तथा डॉऊनलिंकिंग हेतु ऐसे अन्य दिशानिर्देश, जिन्हें समय–समय पर भारत सरकार, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के द्वारा जारी किया गया और 'चैनल' शब्द के संबंध में किए गए किसी भी संदर्भ को ''चैनल अथवा टेलीविजन चैनल'' के संबंध में किया गया संदर्भ माना जाएगा।

(ञ) **''शिकायत केन्द्र''** का अभिप्राय मल्टी सिस्टम ऑपरेटर अथवा इसके संबद्ध स्थानीय केबल ऑपरेटर, जैसा भी मामला हो, द्वारा उपभोक्ता शिकायत निवारण अधिनियम के तहत स्थापित सुविधा;

(ट) **''उपभोक्ता शिकायत निवारण विनियम''** का अभिप्राय, समय–समय पर यथा संशोधित, दिनांक 14 मई, 2012 का उपभोक्ता शिकायत निवारण (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियां) विनियम, 2012 (2012 का तेरहवां) से है।

(ठ) **''सीटीएन अधिनियम''** का अभिप्राय समय–समय पर यथा आशोधित केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियम) अधिनियम, 1995 (1995 का सातवां) से है।

(ड) **''कूटबद्ध करना''** किसी केबल टेलीविजन नेटवर्क के सिग्नल के संबंध में कूटबद्ध करने का अभिप्राय ऐसे सिग्नल को एक प्रणालीबद्ध तरीके से परिवर्तित करना है ताकि किसी एड्रेसेबल प्रणाली के उपयोग के बिना सिग्नल का उपयोग नहीं किया जा सके और वाक्यांश ''अकूटबद्ध'' का तदनुसार अर्थ होगा;

(ढ) **''फ्री–टु–एयर–चैनल''** का समान अर्थ होगा, जो टैरिफ आदेश में विहित किया गया है।

(ण) **''हार्डवेयर''** का अभिप्राय एक मल्टी सिस्टम ऑपरेटर (एमएसओ) द्वारा अनुमोदित सेट टॉप बॉक्स, रिमोट तथा अन्य संबद्ध पुर्जों तथा सहायक उपकरणों से है ताकि कूटबद्ध रूप में पारेषित चैनलों के सिग्नलों को पढ़ा जा सके।

(त) **''हेड–एंड''** का अभिप्राय एक सुविधा से है, जिसमें उपग्रह, रीसीवर, मॉड्यूलेटर, कम्प्रेशन उपकरण, मल्टीप्लेक्सिस, और कन्डीशनल एक्सेस सुविधाएं अन्य पारेषण उपकरण शामिल हैं और उसमें एन्टीना भी शामिल होते हैं, जो उपग्रह और/अथवा स्थानीय स्टूडियों अथवा संबंद्ध एलसीओ के माध्यम से सब्सक्राइबर को पुनर्प्रसारण हेतु सिग्नल प्राप्त करते हैं।

(थ) **''अंतःसंयोजन विनियम''** का अभिप्राय समय–समय पर यथा संशोधित दिनांक 30.04.2012 के दूरसंचार (प्रसारण तथा केबल सेवाएं) अंतःसंयोजन (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियां) विनियम, 2012 से है।

(द) **''पद्धति नियम पुस्तिका (एमओपी)''** का अभिप्राय सेवा की गुणवत्ता विनियम में संदर्भित पद्धति से है।

(ध) **''नोडल अधिकारी''** का अभिप्राय मल्टी–सिस्टम ऑपरेटर अथवा उसके संबद्ध स्थानीय केबल ऑपरेटर द्वारा उपभोक्ता शिकायत निवारण विनियम के तहत नियुक्त अथवा पदनामित अधिकारी से है।

(न) **''पे–चैनल''** का वही अर्थ होगा, जो उसे टैरिफ आदेश में दिया गया है।

(प) **''पायरेसी''** का अभिप्राय किसी व्यक्ति द्वारा किसी पद्धति अथवा तरीके से केबल टेलीविजन सिग्नल को अप्राधिकृत रूप से प्राप्त करना उसका पुनर्प्रसारण तथा पुनर्वितरण करना है, जिसमें असीमित रूप से किसी पुर्जे अथवा किसी सहायक उपकरण में छेड़–छाड़, उसकी सील के साथ छेड़–छाड़ करना अथवा हार्डवेयर का दुरुपयोग, प्रतिस्थापन, उसे हटाया जाना और/अथवा उसे अन्यत्र ले जाया जाना अथवा सेट–टॉप बाक्स से पहले अथवा उसके बाद किसी किसी डिकोडिंग, सिग्नल प्राप्त करने वाले उपकरण, रिर्काडिंग उपकरण(णों), नकली अथवा अप्राधिकृत उपकरणों का उपयोग करना अथवा कोई अन्य क्रियाकलाप करना, जिसके परिणामस्वरूप एमएसओ अथवा एलसीओ, जैसा भी मामला हो, के ट्रेडमार्क अथवा प्रतिलिप्याधिकार का उल्लंघन हो, है;

(फ) **''कार्यक्रम''** का अभिप्राय कोई टेलीविजन प्रसारण है, जिसमें :–

(i) चलचित्रों, वृत्तचित्रों, नाटकों, विज्ञापनों तथा धारावाहिकों का प्रदर्शन;

(ii) कोई भी श्रव्य और दृश्य अथवा श्रव्य–दृश्य सीधा कार्यक्रम अथवा प्रस्तुतिकरण; और

''प्रोग्रामिंग सेवा'' वाक्य का तदनुसार अर्थ लिया जाए;

(ब) **''सेवा की गुणवत्ता विनियम''** का अभिप्राय समय–समय पर यथा संशोधित दिनांक 14.05.2012 का सेवा की गुणवत्ता मानक (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियां) विनियम, 2012 (वर्ष 2012 का बाारहवां) से है;

(भ) **''सेट टॉप बॉक्स** अथवा **एसटीबी''** का अभिप्राय ऐसे उपकरण से है, जिसे टेलीविजन से जोड़ा जाता है अथवा वह टेलीविजन का एक भाग है, जो सब्सक्राइबर को एक एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियों के माध्यम से सब्सक्राइब किए गए चैनलों को कूटबद्ध तथा मिश्रित स्वरूप में प्राप्त करने में मदद करता है;

(म) **''स्मार्ट कार्ड''** का अभिप्राय मल्टी सिस्टम ऑपरेटर (एमएसओ) द्वारा हार्डवेयर के भाग विधिवत रूप से अनुमोदित कार्ड से है, जो किसी सब्सक्राइबर को केबल टेलीविजन चैनल के सिग्नल तक पहुंचने हेतु सक्षम बनाता है;

(य) **''सब्सक्राइबर''** का अभिप्राय किसी व्यक्ति से है, जो किसी मल्टी सिस्टम आपरेटर अथवा केबल ऑपरेटर, जैसा भी मामला हो, को उसके द्वारा बताए स्थान पर बिना सिग्नलों का किसी व्यक्ति, जिसमें जबतक कि विशिष्ट रूप से वर्जित न किया जाए, साधारण सब्सक्राइबर तथा वाणिज्यिक सब्सक्राइबर शामिल है, को पुनर्प्रसारण किए सिग्नलों को प्राप्त करता हो;

''संदेह का निराकरण करने हेतु यह स्पष्ट किया जाता है कि किसी भवन में संस्थापित प्रत्येक सेट–टॉप बाक्स को एक सब्सक्राइबर माना जाएगा।''

(यक) **''सब्सक्राइबर प्रबंधन प्रणाली** अथवा **एसएमएस''** का अभिप्राय एक प्रणाली अथवा उपकरण से है, जो सब्सक्राइबर के अभिलेखों तथा ब्यौरे का उसके नाम, पते तथा अन्य जानकारियां यथा सब्सक्राइबर द्वारा उपयोग किये जा रहे हार्डवेयर, सब्सक्राइबर द्वारा सब्सक्राइब किये जा रहे चैनलों के बुके, ऐसे चैनलों का मूल्य अथवा प्रणाली में यथा परिभाषित चैनलों का बुके, किसी चैनल अथवा चैनलों के बुके हेतु सक्रिय किये जाने अथवा निष्क्रिय किये जाने की तिथि तथा समय, सब्सक्राइबर के रिकॉर्ड में की गई सभी कार्यवाहियों का लॉग, प्रत्येक सब्सक्राइबर के संबंध में तैयार किए गए बीजक तथा भुगतान की गई राशि अथवा प्रत्येक बिलिंग अवधि के लिए सब्सक्राइबर को प्रदान की गई छूट के संबंध में जानकारियों का भण्डारण करता है।

(यख) **''टैरिफ आदेश''** का अभिप्राय समय–समय पर यथा संशोधित दिनांक 21 जुलाई, 2010 का दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं (एड्रेसेबल प्रणालियां) टैरिफ आदेश, 2010 (वर्ष 2010 का पहला) से है।

(यग) **''ट्रंक लाइन''** का अभिप्राय कोएक्सियल/ऑप्टिक फाईबर केबल नेटवर्क तथा अन्य संबंद्ध उपकरण जैसे रीसिवर नोड्स, एम्प्लीफायर, स्पिल्टिर्स आदि से है, जिनके स्वामी तथा संस्थापनाकर्त्ता मल्टी सिस्टम केबल ऑपरेटर (एमएसओ) अथवा उसकी संबंद्ध कंपनियां होती हैं ताकि एलसीओ सहित विभिन्न एलसीओ के अंतिम उपभोक्ता तक विभिन्न एलसीओ को केबल टेलीविजन सिग्नलों का पारेषण किया जा सके ताकि वे संबंधित सब्सक्राइबरों का केबल टेलीविजन सिग्नलों का पुनर्प्रसारण कर सकें।

इस अंतःसंयोजन करार में उपयोग किए गए अन्य सभी शब्दों तथा वाक्य, जिनका निर्वचन नहीं किया गया है परंतु उसके तहत तथा केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियम) अधिनियम, 1995 (वर्ष 1995 का सातवां) और तत्संबध के तहत बनाए गए बनाए गए नियम तथा विनियम में परिभाषित किया गया है, उनका क्रमशः वही अर्थ होगा जो उन अधिनियमों, नियमों अथवा विनियमों, जैसा भी मामला हो, में दिया गया है।

ख. निर्वचन

इस करार में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो :

(क) इस करार में किसी एकवचन के संबंध में दिए गए किसी संदर्भ में बहुवचन तथा प्रतिलोमतः भी सम्मिलित होगा तथा किसी एक लिंग के संबंध में दिए गए संदर्भ में सभी लिंग सम्मिलित होंगे जबतक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो;

(ख) ''व्यक्ति'' शब्द में व्यक्ति विशेष, निगम, कारपोरेशन, भागीदारियां, व्यक्तियों के संघ तथा अन्य कंपनियां सम्मिलित हैं;

(ग) किसी अनुच्छेद, खण्ड, उप–खण्ड, परिशिष्ट, अनुलग्नकों के संबंध में किया गया कोई उल्लेख करार में उल्लिखित अनुच्छेद, खण्ड, उप–खण्ड, परिशिष्ट, अनुलग्नक माना जाएगा, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा उपबंध न हो;

(घ)'' माह'' के संबंध में किया संदर्भ का अभिप्राय एक कलेण्डर माह होगा;

(ङ) शीर्षक तथा नाम केवल संदर्भ की सुलभता के लिए हैं तथा इस करार के निर्वचन को प्रभावित नहीं करेंगे तथा किसी भी स्थिति में उन्हें शीर्षक से अलग रखकर इस प्रकार नहीं पढ़ा जाना चाहिए, जिससे ऐसा अर्थ निकले जो इस करार की विभिन्न खण्डों के निर्वचन के अनुकूल नहीं हो;

(च) विधि, विनियम, सांविधिक उपबंध, आदेश, दिशानिर्देश, नीति आदि के संबंध में किये गए किसी संदर्भ में समय–समय पर यथा आशोधित, संहिताबद्ध, संशोधित अथवा पुनः अधिनियमित ऐसे कानून अथवा विनियम अथवा उपबंध, आदेश, दिशानिर्देश, नीति आदि के संबंध में किया गया संदर्भ शामिल है।

अनुसूची–V

(विनियम 5 के उप–विनियम (13) के दूसरे परंतुक को संदर्भित)

मल्टी सिस्टम ऑपरेटर और स्थानीय केबल ऑपरेटर के बीच डिजिटल एड्रेसेबल प्रणालियों (डीएएस) के माध्यम से केबल टेलीविजन सेवाओं की पेशकश करने के लिए मानक अंतःसंयोजन करार

{1. इस करार के प्रत्येक पृष्ठ पर एमएसओ तथा एलसीओ के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।}

यह तकनीकी तथा वाणिज्यिक अंतःसंयोजन करार इसकी अनुसूचियों तथा अनुलग्नकों सहितः

प्रथम पक्ष, _____ जिनका पंजीकृत कार्यालय _____ में स्थित है, अन्य भाग में इसके प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता (जिसे इसके पश्चात् **''एमएसओ''** कहा जाएगा, जिस शब्द में जब तक कि संदर्भ अथवा तत्संबंधी अर्थ के प्रतिकूल न हो, इसके उत्तराधिकारी, समनुदेशिति, वारिस तथा निष्पादन सम्मिलित हैं।)

एमएसओ का दर्जा : व्यक्ति विशेष/फर्म/कंपनी/व्यक्तियों का संघ/व्यक्तियों का निकाय (जो लागू न हो उसे काट दें अथवा व्यक्तियों के संघ/व्यक्तियों के निकाय की स्थिति में उपर्युक्त रूप से संशोधन करें।)

और

द्वितीय पक्ष, _____ जिनका पंजीकृत कार्यालय _____ में स्थित है, इसके प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता (जिसे इसके पश्चात् **''एलसीओ''** कहा जाएगा, जिस शब्द में जब तक कि संदर्भ अथवा तत्संबंधी अर्थ के प्रतिकूल न हो, इसके उत्तराधिकारी, समनुदेशिति, वारिस तथा निष्पादन सम्मिलित हैं।)

एलसीओ का दर्जा : व्यक्ति विशेष/फर्म/कंपनी/व्यक्तियों का संघ/व्यक्तियों का निकाय (जो लागू न हो उसे काट दें अथवा व्यक्तियों के संघ/व्यक्तियों के निकाय की स्थिति में उपर्युक्त रूप से संशोधन करें।)

के बीच दिन _____ माह _____ 201_____ को निष्पादित किया गया।

एमएसओ तथा **एलसीओ** को इसके पश्चात् व्यक्तिगत रूप से 'पक्ष' कहा जाएगा तथा समग्र रूप से ''**पक्ष(क्षों)**'' कहा जाएगा।

जबकि,

(क) एमएसओ एक केबल ऑपरेटर होता है, जिसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 के तहत केन्द्र सरकार द्वारा केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियम) अधिनियम, 1995 की धारा 4क के तहत अधिसूचित _____ क्षेत्र में एड्रेसेबल प्रणालियों के माध्यम से केबल टेलीविजन उपलब्ध करवाने के लिए _____ दिनांक _____ का पंजीकरण संख्या प्रदान किया गया है।

(ख) एलसीओ एक केबल ऑपरेटर है, जिसे केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 के तहत _____ (क्षेत्र के नाम का उल्लेख करें) में केबल टेलीविजन सेवाएं प्रदान करने के लिए _____ मुख्य डाकघर (मुख्य डाकघर का नाम) में दिनांक _____ को पंजीकरण संख्या _____प्रदान किया गया है।

(ग) एलसीओ ने दिनांक_____ के पत्र संख्या_____ के माध्यम से टेलीविजन चेनलों हेतु सिग्नल उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध किया है तथा एमएसओ दिनांक_____के पत्र संख्या _____ के माध्यम से ऐसे एलसीओ को टेलीविजन चैनलों के लिए सिग्नल उपलब्ध कराने को सहमत हो गया है।

(घ) क्षेत्र : इस करार के संदर्भ में क्षेत्र _____ है [उस क्षेत्र(त्रों)/शहर (रों)/जिला(लों)/राज्य(यों) के नाम का उल्लेख करें जिसके लिए इस करार पर हस्ताक्षर किए जा रहे हैं।]

(ङ) दोनों पक्ष, प्रधान से प्रधान आधार पर तथा गैर–अनन्य आधार पर क्षेत्र में टेलीविजन चैनलों के संवितरण के संबंध में भूमिका, उत्तरदायित्व, अधिकार, दायित्व, तकनीकी तथा वाणिज्यिक व्यवस्थाओं को शासित करने के लिए आपस में इसे करार निष्पादित करने के लिए सहमत हुए हैं।

(च) दोनों पक्ष इस बात पर भी आपस में सहमत हैं कि दोनों पक्षों के बीच किसी सम्पत्ति/ परिसम्पत्तियों के लेन–देन सहित प्रत्येक लेन–देन को लिखित में तथा अन्य सत्यापन योग्य तरीकों के माध्यम से किया जाएगा।

अब इसलिए, उपर्युक्त तथा इनमें अंतर्विष्ट प्रसंविदा पर विचार करते हुए, दोनों पक्ष निम्नानुसार सहमत हैं:–

1. परिभाषाएं

इस करार में उपयोग किए गए शब्द तथा वाक्यों का अर्थ, उन्हें इस करार की अनुसूची में दिया गया अर्थ होगा। इस अंतःसंयोजन करार में उपयोग किए गए परंतु परिभाषित नहीं किए गए और इसके तहत अधिनियम तथा नियम तथा विनियम में परिभाषित अथवा केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियम) अधिनियम, 1995 (1995 का सातवां) में परिभाषित अन्य शब्दों तथा वाक्यों का वही अर्थ होगा, जो उन्हें उन अधिनियमों अथवा नियमों और विनियमों, जैसा मामला हो, में दिया गया है।

2. करार की शर्तें

2.1 करार, _____ (दिनांक/माह/वर्ष) से प्रभावी होगा तथा _____ (दिनांक/माह/वर्ष) अथवा एमएसओ अथवा एलसीओ के पंजीकरण की समाप्ति की तिथि, जैसा भी मामला हो, जो भी पहले हो, अथवा करार की शर्तों के अनुरूप किसी भी पक्ष द्वारा समाप्त कर दिये जाने तक प्रभावी रहेगा।

2.2 करार की अवधि को पक्षों द्वारा आपस में सहमत निबंधन और शर्तों पर लिखित में दर्ज करके आगे बढ़ाया जा सकता है बशर्ते कि विस्तारित अवधि एमएसओ अथवा एलसीओ के पंजीकरण की अवधि की अंतिम तिथि, जो भी पहले हो, से अधिक न हो।

3. करार को समाप्त करना

3.1 किसी भी पक्ष को निम्न स्थिति में दूसरे पक्ष को 21 दिन का लिखित में अग्रिम नोटिस देकर करार को समाप्त करने का अधिकार होगाः—

(i) किसी पक्ष द्वारा करार की शर्तों के तात्विक उल्लंघन किये जाने की स्थिति में, जिसे एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को पंद्रह (15) दिनों के लिखित में दिए जाने हेतु अपेक्षित समय—सीमा के भीतर संसाधित नहीं किया गया हो; अथवा

(ii) शोधन अक्षमता, दिवालिया होने अथवा किसी दूसरे पक्ष की परिसंपत्तियों पर प्रापक की नियुक्ति; अथवा

(iii) दूसरा पक्ष पायरेसी करे, अथवा उसकी अनुमति दे अथवा किसी पक्ष को चैनल पर उपलब्ध कराई गई ऐसी प्रोग्रामिंग सेवा को चलाने के लिए किसी व्यक्ति को प्रलोभन दे जोकि समय—समय पर यथा संशोधित केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 में विहित कार्यक्रम तथा विज्ञापन संहिता का उल्लंघन हो।

3.6 एमएसओ द्वारा क्षेत्र में टेलीविजन चैनलों सिग्नलों के पुनर्प्रसारण के व्यापार को बंद किए जाने पर एलसीओ को करार समाप्त करने का अधिकार होगा।

3.7 एलसीओ द्वारा द्वारा क्षेत्र में अपने केबल टेलीविजन व्यापार को बंद किए जाने पर एमएसओ को करार को समाप्त करने का अधिकार होगा।

3.8 यदि किसी कारणवश, एमएसओ क्षेत्र में टेलीविजन के पुनर्प्रसारण के व्यापार को बंद करने का निर्णय लेता है तो वह एलसीओ को इस प्रकार सेवा बंद करने के कारणों का उल्लेख करते हुए कम से कम 90 दिन पूर्व लिखित नोटिस देगा।

3.9 यदि एलसीओ, सब्सक्राइबर को टेलीविजन सिग्नल उपलब्ध कराने के व्यापार को बंद करने का निर्णय लेता है तो, वह एमएसओ को इस प्रकार सेवा बंद करने के कारणों का उल्लेख करते हुए कम से कम 90 दिन पूर्व लिखित नोटिस देगा।

4. करार समाप्त करने और करार के समाप्त होने का प्रभाव :

4.1 किसी भी पक्ष द्वारा करार समाप्त करने अथवा करार की अवधि की समाप्ति की स्थिति में, जैसा भी मामला हो, प्रत्येक पक्ष दूसरे पक्ष को करार की समाप्ति की तिथि तक दूसरे पक्ष को देय और बकाया सभी राशियों का भुगतान करेगा।

4.2 एलसीओ, करार की समाप्ति होने अथवा करार की अवधि पूर्ण होने के 15 दिनों के अंदर, जैसा भी मामला हो, यहां उल्लिखित उपबंधों की शर्तों के अनुरूप, एलसीओ की अभिरक्षा में रखी हुई एमएसओ की सभी सम्पत्तियों और परिसंपत्तियों को एमएसओ को सौंपेगा तथा एलसीओ की अभिरक्षा में रखी हुई एमएसओ की सभी सम्पत्तियों और परिसंपत्तियों को हुई हानि अथवा क्षति, यदि कोई हो तो, की इस संबंध में प्राप्त हुए नोटिस की प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर एलसीओ को भरपाई करेगा और एलसीओ द्वारा ऐसी परिसम्पत्तियों/आस्तियों का रखरखाव करने में अक्षम होने पर एलसीओ, एमएसओ को ऐसी परिसम्पत्तियों/आस्तियों के मूल्यह्रासित मूल्य का भुगतान करेगा।

4.3 एमएसओ, करार की समाप्ति होने अथवा करार की अवधि पूर्ण होने के 15 दिनों के अंदर, जैसा भी मामला हो, यहां उल्लिखित उपबंधों की शर्तों के अनुरूप, एमएसओ की अभिरक्षा में रखी हुई एलसीओ की सभी सम्पत्तियों और परिसंपत्तियों को एलसीओ को सौंपेगा तथा एमएसओ की अभिरक्षा में रखी हुई एलसीओ की सभी सम्पत्तियों और परिसंपत्तियों को हुई हानि अथवा क्षति, यदि कोई हो तो, की इस संबंध में प्राप्त हुए नोटिस की प्राप्ति के तीस (30) दिनों के अंदर एलसीओ को भरपाई करेगा और एमएसओ द्वारा ऐसी परिसम्पत्तियों/आस्तियों का रखरखाव करने में अक्षम होने पर एमएसओ, एलसीओ को ऐसी परिसम्पत्तियों/आस्तियों के मूल्यह्रासित मूल्य का भुगतान करेगा।

स्पष्टीकरण : उपर्युक्त खण्ड 4.2 तथा 4.3 की एमएसओ तथा एलसीओ के हार्डवेयर अथवा सब्सक्राइबर के भवन में संस्थापित अन्य उपस्करों, जैसा भी मामला हो, के संबंध में कोई अनुप्रयोज्यनीयता नहीं होगी।

4.5 यदि एलसीओ अथवा एमएसओ, जैसा भी मामला हो, उक्त विनिर्धारित अवधि के अंदर ऐसी सम्पत्तियों अथवा परिसंपत्तियों को सौंपने अथवा उन्हें पहुंची हानि अथवा क्षति की भरपाई करने में सक्षम नहीं हो पाता है तो चूक कर्ता पक्ष इसके मूल्यह्रासित मूल्य पर भारतीय स्टेट बैंक के आधारभूत ब्याज दर के दो प्रतिशत के ऊपर की साधारण ब्याज दर पर भुगतान करने हेतु बाध्य होगा।

5. सेवा को उपलब्ध कराया जाना

5.1 एमएसओ इस करार की शर्तों के अनुरूप संबंधित प्राधिकरणों के मौजूदा मानदण्डों, नीतियों, लागू कानूनों तथा नियमों और विनियमों, निदेशों तथा आदेशों के अनुरूप गैर–अनन्य आधार पर टेलीविजन चैनलों के सिग्नल उपलब्ध कराएगा ताकि इसे क्षेत्र के सब्सक्राईबरों को पुनः प्रसारित किया जा सके।

5.2 एलसीओ, एमएसओ को अपने नेटवर्क तक गैर–अनन्य आधार पर पहुंच उपलब्ध कराएगा ताकि एमएसओ द्वारा उपलब्ध कराए गए टेलीविजन सिग्नलों को क्षेत्र में सब्सक्राईबरों तक पहुंचाया जा सके।

5.3 दोनों पक्ष लागू कानूनों तथा विनियमों के अनुरूप कड़ाई से केवल डिजीटल एड्रेसेबल प्रणाली के माध्यम से ही कूटबद्ध पद्धति द्वारा ही किसी चैनल, विषयवस्तु अथवा कार्यक्रम का अनिवार्य रूप से प्रसारण, पुनःप्रसारण करेंगे अथवा उसे प्रणाली के माध्यम से संवाहित करेंगे।

5.4 सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु इस करार के पक्षों के कर्त्तव्य तथा उत्तरदायित्व, इस करार के खण्ड 10 में अंतर्विष्ट हैं।

5.5 इस करार के खण्ड–10 में उल्लिखित कर्त्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों को ध्यान में रखते हुए एलसीओ तथा एमएसओ के बीच राजस्व निपटारे का इस करार में उल्लिखित खण्ड–12 में उल्लेख किया गया है।

6. एमएसओ के अधिकार

6.1 इस करार के तहत, एमएसओ के पास केबल टेलीविजन सेवाओं को प्रदान करने के लिए उपयोग किये गए अपने नेटवर्क के स्वामित्व का अधिकार बरकरार रहेगा और वह संपूर्ण अथवा नेटवर्क के किसी भाग का विस्तार/उन्नयन/परिवर्तन/प्रतिस्थापन/पुनः डिजाइन कर सकता है, बशर्ते कि इस प्रकार के क्रियाकलाप से सब्सक्राइबर को उपलब्ध कराई जा रही सेवा की गुणवत्ता (क्यूओएस) बाधित न हो अथवा उसमें किसी प्रकार की गिरावट न हो।

6.2 एमएसओ संबंधित प्राधिकरणों के मौजूदा मानदण्डों, नीतियों, लागू कानूनों और नियमों, विनियमों, निदेशों तथा आदेशों के अनुरूप टेलीविजन चैनलों के पुनर्प्रसारण हेतु प्रसारकों के साथ अंतःसंयोजन करार पर हस्ताक्षर करेगा।

6.3 एमएसओ को लागू कानूनों तथा विनियमों के अध्यधीन सब्सक्राइबर द्वारा भुगतान किये जाने हेतु प्रत्येक चैनल के अधिकतम खुदरा मूल्य को अंतिमरूप से विनिर्दिष्ट करने का अधिकार होगा

6.4 एमएसओ को उसकी व्यापारिक योजना तथा लागू मानदण्डों, नीतियों तथा लागू कानूनों तथा नियमों, विनियमों और टैरिफ आदेशों के अनुरूप नेटवर्क पर पेशकश किये जा रहे चैनलों/सेवाओं को पैकेज के रूप में प्रदान करने का अधिकार होगा।

6.5 एमएसओ को समय–समय पर प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित लागू टैरिफ आदेश तथा विनियमों के उपबंधों के अनुपालन में बुनियादी सेवा टीयर (बीएसटी) की दरों को विनिर्दिष्ट करने का अधिकार होगा।

6.6 एमएसओ को प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित लागू टैरिफ आदेशों के उपबंधों के अनुपालन में चैनलों के बुके की दरों, यदि एमएसओ द्वारा पेशकश किए गए हों तो, को विनिर्दिष्ट करने का अधिकार होगा।

6.7 एमएसओ को करार तथा लागू आदेशों और विनियमों के तहत अपने उत्तरदायित्वों की पूर्ति के प्रयोजनार्थ एलसीओ से सभी अपेक्षित जानकारी प्राप्त करने का अधिकार होगा।

7. एलसीओ के अधिकार

7.1 इस करार के तहत, एलसीओ के पास केबल टेलीविजन सेवाओं को प्रदान करने के लिए उपयोग किये गए अपने नेटवर्क के स्वामित्व का अधिकार बरकरार रहेगा और वह संपूर्ण अथवा नेटवर्क के किसी भाग का विस्तार/उन्नयन/परिवर्तन/प्रतिस्थापन/पुनः डिजाइन कर सकता है, बशर्ते कि इस प्रकार के क्रियाकलाप से

सब्सक्राइबर को अपने नेटवर्क पर उपलब्ध कराई जा रही सेवा की गुणवत्ता (क्यूओएस) बाधित न हो अथवा उसमें किसी प्रकार की अवनति न हो।

7.2 एलसीओ को करार तथा लागू आदेशों और विनियमों के तहत अपने उत्तरदायित्वों की पूर्ति के प्रयोजनार्थ एमएसओ से सभी अपेक्षित जानकारी प्राप्त करने का अधिकार होगा।

8. एमएसओ के दायित्व

8.1 एमएसओ चैनलों, बिलिंग साइकिलों अथवा प्रतिदायों हेतु व्यक्ति विशेष की प्राथमिकता को दर्ज कर तथा उपलब्ध करवाकर कार्यक्षम तथा त्रुटिमुक्त सेवाएं सुनिश्चित करने के लिये हेड–एंड, कन्डीशनल एक्सेस सिस्टम (सीएएस) तथा सब्सक्राइबर प्रबंधन प्रणाली (एसएमएस) को स्थापित करेगा तथा चालू करेगा।

8.2 एमएसओ, सब्सक्राइबर को पेशकश किए जाने वाले चैनलों, चैनलों के बुके, सब्सक्राइबर को पेशकश की जाने वाली सेवाओं के ब्यौरे के संबंध में आवश्यक तथा पर्याप्त जानकारी एलसीओ को उपलब्ध कराएगा।

8.3 एमएसओ सेवाएं उपलब्ध कराने, कर्तव्य और उत्तरदायित्व, राजस्व निपटान तथा सेवा की गुणवत्ता आदि के संबंध में एलसीओ की शिकायतों के निपटान हेतु वेब आधारित शिकायत निपटान प्रणाली उपलब्ध करवाएगा।

8.4 एमएसओ, पहले से सक्रिय एसटीबी जारी नहीं करेगा तथा उपभोक्ता आवेदन प्ररूप (सीएएफ) के ब्यौरे की सब्सक्राइबर प्रबंधन प्रणाली में प्रविष्टि करने के बाद ही एसटीबी को सक्रिय करेगा।

8.5 एमएसओ, देय प्रभारों पर प्रत्येक माह के लिये भुगतान किये जाने वाले प्रभारों अथवा प्रत्येक सब्सक्राइबर के लिये बिलिंग साइकिल के अनुसार बिलिंग साइकिल के समाप्त होने के तीन दिनों के अंदर नियमित आधार पर सब्सक्राइबरों के लिये बिलों को तैयार करेगा।

8.6 एमएसओ, करार तथा लागू आदेशों और विनियमों के तहत पक्षों द्वारा उत्तरदायित्वों के वहन के प्रयोजनार्थ अपने नियंत्रणाधीन एसएमएस के संगत भाग तक एलसीओ को एक्सेस उपलब्ध कराएगा।

8.7 एमएसओ पायरेसी अथवा ऐसे अन्य क्रियाकलापों में संलिप्त नहीं होगा, जिसके प्रभाव से और जिसके परिणामस्वरूप एलसीओ अथवा ऐसे प्रसारण से संबद्ध व्यक्तियों के ट्रेडमार्क अथवा प्रतिलिप्याधिकार का उल्लंघन अथवा अतिलंघन हो।

8.8 एमएसओ वर्तमान में लागू सभी संविधि अथवा कानूनों, अथवा वर्तमान में लागू किसी कानून के तहत जारी, प्रकाशित अथवा परिचालित किन्ही नियमों, संहिता, विनियमों, अधिसूचनाओं, परिपत्रों, दिशानिर्देशों, आदेशों, निदेशों आदि का अनुपालन करेगा।

8.9 एमएसओ ऐसा कोई कार्य अथवा कृत्य नहीं करेगा, जिसके परिणामस्वरूप इस करार के तहत केबल टेलीविजन सिग्नल के संबंध में एलसीओ के किसी अधिकार अथवा हित अथवा एलसीओ की किसी संपत्ति का अतिउलंघन हो अथवा उस पर प्रतिकूल पड़े।

8.10 एमएसओ संपूर्ण सिग्नल को सब्सक्राइबर के भवन में संस्थापित एसटीबी तक कूटबद्ध करने के लिए उत्तरदायी होगा।

8.11 एमएसओ, एलसीओ को तीन माह का अग्रिम नोटिस दिए बिना टेलीविजन चैनलों के सिग्नलों को बंद नहीं करेगा तथा अंतःसयोजन विनियमों में यथा परिकिल्पत, प्रस्तावित सेवाओं को बंद करने के कारणों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करेगा।

8.12 एमएसओ, सब्सक्राइबर हेतु ऑनलाइन भुगतान गेटवे, पूर्व भुगतान प्रणालियां तथा सब्सक्राइबर से भुगतान की प्राप्ति होने पर इलेक्ट्रॉनिक पावती हेतु सुविधा उपलब्ध करायेगा।

8.13 एमएसओ, एलसीओ को अनुरक्षण हेतु पहले से सक्रिय नहीं किए गए अतिरिक्त एसटीबी के रूप में अधिकतम 30 एसटीबी की अधिकतम सीमा के साथ उसके नेटवर्क पर सक्रिय कुल एसटीबी के कम से कम 2 प्रतिशत एसटीबी उपलब्ध कराएगा ताकि एसटीबी में किसी खराबी के कारण प्रभावित सेवाओं को त्वरित रूप बहाल किया जा सके। करार की अवधि के दौरान, अनुरक्षण हेतु अतिरिक्त एसटीबी की संख्या को बनाए रखा जाएगा।

8.14 एमएसओ, एलसीओ को पैकेज की संरचना अथवा सब्सक्राईबरों को पेशकश किए जा रहे खुदरा टैरिफ में प्रस्तावित परिवर्तनों के संबंध में कम से कम 15 दिन पहले जानकारी देगा।

8.15 एलसीओ की पूर्व सहमति के बिना एमएसओ को इस करार के तहत अपने किन्हीं अधिकारों अथवा दायित्वों को समनुदेशित करने अथवा अंतरण करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

9. एलसीओ के दायित्व

9.1 एलसीओ सब्सक्राइबरों से प्राप्त उपभोक्ता आवेदन प्ररूप (सीएएफ) की प्रति को 15 दिनों के अंदर एमएसओ को सौंपेगा।

9.2 एलसीओ, प्रत्येक सब्सक्राइबर द्वारा केबल टेलीविजन सेवाओं के लिए एलसीओ को भुगतान की गई बिल राशि के ब्यौरे को एसएमएस में प्रविष्टि करने के लिए उत्तरदायी होगा।

9.3 एलसीओ पायरेसी अथवा ऐसे अन्य क्रियाकलापों में संलिप्त नहीं होगा, जिसके प्रभाव से और जिसके परिणामस्वरूप एमएसओ अथवा ऐसे प्रसारण से संबद्ध व्यक्तियों के ट्रेडमार्क अथवा प्रतिलिप्याधिकार का उल्लंघन अथवा अतिलंघन हो।

9.4 एमएसओ की पूर्व सहमति के बिना एलसीओ को इस करार के तहत अपने किन्हीं अधिकारों अथवा दायित्वों को समनुदेशित करने अथवा अंतरण करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

9.5 एलसीओ सब्सक्राइबर से मौजूदा कनेक्शनों हेतु कनेक्शन काटने के आवेदन के माध्यम से तथा नए कनेक्शन के मामले में उपभोक्ता आवेदन प्ररूप के माध्यम से अनुरोध प्राप्त किए बिना एमएसओ के एसटीबी को किसी अन्य एमएसओ के एसटीबी से प्रतिस्थापित नहीं करेगा। नए सेट—टॉप बाक्स को नए उपभोक्ता आवेदन प्ररूप में दिए गए ब्योरे की नए एमएसओ के सब्सक्राइबर प्रबंधन प्रणाली में प्रविष्टि के पश्चात् ही सक्रिय किया जाएगा।

9.6 **एलसीओ :—**

(i) एमएसओ द्वारा बिना उसकी पूर्व सहमति के ऐसे किसी सिग्नल को प्रसारित, पुनर्प्रसारित नहीं करेगा, सिग्नलों के बीच में डालेगा अथवा आपस में नहीं मिलाएगा;

(ii) एमएसओ द्वारा प्रसारित किसी सिग्नल पर किसी वाणिज्यिक जानकारी अथवा विज्ञापन अथवा सूचना को नहीं डालेगा। इस प्रकार सिग्नल से की गई छेड़छाड़ अथवा सिग्नलों के बीच में किसी सूचना को डाले जाने को इस करार का उल्लंघन माना जाएगा तथा यह एमएसओ को कानून अथवा इस करार के तहत विहित ऐसा नोटिस देकर इस करार को समाप्त किये जाने का पर्याप्त आधार माना जाएगा।

(iii) एमएसओ द्वारा उपलब्ध कराए गए सिग्नलों में किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं करेगा साथ ही कोई डिकोडिंग, सिग्नल प्राप्त करन और रिकॉर्ड करने के उपस्कर(रों), नकली सेट टॉप बॉक्स अथवा स्मार्ट कार्ड अथवा ऐसे ही अन्य उपकरणों का उपयोग नहीं करेगा।

(iv) एमएसओ की लिखित अनुमति के बिना सील सहित हार्डवेयर में छेड़छाड़ अथवा फेर–बदल (सेट टॉप बॉक्स को नहीं खोलने के लिए लगाई गई सील) नहीं करेगा और स्मार्ट कार्ड अथवा सेट टॉप बॉक्स का दुरुपयोग नहीं करेगा, पुर्नस्थापन नहीं करेगा, नहीं हटायेगा अथवा अन्यत्र शिफ्ट नहीं करेगा, उन्हें उनके संबंधित मूल पते से नहीं हटायेगा।

(v) सेट टॉप बॉक्स की संस्थापना से पूर्व अथवा उसके पश्चात् एमएसओ द्वारा आपूर्ति किये गये/अनुमोदित सेट टॉप बॉक्स, स्मार्ट कार्ड तथा किसी अन्य उपकरण के अलावा कोई डिकोडिंग, सिग्नल प्राप्त करने वाले, रिकार्डिंग उपकरण(णों), नकली सेट टॉप बॉक्स(सों), स्मार्ट कार्ड(डों) का उपयोग नहीं करेगा तथा ऐसे सब्सक्राइबर के विरुद्ध एमएसओ द्वारा विनिर्दिष्ट कार्रवाई करेगा।

(vi) एमएसओ की लिखित अनुमति के बिना संबंधित मूल पतों से सील सहित हार्डवेयर में छेड़छाड़, उनमें फेरबदल, दुरुपयोग, पुर्नस्थापन तथा स्मार्ट कार्ड और सेट टॉप बॉक्स को हटाये जाने तथा अन्यत्र ले जाये जाने और उपयोग के संबंध में तुरंत जानकारी देगा तथा सेट टॉप बॉक्स से पहले अथवा उसके बाद किसी डिकोडिंग, सिग्नल प्राप्त करने वाले, रिकॉर्डिंग, उपस्कर(रों) नकली सेट टॉप बॉक्स(सों) तथा एमएसओ द्वारा आपूर्ति किये गये हार्डवेयर के अलावा किसी अन्य स्मार्ट कार्ड(डों), सेट टॉप बॉक्स(सों), स्मार्ट कार्ड(डों) के अलावा उपयोग किये जा रहे अन्य संस्थापित मद की जानकारी देगा तथा ऐसे सब्सक्राइबर के विरूद्ध एमएसओ द्वारा निर्देशित कार्रवाई करेगा।

9.7 एलसीओ केबल टेलीविजन सिग्नलों के आगे पुनर्प्रसारण हेतु किसी कंपनी को कनेक्शन उपलब्ध नहीं करवायेगा।

9.8 एलसीओ न ही केबल टेलीविजन सिग्नलों को रिकॉर्ड करेगा और तत्पश्चात् उनका पुनर्प्रसारण करेगा अथवा एमएसओ द्वारा प्रसारित किये जा रहे सिग्नलों अथवा ट्रंक लाइन को ब्लॉक करेगा अथवा उनमें परिवर्धन अथवा पुर्नस्थापन अथवा उनके साथ छेड़छाड़ नहीं करेगा और न ही किसी व्यक्ति को ऐसा करने देगा।

9.9 एलसीओ ऐसा कोई कार्य अथवा कृत्य नहीं करेगा, जिसके परिणामस्वरूप इस करार के तहत केबल टेलीविजन सिग्नल के संबंध में एमएसओ के किसी अधिकार अथवा हित अथवा एमएसओ की किसी संपत्ति का अति–उलंघन हो अथवा उस पर प्रतिकूल पड़े।

9.10 एलसीओ इस करार, लागू आदेशों और विनियमों के तहत पक्षों द्वारा उत्तरदायित्वों को पूर्ण किये जाने के प्रयोजनार्थ एमएसओ के नियंत्रणाधीन प्रणालियों तक पहुंच उपलब्ध करायेगा।

9.11 एलसीओ, एमसीओ को तीन सप्ताह का अग्रिम नोटिस दिए बिना टेलीविजन चैनलों के सिग्नलों को बंद नहीं करेगा, जिसमें वह दूरसंचार (प्रसारण तथा केबल टेलीविजन सेवाएं) अंतःसयोजन (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियां) विनियम, 2012 में यथा परिकिल्पत, प्रस्तावित सेवाओं को बंद करने के कारणों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करेगा।

10. एमएसओ तथा एलसीओ के कर्तव्य तथा उत्तरदायित्वः

क्रम सं.	कर्त्तव्य	टैरिफ आदेश के खंड 5 के परंतुक के अधीन समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने की स्थिति में उत्तरदायित्व	टिप्पणियां
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	सब्सक्राइबर द्वारा सेट टॉप बॉक्स (एसटीबी) प्राप्त करने तथा वापस करने हेतु योजनाओं का प्रकाशन तथा तत्संबंधी वारंटी/मरम्मत की नीति	**एमएसओ**	• एमएसओ एसटीबी को उपलब्ध कराने/एसटीबी को वापस करने, तत्संबंध पर लागू वारंटी/ मरम्मत संबंधी नीतिको अंतिम रूप देगा। तथापि, एमएसओ ऐसे ब्योरे को एलसीओ के साथ साझा करेगा। • एमएसओ चैनलों/सेवाओं के मूल्य निर्धारण, पैकेजिंग को अंतिम रूप देगा तथा ब्योरे को एलसीओ के साथ साझा करेगा। • एमएसओ, एमओपी की विषयवस्तु तथा उपभोक्ता चार्टर को अंतिम रूप देगा। ऐसे एमओपी तथा उपभोक्ता चार्टर दस्तावोजों की प्रतियों को एलसीओ के साथ साझा करेगा।
2.	सेवा की गुणवत्ता विनियमों की अनुसूची–I में यथा विनिर्दिष्ट आवेदनों के प्ररूप का निर्धारण करना ताकि केबल टेलीविजन सेवाओं हेतु कनेक्शन प्राप्त किया जा सके, सेवा बंद की जा सके, पुनः कनेक्शन प्राप्त किया जा सके, कनेक्शन को अन्यत्र ले जाया जा सके तथा शिफ्टिंग की जा सके;		
3.	पद्धति नियम पुस्तिका (एमओपी) का प्रकाशन		
4.	उपभोक्ता चार्टर का प्रकाशन		
5.	वेबसाइटों की स्थापना करना, जिनमें सेवा से संबंधित जानकारी अंतर्विष्ट हो, शिकायत केन्द्र से संबंधित ब्यौरा, शिकायत निवारण प्रणाली, शिकायत निगरानी प्रणाली, नागरिक चार्टर, नोडल अधिकारी आदि से जुड़ी जानकारी अंतर्विष्ट हो।	**एमएसओ**	

6.	(क) निम्न हेतु शिकायत केन्द्र की स्थापना करना :– (i) सब्सक्राइबर के सेवा अनुरोधों का समाधान करना, (ii) सब्सक्राइबर की शिकायतों का निपटान (ख) वेब आधारित शिकायत निगरानी प्रणाली की स्थापना। (ग) निशुल्क उपभोक्ता देखभाल नम्बर उपलब्ध कराना तथा उसका प्रचार। (घ) उपभोक्ताओं द्वारा दायर की गई सभी शिकायतों का शिकायत निवारण विनियम में यथा उपबंध रखरखाव करना।	**एमएसओ**	एमएसओ, एलसीओ को शिकायत केन्द्र का ब्यौरा उपलब्ध करायेगा ताकि सब्सक्राइबर को आगे उसकी जानकारी प्रदान की जा सके।
7.	सेवा में व्यवधान के कारण सब्सक्राइबर को छूट तथा कटौती प्रणाली को विनिर्दिष्ट करना तथा ऐसी योजना के बारे में जागरूकता पैदा करना।	**एमएसओ**	एमएसओ, एलसीओ को ऐसी योजना का ब्यौरा उपलब्ध करायेगा ताकि सब्सक्राइबर को आगे इसकी जानकारी प्रदान की जा सके।
8.	(क) सब्सक्राइबर को एसटीबी प्राप्त करने तथा वापस करने हेतु जानकारी उपलब्ध कराना तथा तत्संबंधी लागू वारंटी/मरम्मत की नीति के बारे में जानकारी देना। (ख) आवेदकों/सब्सक्राइबर को एमओपी सहित आवेदन प्ररूप उपलब्ध कराना; और (ग) आवेदकों/सब्सक्राइबर से निम्न हेतु आवेदन प्ररूप प्राप्त करना :– (i) केबल टेलीविजन सेवाओं के कनेक्शन, पुनर्कनेक्शन, अतंरण तथा शिफ्टिंग;	**एलसीओ**	एलसीओ प्रत्येक मामले में आवेदन प्राप्त होने से 24 घंटे के अंदर सब्सक्राइबर प्रबंधन प्रणाली (एसएमएस) में जानकारी को अद्यतन करेगा।

	(ii) सेट टॉप बॉक्स को प्राप्त करने तथा वापस करने हेतु; (घ) आवेदन प्ररूप की नकली प्रति को आवेदन की प्राप्ति की पावती स्वरूप आवेदक/सब्सक्राइबर को वापस करना। (ड.) आवेदन प्राप्त होने के 02 दिनों के अंदर आवेदन प्रारूप में कमियों और त्रुटियों के संबंध में आवेदक को लिखित में जानकारी देना। (च) जहां आवेदक द्वारा कतिपय सेवाओं के संबंध में अनुरोध किया गया हो तथा कनेक्शन उपलब्ध कराना, पुनर्कनेक्शन उपलब्ध कराना, सेवा को अन्यत्र शिफ्ट करना अथवा सेट टॉप बॉक्स को अन्य स्थान पर ले जाना तकनीकी तथा प्रचालनात्मक रूप से व्यवहारिक न हो तो आवेदक को तकनीकी अथवा प्रचालनात्मक अव्यवहार्यता के बारे में आवेदन किये जाने के दो दिनों के भीतर जानकारी देना।		
9.	आवेदक हेतु यूनिक पहचान संख्या (यूआईएन) जारी करना	**एलसीओ**	एसएमएस से यूआईएन का सृजन किया जायेगा। एमएसओ द्वारा एसएमएस के संगत भाग तक एलसीओ को पहुंच उपलब्ध कराई जानी चाहिए।
10.	सब्सक्राइबर के भवन में एसटीबी की संस्थापना तथा एसएमएस द्वारा उसे सक्रिय किया जाना	**एलसीओ**	एमएसओ को एसटीबी को सक्रिय करने के लिए एसएमएस के संगत भाग तक पहुंच उपलब्ध करानी चाहिए।
11.	एसटीबी की संस्थापना तथा सक्रिय किए जाने में विलंब हेतु सब्सक्राइबर को छूट प्रदान करना	**एमएसओ**	उन मामलों में जहां एलसीओ के कारण विलम्ब हुआ हो, ऐसे मामलों में एमएसओ, एलसीओ से छूट की राशि की वसूली कर

			सकता है।
12.	केबल सेवा को बंद करने अथवा कनेक्शन समाप्त करने के संबंध में 15 दिनों का अंतिम नोटिस जारी करना, जिसमें सेवाओं को इस प्रकार बंद करने, कनेक्शन समाप्त करने के कारणों को दर्शाया गया हो।	**एमएसओ**	एमएसओ सब्सक्राइबर को अग्रिम नोटिस जारी करने से पूर्व एलसीओ को लिखित में जानकारी प्रदान करेगा।
13.	सेवा को एसएमएस के माध्यम से बंद करने अथवा कनेक्शन समाप्त करने के लिए सब्सक्राइबर से अनुरोध की प्राप्ति	**एलसीओ**	एलसीओ तुरंत एसएमएस में जानकारी अद्यतन करेगा ।
14.	सब्सक्राइबर से सब्सक्रिप्शन पैकेज में परिवर्तन करने हेतु अनुरोध प्राप्त होने पर एसएमएस के माध्यम से इसका निष्पादन	**एलसीओ**	एलसीओ तुरंत एसएमएस में जानकारी अद्यतन करेगा।
15.	निरोधात्मक रखरखाव हेतु सिग्नलों को बंद किये जाने के संबंध में सब्सक्राइबर को नोटिस	**एमएसओ**	यदि एलसीओ द्वारा निरोधात्मक रखरखाव किया जाना हो तो वह एमएसओ को सूचित करेगा ताकि वह सब्सक्राइबरों को जानकारी दे सके।
16.	सेवा की गुणवत्ता विनियमों के मानकों के अनुरूप उपभोक्ता शिकायतों का निपटान	**एमएसओ**	पक्षों को प्राप्त शिकायतों को तुरंत वेब आधारित शिकायत निगरानी प्रणाली में अद्यतन किया जाएगा ताकि पक्षों द्वारा समय पर अनिवार्य उपचारात्मक कार्रवाई की जा सके तथा इनकी शिकायतकर्ता द्वारा निगरानी की जा सके।
17.	सेवा की गुणवत्ता के मानदण्डों के अनुरूप उपभोक्ता की शिकायत का निपटानः– (i) 'सिग्नल नहीं है' से संबंधित; (ii) 'एसटीबी' से संबंधित; (iii) सब्सक्राइबर के बिलिंग तथा प्राप्तियों से संबंधित; (iv) कोई अन्य शिकायत।	**एमसीओ का समग्र उत्तरदायित्व, एलसीओ के नेटवर्क में त्रुटियों को एलसीओ द्वारा ठीक किया जाएगा।**	एलसीओ द्वारा जिन शिकायतों का समाधान किया जाएगा, उन्हें वेब आधारित शिकायत निगरानी प्रणाली में अद्यतन किया जाएगा।

18.	उपभोक्ता शिकायत निवारण विनियम के उपबंधों के अनुरूप नोडल अधिकारी का पदनाम	**एमएसओ**	
19.	प्राधिकरण से प्राप्त शिकायतों के समाधान के बारे में सब्सक्राइबर को जानकारी	**एमएसओ**	
20.	सिस्टम द्वारा तैयार किये गये मदवार बिल का प्रकाशन तथा उन्हें सब्सक्राइबर तक पहुंचाया जाना	**एमएसओ**	उन मामलों में जहां सब्सक्राइबर के से एलसीओ भुगतान का संग्रहण करता है, उन मामलों में एलसीओ द्वारा प्राप्त भुगतान के ब्योरे को तुरंत एसएमएस में अद्यतन किया जाएगा ताकि सब्सक्राइबर के लिए इलेक्ट्रॉनिक पावती स्वतः ही सृजित हो जाए।
21.	सब्सक्राइबर तक भुगतान रसीदों को पहुंचाया जाना	**एमएसओ**	
22.	सब्सक्राइबर को इलेक्ट्रॉनिक पावती देना	**एमएसओ**	
23.	छह माह की अवधि के अंदर किसी भी अवधि के लिए प्रीपेड बिलों के मामले में सेवा के वास्तविक उपयोग को दर्शाने वाले मद–वार उपयोग से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना	**एमएसओ**	एलसीओ को प्राप्त जानकारी को तुरंत एसएमएस में अद्यतन किया जाएगा ताकि एमएसओ समय से सब्सक्राइबर को अपेक्षित ब्यौरा उपलब्ध करवा सके।
24.	सरकार को करों का भुगतान	**एमएसओ और/अथवा एलसीओ**	कर भुगतान उत्तरदायित्वों से संबंधित विशिष्ट ब्यौरे को करार पर हस्ताक्षर किये जाने के समय संबंधित कर प्राधिकरणों के नियमों तथा विनियमों के अनुसार साथ वाले स्थान में भरे जाने की आवश्यकता है।

11. बिलिंग

11.1 सब्सक्राइबर हेतु बिलिंग एमएसओ के नाम पर की जाएगी। तथापि, प्रत्येक पक्ष यह सुनिश्चित करेगा कि करों से संबंधित लागू कानून, नियम तथा विनियमों का अनुपालन किया जाए।

11.2 एमएसओ सब्सक्राइबरों द्वारा दिया गया सब्सक्रिप्शन फीस को ग्रहण करेगा। राजस्व हिस्सा, इस समझौते के खंड 12.1 के अनुसार, एमएसओ, एलसीओ से बीजक मिलने पर, एलसीओ को देगा।

12. एमएसओ तथा एलसीओ के बीच राजस्व निपटारा तथा संबंधित अधिकार और दायित्व

12.1 एमएसओ तथा एलसीओ के बीच निम्नानुसार राजस्व निपटारा किया जाएगाः—

(क) बुनियादी सेवा टीयर, फ्री–टु–एयर तथा फ्री–टु–एयर चैनलों के बुके के चैनलों के सब्सक्रिप्शन से संग्रहित प्रभार को एमएसओ तथा एलसीओ के बीच क्रमशः 55 : 45 के अनुपात में बांटा जाएगा।

(ख) खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट चैनलों अथवा चैनलों के बुके अथवा चैनलों तथा चैनलों के बुके से संग्रहित प्रभार एमएसओ तथा एलसीओ के बीच क्रमशः 65 : 35 अनुपात में बांटा जाएगा।

12.2 एमएसओ सब्सक्राइबर बिलिंग और भुगतान प्राप्ति से संबंधित पूरी सूचना एलसीओ के साथ साझा करेगा। एलसीओ, एमएसओ को भुगतान की जाने वाली देय राशि के लिए एमएसओ को मासिक बीजक(कों) जारी करेगा तथा ऐसे बीजक(कों) में स्पष्ट रूप से वर्तमान भुगतान देय राशि तथा बकाया राशि, यदि कोई हो तो, का भुगतान की अंतिम तिथि के साथ उल्लेख किया जाएगा, जो कि सात दिनों से कम नहीं होगी। बकाया राशि हेतु किसी भी मांग के साथ उस अवधि हेतु बीजकों को भेजे जाने का प्रमाण भी संलग्न किया जाए। बीजकों के अनुसार बिल की गई सभी राशियों का भुगतान उसमें उल्लिखित देय राशि हेतु अंतिम तिथि अथवा उससे पूर्व किया जाएगा।

12.3 संबंधित पक्ष सब्सक्राइबर से वसूली गई सब्सक्रिप्शन राशि के ब्यौरे को देय तिथि से 7 दिन के अंदर सब्सक्राइबर प्रबंधन प्रणाली में अद्यतन करेंगे।

13. भुगतान में चूक

13.1 इस करार के उपबंधों अथवा कानून के तहत दोनों पक्षों को प्राप्त ऐसे अधिकारों तथा उपचार पर बिना प्रतिकूल प्रभाव डाले, एमएसओ अथवा एलसीओ द्वारा देय राशि की संबंधित अंतिम तिथि अथवा उससे पूर्व भुगतान में विलम्ब अथवा भुगतान नहीं किए जाने पर एमएसओ अथवा एलसीओ, जैसा भी मामला हो, को अधिकार होगा कि वहः–

(i) सक्षम प्राधिकरण के लागू नियमों, विनियमों निदेशों अथवा आदेशों के अनुपालन के अधीन सेवाओं को बंद कर दे;

(ii) लागू कानूनों के अनुपालन के अधीन इस करार को समाप्त कर दे।

(iii) जिस तिथि को ऐसी राशि देय हो जाती है, उससे लेकर जिस तिथि तक राशि का वास्तव में भुगतान कर दिया जाता है, तक भारतीय स्टेट बैंक के आधारभूत ब्याज की दर में दो प्रतिशत जोड़कर साधारण ब्याज दर के अनुसार विलम्बित भुगतान की वसूली करे।

13.2 उस स्थिति में जब कोई पक्ष ने विगत में लगातार तीन माह तक भुगतान करने में चूक की हो तो दूसरे पक्ष को ब्याज मुक्त जमा राशि की मांग करने का अधिकार होगा जो कि बीते 6 माह की बिलिंग राशि कुल औसत राशि से अधिक नहीं होगा जिसे करार की शेष अवधि के लिए बनाए रखा जाएगा।

13.3 उपर्युक्त खण्ड 13.1 में यथा उल्लिखित सेवा को समाप्त किए जाने पर, चाहे वह इस करार के समाप्त किए जाने पर की गई हो, अथवा नहीं, चूककर्ता पक्ष को भविष्य में उसके द्वारा भुगतान की जाने वाली संपूर्ण राशि को जमा करना होगा। करार को समाप्त किए जाने पर तीस दिनों के अंदर लेखा जोखा का निपटान किया जाएगा तथा किसी भी पक्ष द्वारा विलम्ब से किए जाने वाले भुगतान के लिए दूसरे पक्ष द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के आधारभूत ब्याज दर के ऊपर दो प्रतिशत की दर से साधारण ब्याज का भुगतान किया जाएगा।

14. वचन

14.1 प्रत्येक पक्ष, दूसरे पक्ष के स्वामित्व तथा उसके द्वारा संस्थापित सम्पत्ति के विशिष्ट स्वामित्व को मान्यता देगा तथा उस पर, उसका किसी भी स्वरूप का कोई अधिकार, दावा अथवा हित अथवा किसी भी स्वरूप का ग्रहणाधिकार नहीं होगा।

14.2 इस करार में अंतर्विष्ट किसी भी शर्त से कोई भी पक्ष किसी भी प्रयोजनार्थ दूसरे पक्ष का एजेन्ट अथवा भागीदार अथवा प्रतिनिधि नहीं बनेगा और किसी भी पक्ष को किसी अन्य पक्ष के नाम पर अथवा उसकी ओर से किसी भी प्रकार की देयताएं अथवा दायित्व, स्पष्ट अथवा अभिप्रेत, को ग्रहण करने, सृजन करने अथवा वहन करने का कोई अधिकार होगा तथा एमएसओ और एलसीओ के बीच संबंध, प्रधान से प्रधान आधार पर होगा।

14.3 दोनों पक्षों द्वारा यह स्पष्ट रूप से समझ लिया गया है कि ''_____'' लोगो (चिह्न), एमएसओ का पंजीकृत ट्रेडमार्क है तथा एलसीओ इस लोगो (चिह्न) का उपयोग, इस करार की अवधि के दौरान एमएसओ के केबल टेलीविजन नेटवर्किंग व्यापार के लाभ के लिए करेगा। एतद्द्वारा, एमएसओ द्वारा एलसीओ को उक्त लोगो (चिह्न) के उपयोग हेतु केबल के व्यापार के संबंध में तथा उक्त सीमा तक उपयोग करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

14.4 दोनों पक्षों द्वारा यह स्पष्ट रूप से समझ लिया गया है कि ''_____'' लोगो (चिह्न), एलसीओ का पंजीकृत ट्रेडमार्क है तथा एमएसओ इस लोगो (चिह्न) का उपयोग, इस करार की अवधि के दौरान एलसीओ के केबल टेलीविजन नेटवर्किंग व्यापार के लाभ के लिए करेगा। एतद्द्वारा, एलसीओ द्वारा एमएसओ को उक्त लोगो (चिह्न) के उपयोग हेतु केबल के व्यापार के संबंध में तथा उक्त सीमा तक उपयोग करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

14.5 प्रत्येक पक्ष द्वारा यह स्पष्ट रूप से समझ लिया गया है तथा स्वीकार किया जाता है कि उसकी अपनी केबल टेलीविजन सेवा हेतु अथवा दूसरे पक्ष द्वारा सहमति वापस लिए जाने के बाद दूसरे पक्ष की किसी बौद्धिक सम्पत्ति का उपयोग करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

14.6 यदि एलसीओ तथा एमएसओ, जैसा भी मामला हो, किसी अन्य पक्ष/व्यक्ति (तृतीय पक्ष) को संपूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से केबल टेलीविजन सेवा उपलब्ध कराने के इसके व्यापार में अपने हित का अंतरण करने का निर्णय लेता है तो एलसीओ अथवा एमएसओ, जैसा भी मामला हो, वह एलसीओ अथवा एमएसओ को पूर्व नोटिस देगा। पक्षों को इस प्रकार से अंतरण पर कोई आपत्ति नहीं होगी, यदि दूसरे पक्ष ने इस संविदा के तहत अपने दायित्वों का अनुपालन किया है तथा अपनी सभी देयताओं का भुगतान किया है।

बशर्ते कि, तथापि, ऐसा तृतीय पक्ष इस करार तथा अन्य वचन/बंधपत्रों की निबंधन और शर्तों के पालन करने के संबंध में एक अनुपालना विलेख को एमएसओ तथा एलसीओ, जैसा भी मामला हो, के संपूर्ण रूप से संतुष्ट होने तक हस्ताक्षर करेगा तथा निष्पादित करेगा ताकि इस करार के उपबंधों को प्रभावी बनाया जा सके।

14.7 एलसीओ को अपने डाक पंजीकरण प्रमाण पत्र को केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियम) अधिनियम, 1995 के अनुरूप नवीकृत बनाए रखना चाहिए ताकि डाक प्राधिकरण द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र की निबंधन और शर्तों का अनुपालन किया जा सके।

14.8 एमएसओ को केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियम) अधिनियम, 1995 के अनुरूप समय–समय पर अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र, को नवीकृत करके रखना चाहिए ताकि पंजीकरण की निबंधन और शर्तों का अनुपालन किया जा सके।

14.9 दोनो पक्ष केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994, समय–समय पर यथा संशोधित, में विहित कार्यक्रम संहिता तथा विज्ञापन संहिता का अनुपालन करेंगे।

14.10 दोनों पक्ष, देश में वर्तमान में लागू कानूनों, जो उन पर लागू हों, का अनुपालन करेंगे।

15. पायरेसी की रोकथाम

15.1 दोनों पक्ष न तो स्वयं पायरेसी अथवा हार्डवेयर अथवा तत्संबंधी किसी घटक में उपयोग की जाने वाली रिवर्स इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी में संलिप्त होंगे न ही किसी व्यक्ति को ऐसा करने देंगे, न ही वे इससे सृजित सिग्नलों के पुनर्प्रसारण हेतु एक मिनी हेड–एंड की स्थापना हेतु किसी उपकरण से जोड़े जाने वाले हार्डवेयर का उपयोग करेंगे।

15.2 किसी भी सब्सक्राइबर को किसी प्रकार से पायरेसी को बढ़ावा देते हुए पाये जाने पर को एमएसओ अथवा एलसीओ, जैसा भी मामला हो, द्वारा विधिवत् रूप से नोटिस देकर उसकी सेवाएं बंद कर दी जाएगी।

16. दावा परित्याग तथा क्षतिपूर्ति

16.1 किसी भी स्थिति में एमएसओ, एमएसओ के किसी कृत्य के कारण, किसी कार्यक्रम अथवा जानकारी के वचन के परिणामस्वरूप किसी प्रत्यक्ष अथवा परिणामी क्षति अथवा हानि अथवा सेवा में व्यवधान अथवा बाधा अथवा बंद किये जाने के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा, निराशा के परिणामस्वरूप होने वाले किसी प्रत्यक्ष, विशेष, अनुषंगी अथवा परिणामी क्षति के लिए एलसीओ के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

16.2 किसी भी स्थिति में एलसीओ, एलसीओ के किसी कृत्य के कारण किसी कार्यक्रम अथवा जानकारी के वचन के परिणामस्वरूप किसी प्रत्यक्ष अथवा परिणामी क्षति अथवा हानि अथवा सेवा में व्यवधान अथवा बाधा अथवा बंद किये जाने के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा, निराशा के परिणामस्वरूप होने वाले किसी प्रत्यक्ष, विशेष, अनुषंगी अथवा परिणामी क्षति के लिए एमएसओ के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

16.3 एलसीओ किसी तृतीय पक्ष अथवा किसी सब्सक्राइबर से किसी असुविधा, हानि अथवा एलसीओ की किसी चूक के कारण उन्हें पहुंचे क्षोभ अथवा एलसीओ की चूक के कारण करार के समाप्त होने अथवा सेवा के बंद होने के परिणामस्वरूप किसी दावे, कार्रवाई, कार्यवाहियों के लिये सभी लागत, व्यय तथा नुकसान के लिए एमएसओ की क्षतिपूर्ति करेगा।

16.4 एमसीओ किसी तृतीय पक्ष अथवा किसी सब्सक्राइबर से किसी असुविधा, हानि अथवा एमएसओ की किसी चूक के कारण उन्हें पहुंचे क्षोभ अथवा एमएसओ की चूक के कारण करार के समाप्त होने अथवा सेवा के बंद होने के परिणामस्वरूप किसी दावे, कार्रवाई, कार्यवाहियों के लिये सभी लागत, व्यय तथा नुकसान के लिए एलसीओ की क्षतिपूर्ति करेगा।

17. शासी विधि तथा विवाद निपटान

17.1 भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 द्वारा यथा अधिदेशित दोनों पक्ष, इस करार के परिणामस्वरूप पक्षों के बीच किसी दावे विवाद, अथवा मतभेद के संबंध में दूरसंचार विवाद निपटारा तथा अपीलीय

अधिकरण, नई दिल्ली (**"टीडीसेट"**) के अलावा किसी अन्य न्यायालय अथवा न्यायिक अधिकरण/भारत में प्राधिकरण में कोई वाद दायर नहीं करेंगे अथवा व्यादेश अथवा अंतरिम आदेश प्राप्त नहीं करेंगे। दोनों पक्ष सहमत हैं कि पक्षों के बीच सभी विवादों को केवल टीडीसेट के समक्ष कार्यवाहियां दायर कर ही सुलझाया जायेगा।

18. अपरिहार्य घटना

18.1 एमएसओ अथवा एलसीओ द्वारा उनके किन्हीं दायित्वों के निर्वहन में असफल रहने पर, दूसरा पक्ष, अन्य पक्ष पर कोई दावा करने का हकदार नहीं होगा अथवा इसे इस करार का उल्लंघन नहीं माना जाएगा बशर्ते कि इस प्रकार की असफलता अपरिहार्य घटना के परिणामस्वरूप हुई हो। यदि अपरिहार्य घटना के माध्यम से इस करार में दी गई शर्तों के परिणामस्वरूप दायित्वों के निर्वहन में विलंब हो जाता है तो, ऐसे विलम्ब की अवधि को इस करार द्वारा विहित अवधि के परिकलन हेतु विचार नहीं किया जाएगा। अपरिहार्य घटना में ईश्वरीय कृत्य, भूकंप, ज्वार, तूफान, बाढ़, तड़ित, विस्फोट, आग लगना, तोड़—फोड़, संगरोध, महामारी, लूट—पाट, सिविल उपद्रव, आतंकवादी हमला, युद्ध जैसी स्थिति अथवा प्राधिकरणों द्वारा बनाए गए किसी कानून अथवा नियम और विनियम अथवा पक्षों के पंजीकरण का रद्दीकरण अथवा पक्षों के औचित्यपूर्ण नियंत्रण से परे परिस्थितियां, जो किसी भी पक्ष को यहां परिकल्पित लेन—देन को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से आरंभ करने अथवा पूर्ण करने से बाधित करती है। इस प्रकार की अपरिहार्य घटना से प्रभावित पक्ष, इस प्रकार की घटना के होने के संबंध में तुरंत दूसरे पक्ष को जानकारी देंगे। दोनों पक्षों के बीच यह सहमति है कि किसी भी स्थिति में निधियों की कमी अपरिहार्य घटना नहीं होगी अथवा मानी जाएगी। यदि अपरिहार्य घटना की स्थिति एक माह से अधिक की अवधि तक जारी रहती है तो दोनों पक्ष करार के भावी निष्पादन पर निर्णय लेने के लिए बैठक करेंगे। यदि दोनों पक्ष भावी निष्पादन हेतु योजना पर सहमत नहीं हो पाते हैं तो करार को किसी एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को एक माह का नोटिस देकर, जोकि एक माह की अवधि पर समाप्त हो जाएगा, करार को समाप्त कर दिया जाएगा।

18.2 अपरिहार्य घटना के आरंभ होने से पूर्व किसी पक्ष के प्रोद्भूत भुगतान दायित्व ऐसी अपरिहार्य घटना के कारण करार की समाप्ति पर भी यथावत बना रहेगा।

19. नोटिस

19.1 किसी भी पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष को प्रारंभ में उल्लिखित पते अथवा ऐसे परिवर्तित पते पर, जिसकी पक्ष जानकारी दे, वैध रूप से भेजा गया नोटिस माना जाएगा, यदि इसे पंजीकृत डाक पावती देय (आरपीएडी) अथवा डाक विभाग की स्पीड पोस्ट सेवा अथवा दस्ती द्वारा जिसकी विधिवत् रूप से पावती दी गई हो और दूसरे पक्ष द्वारा प्राप्ति की तिथि अथवा आरपीएडी से नोटिस भेजने की तिथि से सात दिन, जो भी पहले हो, ऐसे नोटिस की प्राप्ति की तिथि मानी जाएगी।

20. अंतरण हेतु निर्बंधन

20.1 कोई भी पक्ष दूसरे पक्ष के पूर्ण नेटवर्क अथवा उसके भाग को न तो हटायेगा, न विक्रय करेगा, समनुदेशित करेगा, बंधक रखेगा, अंतरण करेगा/किराये पर देगा अथवा विल्लंगमित करेगा। यदि कोई पक्ष किसी उपर्युक्त कृत्य में संलिप्त होता है तो उक्त कृत्य अवैध होगा तथा प्रारंभ से ही प्रभावहीन होगा और पक्ष भी लागू कानून के तहत किन्हीं कार्यवाही हेतु भागी होगा।

21. गोपनीयता

21.1 दोनों पक्ष एक दूसरे के कार्यों/व्यापार में भागीदारी करते हुए एक–दूसरे से प्राप्त जानकारी को पूर्णरूप से गोपनीय रखेंगे और इसे किसी ऐसे व्यक्ति के समक्ष उद्घटित नहीं करेंगे जो इस करार में पक्षकार नहीं है।

21.2 दोनों पक्ष अपने कर्मचारियों, अधिकारियों, परामर्शदाताओं, सहयोगियों, ठेकेदार, एजेन्टों, प्राधिकृत व्यक्तियों, तथा ऐसे ही व्यक्तियों को जिन्हें उपयुक्त जानकारी हो, को भी गोपनीयता की बाध्यता के दायित्व से आबद्ध करेंगे।

21.3 दोनों पक्ष, एतद्द्वारा सहमत हैं कि सांविधिक प्राधिकरणों द्वारा मांगे जाने गोपनीय जानकारी का उद्घटन किया जा सकता है।

22. आशोधन

22.1 करार को लिखित के अलावा किसी अन्य पद्धति से आशोधित, फेरफार अथवा समाप्त नहीं किया जा सकता है। युक्तिका करार, अनुलग्नक, अनुसूचियां अथवा कोई अन्य दस्तावेज, चाहे जिस भी नाम से इसे जाना जाए, परंतु इसे करार के संबंध में निष्पादित किया गया हो, के साथ ही साथ करार में किसी भी परिवर्तन पर पक्षों द्वारा लिखित में आपस में सहमति होनी चाहिए तथा उसे पक्षों द्वारा अथवा उनकी ओर से निष्पादित किया जाना चाहिए।

23. बाध्यकारी प्रभाव

23.1 यह करार उपर्युक्त विषय पर पक्षों के बीच सभी पूर्व सहमतियों को आशोधित करता है और इसे दोनों पक्षों द्वारा लिखित के अलावा किसी भी अन्य पद्धति से संशोधित नहीं किया जाएगा। किसी अन्य विषय के संबंध में पक्षों (यदि कोई हो तो) किसी अन्य बोध अथवा इस करार के तहत सम्मिलित नहीं किए गए पक्षों के प्रोद्भूत अधिकार और दायित्व, यदि कोई हो, तो पूर्ण रूप से लागू तथा प्रभावी रहेंगे।

इसके साक्षी स्वरूप पक्षों ने उपर्युक्त तिथि माह तथा वर्ष में अपने हस्ताक्षर किए हैं।

एमएसओ की ओर से हस्ताक्षर किए गए।

(_____)

साक्षियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए

1. _____

2. _____

एलसीओ की ओर से हस्ताक्षर किए गए।

(_____)

साक्षियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए

1. _____

2. _____

नोटः मुख्तारनामा/प्राधिकार पत्र की स्वप्रमाणित प्रतियां, जिनके माध्यम से इस करार के हस्ताक्षरकर्ताओं को पक्षों की ओर से इस करार पर हस्ताक्षर करने तथा उसे निष्पादित करने के लिए प्राधिकृत किया गया है, को इस करार के साथ संलग्न किया जाएगा।

अनुसूची

परिभाषाएं तथा निर्वचन

क. परिभाषाएं

इस करार में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, निम्न शब्दों तथा वाक्यों का अर्थ होगा, जो नीचे दिया गया हैः—

(क) **''अधिनियम''** का अभिप्राय भारतीय दूरसंचार प्राधिकरण अधिनियम, 1997 (1997 का 24), समय—समय पर यथा संशोधित अधिनियम से है;

(ख) **''एड्रेसेबल प्रणाली''** का अभिप्राय वही होगा जोकि इसे केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियम) अधिनियम, 1995 (1995 का सातवां), समय—समय पर यथा संशोधित अधिनियम में दिया गया है;

(ग) **''प्राधिकरण''** का अभिप्राय भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 की धारा 3 की उप—धारा (1) के तहत स्थापित भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण से है;

(घ) **''बुनियादी सेवा टीयर''** का वही अर्थ होगा, जो इसे टैरिफ आदेश में दिया गया है;

(ड.) **''बुके''** अथवा **''चैनलों के बुके''** का अभिप्राय अलग—अलग चैनलों के संयोजन से है, जिनकी एक साथ बंडल के रूप में पेशकश की जाती है;

(च) **''प्रसारक''** का अभिप्राय एक व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का समूह अथवा कारपोरेट निकाय अथवा कोई अन्य संगठन अथवा निकाय से है, जो केन्द्र सरकार से अपने नाम में अपलिंकिग और डाऊनलिंकिग अनुमति प्राप्त कर, जैसा कि उसके चैनल के लिए लागू है, प्रोग्रामिंग सेवा उपलब्ध करवाता है ;

(छ) **''केबल सेवाएं** अथवा **केबल टेलीविजन सेवाएं''** का अभिप्राय कार्यक्रमों का केबल के माध्यम से प्रसारण है, जिसमें किसी प्रसारक टेलीविजन सिग्नलों का केबल द्वारा पुनर्प्रसारण शामिल है;

(ज) **''केबल टेलीविजन नेटवर्क अथवा केबल टेलीविजन नेटवर्क''** का अभिप्राय कोई प्रणाली है, जिसमें बंद पारेषण पथ तथा संबद्ध सिग्नल सृजन, नियंत्रण और संवितरण उपकरण शामिल हैं, जिसे बहु—सब्सक्राइबरों द्वारा प्राप्ति हेतु केबल सेवा उपलब्ध कराने के लिये तैयार किया गया है;

(झ) ''**चैनल** अथवा **टेलीविजन चैनल**'', जिसे निम्न के तहत पंजीकृत किया गया हैः—

(i) दिनांक 02 दिसम्बर, 2005 की संख्या 1501/2/2002—टेलीविजन(I) (भाग) के माध्यम से भारत से अपलिंकिंग हेतु दिशानिर्देश।

(ii) दिनांक 11 नवम्बर, 2005 की संख्या 13/2/2002–बीपीएंडएल/बीसी–IV के माध्यम से जारी की गई टेलीविजन चैनलों की डाउनलिंकिंग हेतु नीतिगत दिशानिर्देश,.....

समय–समय पर यथा आशोधित अथवा टेलीविजन चैनलों के अपलिंकिंग तथा डॉऊनलिंकिंग हेतु ऐसे अन्य दिशानिर्देश, जिन्हें समय–समय पर भारत सरकार, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के द्वारा जारी किया गया और 'चैनल' शब्द के संबंध में किए गए किसी भी संदर्भ को ''चैनल अथवा टेलीविजन चैनल'' के संबंध में किया गया संदर्भ माना जाएगा।

(ञ) **''शिकायत केन्द्र''** का अभिप्राय मल्टी सिस्टम ऑपरेटर अथवा इसके संबद्ध स्थानीय केबल ऑपरेटर, जैसा भी मामला हो, द्वारा उपभोक्ता शिकायत निवारण अधिनियम के तहत स्थापित सुविधा;

(ट) **''उपभोक्ता शिकायत निवारण विनियम''** का अभिप्राय, समय–समय पर यथा संशोधित, दिनांक 14 मई, 2012 का उपभोक्ता शिकायत निवारण (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियां) विनियम, 2012 (2012 का तेरहवां) से है।

(ठ) **''सीटीएन अधिनियम''** का अभिप्राय समय–समय पर यथा आशोधित केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियम) अधिनियम, 1995 (1995 का सातवां) से है।

(ड) **''कूटबद्ध करना''** किसी केबल टेलीविजन नेटवर्क के सिग्नल के संबंध में कूटबद्ध करने का अभिप्राय ऐसे सिग्नल को एक प्रणालीबद्ध तरीके से परिवर्तित करना है ताकि किसी एड्रेसेबल प्रणाली के उपयोग के बिना सिग्नल का उपयोग नहीं किया जा सके और वाक्यांश ''अकूटबद्ध'' का तदनुसार अर्थ होगा;

(ढ) **''फ्री–टु–एयर–चैनल''** का समान अर्थ होगा, जो टैरिफ आदेश में विहित किया गया है।

(ण) **''हार्डवेयर''** का अभिप्राय एक मल्टी सिस्टम ऑपरेटर (एमएसओ) द्वारा अनुमोदित सेट टॉप बॉक्स, रिमोट तथा अन्य संबद्ध पुर्जों तथा सहायक उपकरणों से है ताकि कूटबद्ध रूप में पारेषित चैनलों के सिग्नलों को पढ़ा जा सके।

(त) **''हेड–एंड''** का अभिप्राय एक सुविधा से है, जिसमें उपग्रह, रीसीवर, मॉड्यूलेटर, कम्प्रेशन उपकरण, मल्टीप्लेक्सिस, और कन्डीशनल एक्सेस सुविधाएं अन्य पारेषण उपकरण शामिल हैं और उसमें एन्टीना भी शामिल होते हैं, जो उपग्रह और/अथवा स्थानीय स्टूडियो अथवा संबंद्ध एलसीओ के माध्यम से सब्सक्राइबर को पुनर्प्रसारण हेतु सिग्नल प्राप्त करते हैं।

(थ) **''अंतः संयोजन विनियम''** का अभिप्राय समय–समय पर यथा संशोधित दिनांक 30.04.2012 के दूरसंचार (प्रसारण तथा केबल सेवाएं) अंतःसंयोजन (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियां) विनियम, 2012 से है।

(द) **''पद्धति नियम पुस्तिका (एमओपी)''** का अभिप्राय सेवा की गुणवत्ता विनियम में संदर्भित पद्धति से है।

(ध) **''नोडल अधिकारी''** का अभिप्राय मल्टी–सिस्टम ऑपरेटर अथवा उसके संबद्ध स्थानीय केबल ऑपरेटर द्वारा उपभोक्ता शिकायत निवारण विनियम के तहत नियुक्त अथवा पदनामित अधिकारी से है।

(न) **''पे–चैनल''** का वही अर्थ होगा, जो उसे टैरिफ आदेश में दिया गया है।

(प) **''पायरेसी''** का अभिप्राय किसी व्यक्ति द्वारा किसी पद्धति अथवा तरीके से केबल टेलीविजन सिग्नल को अप्राधिकृत रूप से प्राप्त करना उसका पुनर्प्रसारण तथा पुनर्वितरण करना है, जिसमें असीमित रूप से किसी पुर्जे अथवा किसी सहायक उपकरण में छेड़—छाड़, उसकी सील के साथ छेड़—छाड़ करना अथवा हार्डवेयर का दुरुपयोग, प्रतिस्थापन, उसे हटाया जाना और/अथवा उसे अन्यत्र ले जाया जाना अथवा सेट—टॉप बाक्स से पहले अथवा उसके बाद किसी किसी डिकोडिंग, सिग्नल प्राप्त करने वाले उपकरण, रिर्काडिंग उपकरण(णों), नकली अथवा अप्राधिकृत उपकरणों का उपयोग करना अथवा कोई अन्य क्रियाकलाप करना, जिसके परिणामस्वरूप एमएसओ अथवा एलसीओ, जैसा भी मामला हो, के ट्रेडमार्क अथवा प्रतिलिप्याधिकार का उल्लंघन हो, है;

(फ) **''कार्यक्रम''** का अभिप्राय कोई टेलीविजन प्रसारण है, जिसमें :—

(i) चलचित्रों, वृत्तचित्रों, नाटकों, विज्ञापनों तथा धारावाहिकों का प्रदर्शन;

(ii) कोई भी श्रव्य और दृश्य अथवा श्रव्य—दृश्य सीधा कार्यक्रम अथवा प्रस्तुतिकरण; और

''प्रोग्रामिंग सेवा'' वाक्य का तदनुसार अर्थ लिया जाए;

(ब) **''सेवा की गुणवत्ता विनियम''** का अभिप्राय समय—समय पर यथा संशोधित दिनांक 14.05.2012 का सेवा की गुणवत्ता मानक (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियां) विनियम, 2012 (वर्ष 2012 का बाारहवां) से है;

(भ) **''सेट टॉप बॉक्स** अथवा **एसटीबी''** का अभिप्राय ऐसे उपकरण से है, जिसे टेलीविजन से जोड़ा जाता है अथवा वह टेलीविजन का एक भाग है, जो सब्सक्राइबर को एक एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियों के माध्यम से सब्सक्राइब किए गए चैनलों को कूटबद्ध तथा मिश्रित स्वरूप में प्राप्त करने में मदद करता है;

(म) **''स्मार्ट कार्ड''** का अभिप्राय मल्टी सिस्टम ऑपरेटर (एमएसओ) द्वारा हार्डवेयर के भाग विधिवत रूप से अनुमोदित कार्ड से है, जो किसी सब्सक्राइबर को केबल टेलीविजन चैनल के सिग्नल तक पहुंचने हेतु सक्षम बनाता है;

(य) **''सब्सक्राइबर''** का अभिप्राय किसी व्यक्ति से है, जो किसी मल्टी सिस्टम आपरेटर अथवा केबल ऑपरेटर, जैसा भी मामला हो, को उसके द्वारा बताए स्थान पर बिना सिग्नलों का किसी व्यक्ति, जिसमें जबतक कि विशिष्टरूप से वर्जित न किया जाए, साधारण सब्सक्राइबर तथा वाणिज्यिक सब्सक्राइबर शामिल है, को पुनर्प्रसारण किए सिग्नलों को प्राप्त करता हो;

''संदेह का निराकरण करने हेतु यह स्पष्ट किया जाता है कि किसी भवन में संस्थापित प्रत्येक सेट—टॉप बाक्स को एक सब्सक्राइबर माना जाएगा।''

(यक) **''सब्सक्राइबर प्रबंधन प्रणाली** अथवा **एसएमएस''** का अभिप्राय एक प्रणाली अथवा उपकरण से है, जो सब्सक्राइबर के अभिलेखों तथा ब्यौरे का उसके नाम, पते तथा अन्य जानकारियां यथा सब्सक्राइबर द्वारा उपयोग किये जा रहे हार्डवेयर, सब्सक्राइबर द्वारा सब्सक्राइब किये जा रहे चैनलों के बुके, ऐसे चैनलों का मूल्य अथवा प्रणाली में यथा परिभाषित चैनलों का बुके, किसी चैनल अथवा चैनलों के बुके हेतु सक्रिय किये जाने अथवा निष्क्रिय किये जाने की तिथि तथा समय, सब्सक्राइबर के रिकॉर्ड में की गई सभी कार्यवाहियों का लॉग, प्रत्येक सब्सक्राइबर के संबंध में तैयार किए गए बीजक तथा भुगतान की गई राशि अथवा प्रत्येक बिलिंग अवधि के लिए सब्सक्राइबर को प्रदान की गई छूट के संबंध में जानकारियों का भण्डारण करता है।

(यख) **''टैरिफ आदेश''** का अभिप्राय समय–समय पर यथा संशोधित दिनांक 21 जुलाई, 2010 का दूरसंचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं (एड्रेसेबल प्रणालियां) टैरिफ आदेश, 2010 (वर्ष 2010 का पहला) से है।

(यग) **''ट्रंक लाइन''** का अभिप्राय कोएक्सियल/ऑप्टिक फाईबर केबल नेटवर्क तथा अन्य संबंद्ध उपकरण जैसे रीसिवर नोड्स, एम्प्लीफायर, स्पिल्टिर्स आदि से है, जिनके स्वामी तथा संस्थापनाकर्त्ता मल्टी सिस्टम केबल ऑपरेटर (एमएसओ) अथवा उसकी संबंद्ध कंपनियां होती हैं ताकि एलसीओ सहित विभिन्न एलसीओ के अंतिम उपभोक्ता तक विभिन्न एलसीओ को केबल टेलीविजन सिग्नलों का पारेषण किया जा सके ताकि वे संबंधित सब्सक्राइबरों का केबल टेलीविजन सिग्नलों का पुनर्प्रसारण कर सकें।

इस अंतःसंयोजन करार में उपयोग किए गए अन्य सभी शब्दों तथा वाक्य, जिनका निर्वचन नहीं किया गया है परंतु उसके तहत तथा केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियम) अधिनियम, 1995 (वर्ष 1995 का सातवां) और तत्संबध के तहत बनाए गए बनाए गए नियम तथा विनियम में परिभाषित किया गया है, उनका क्रमशः वही अर्थ होगा जो उन अधिनियमों, नियमों अथवा विनियमों, जैसा भी मामला हो, में दिया गया है।

ख. निर्वचन

इस करार में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो :

(क) इस करार में किसी एकवचन के संबंध में दिए गए किसी संदर्भ में बहुवचन तथा प्रतिलोमतः भी सम्मिलित होगा तथा किसी एक लिंग के संबंध में दिए गए संदर्भ में सभी लिंग सम्मिलित होंगे जबतक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो;

(ख) ''व्यक्ति'' शब्द में व्यक्ति विशेष, निगम, कारपोरेशन, भागीदारियां, व्यक्तियों के संघ तथा अन्य कंपनियां सम्मिलित हैं;

(ग) किसी अनुच्छेद, खण्ड, उप–खण्ड, परिशिष्ट, अनुलग्नकों के संबंध में किया गया कोई उल्लेख करार में उल्लिखित अनुच्छेद, खण्ड, उप–खण्ड, परिशिष्ट, अनुलग्नक माना जाएगा, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा उपबंध न हो;

(घ)'' माह'' के संबंध में किया संदर्भ का अभिप्राय एक कलेण्डर माह होगा;

(ङ) शीर्षक तथा नाम केवल संदर्भ की सुलभता के लिए हैं तथा इस करार के निर्वचन को प्रभावित नहीं करेंगे तथा किसी भी स्थिति में उन्हें शीर्षक से अलग रखकर इस प्रकार नहीं पढ़ा जाना चाहिए, जिससे ऐसा अर्थ निकले जो इस करार की विभिन्न खण्डों के निर्वचन के अनुकूल नहीं हो;

(च) विधि, विनियम, सांविधिक उपबंध, आदेश, दिशानिर्देश, नीति आदि के संबंध में किये गए किसी संदर्भ में समय–समय पर यथा आशोधित, संहिताबद्ध, संशोधित अथवा पुनः अधिनियमित ऐसे कानून अथवा विनियम अथवा उपबंध, आदेश, दिशानिर्देश, नीति आदि के संबंध में किया गया संदर्भ शामिल है।"

(एस के गुप्ता)
प्रधान सलाहकार (बी एण्ड सी एस)

टिप्पणी–1 : मूल विनियमों को दिनांक 30 अप्रैल, 2012 की अधिसूचना संख्या 3–24/2012–बीएंडसीएस, के तहत भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग III, खण्ड 4, में प्रकाशित किया गया और तत्पश्चात् दिनांक 14 मई, 2012 की

अधिसूचना संख्या 3—24/2012—बीएंडसीएस, दिनांक 20 सितम्बर, 2013 की अधिसूचना संख्या 3—24/2012—बीएंडसीएस, दिनांक 10 फरवरी, 2014 की अधिसूचना संख्या 3—24/2012—बीएंडसीएस, दिनांक 18 जुलाई, 2014 की अधिसूचना संख्या 6—33/2014—बीएंडसीएस, दिनांक 14 सितम्बर, 2015 की अधिसूचना संख्या 6—29/2015—बीएंडसीएस और दिनांक 7 जनवरी, 2016 की अधिसूचना संख्या 3—106/2015—बीएंडसीएस के तहत संशोधित किया गया।

टिप्पणी—2 : व्याख्यात्मक ज्ञापन, दूरसंचार (प्रसारण और केबल सेवाएं) अंतःसयोजन (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन प्रणालियां) (सातवां संशोधन) विनियम, 2016 (2016 का 3) के उद्देश्यों एवं कारणों को स्पष्ट करता है।

व्याख्यात्मक ज्ञापन

1. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने डिजिटल एड्रेसेबल केबल टीवी सिस्टम (डीएएस) हेतु विस्तृत विनियामक फ्रेमवर्क अधिसूचित किया है जिसमें इंटरकनेक्शन विनियम, सेवा की गुणवत्ता विनियम, टैरिफ आदेश और उपभोक्ता शिकायत निवारण विनियम शामिल हैं। डीएएस पर लागू, समय—समय पर यथा संशोधित, 30 अप्रैल, 2012 के इंटरकनेक्शन विनियम नामतः दूरसंचार (प्रसारण एवं केबल सेवाएं) इंटरकनेक्शन (डिजिटल एड्रेसेबल केबल टेलीविजन सिस्टम) विनियम 2012 (इसमें आगे जिसे 'इंटरकनेक्शन विनियम 2012' कहा गया है), अन्य बातों के साथ—साथ मल्टी सिस्टम ऑपरेटरों (एमएसओ) और लोकल केबल ऑपरेटर (एलसीओ) के बीच इंटरकनेक्शन हेतु एक फ्रेमवर्क मुहैया कराता है। इस फ्रेमवर्क के आधार पर एमएसओ और एलसीओ (सम्मिलित रूप में इन्हें इसमें आगे 'पक्ष' कहा गया है) को उपभोक्ताओं को केबल सेवाएं मुहैया कराने से पहले एक लिखित इंटरकनेक्शन समझौता करना जरूरी है।

2. इंटरकनेक्शन विनियम, 2012 की शर्तों में पक्षों से आपसी समझौते द्वारा अपने—अपने कार्य हेतु जिम्मेदारी का निर्धारण करने की अपेक्षा की जाती है जिसका कि समय—समय पर यथा संशोधित 14 मई, 2012 के सेवा की गुणवत्ता विनियम नामतः सेवा की गुणवत्ता के मानक (प्रसारण एवं केबल सेवाएं) विनियम, 2012 (इसमें जिसे आगे 'सेवा की गुणवत्ता विनियम 2012' कहा गया है) में उल्लेख किया गया है। एड्रेसेबल सिस्टम पर लागू समय—समय पर यथा संशोधित दिनांक 21 जुलाई, 2010 के टैरिफ आदेश नामतः दूरसंचार (प्रसारण एवं केबल सेवाएं) (चौथा) (एड्रेसेबल सिस्टम) टैरिफ आदेश, 2010 (2010 का 1) (इसमें आगे जिसे 'टैरिफ आदेश') में यह प्रावधान किया गया है कि एमएसओ और एलसीओ के बीच राजस्व सेटलमेंट का निर्धारण पक्षों के बीच हुए आपसी समझौते द्वारा होगा। अगर पक्ष कोई आपसी समझौता करने में विफल रहते हैं तो उपभोक्ताओं से लिए गए प्रभार का बंटवारा टैरिफ आदेश में उल्लिखित तरीके से किया जाएगा।

3. चूंकि ऐसे विभिन्न तरीके हो सकते हैं, जिनके द्वारा एमएसओ और एलसीओ के बीच प्रत्येक कार्य की जिम्मेदारी का बंटवारा किया जा सकता है, प्राधिकरण ने 2012 में डीएएस के लिए विस्तृत विनियामक फ्रेमवर्क अधिसूचित करते समय इंटरकनेक्शन समझौता के नियम एवं शर्तों को निर्दिष्ट नहीं किया, बल्कि विनियामक फ्रेमवर्क के तहत इंटरकनेक्शन समझौता तैयार करने का काम पक्षों पर छोड़ दिया गया है। तब यह उल्लेख किया गया था कि यह गैर—एड्रेसेबल सिस्टम से डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम में बदलाव को सुगम बनाने के लिए पक्षों को लचीलापन मुहैया कराएगा।

4. भादूविप्रा को पक्षों के बीच इंटनकनेक्शन समझौते पर हस्ताक्षर संबंधी विभिन्न मुद्दों के संबंध में बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त हुई हैं। एलसीओ ने उल्लेख किया है कि एमएसओ द्वारा प्रस्तावित प्रारूप समझौतों के नियम एवं शर्तें एक तरफा हैं और समान अवसर मुहैया नहीं कराते हैं। दूसरी ओर, एमएसओ ने उल्लेख किया है कि एलसीओ, दोनों पक्षों के बीच पहले से हस्ताक्षरित इंटरकनेक्शन समझौते के नियम एवं शर्तों का पालन करने के लिए तैयार नहीं हैं। एक तरफ, एलसीओ ने कहा कि एमएसओ के द्वारा तैयार मसौदा के नियम एवं शर्तें एकतरफा हैं और पक्षों का समान अवसर नहीं प्रदान करते हैं। दूसरी ओर एमएसओ का कहना था कि एलसीओ हस्ताक्षरित इंटरकनेक्शन समझौतों की नियम एवं शर्तें मानने के लिए तैयार नहीं हैं। अकसर सेवा की गुणवत्ता विनियम 2012 में यथा निर्धारित सेवा की गुणवत्ता के मानदंडों

को पूरा करने के लिए पक्षों के कार्य और जिम्मेदारियां पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित इंटरकनेक्शन समझौते में स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं गई हैं, जिसके कारण पक्षों के बीच विवाद के मामले में उपभोक्ताओं को प्रदान की जाने वाली सेवा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

5. पक्षों के बीच इंटरकनेक्शन समझौते पर हस्ताक्षर से संबंधित विभिन्न मुद्दों और डीएएस के कार्यान्वयन की परख करने के लिए भादूविप्रा ने देश के विभिन्न भागों में पक्षों के साथ बातचीत की है। सामान्यतः पक्षों का यह मत था कि यह क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ हित में रहेगा कि भादूविप्रा इंटरकनेक्शन समझौते की नियम और शर्तें, जो पक्षों द्वारा किया जा सकता है। इससे पक्षों के बीच विवाद कम करने में मदद मिलेगी और परिणामस्वरूप उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सेवा की गुणवत्ता में सुधार लाने में मदद मिलेगी।

6. हितधारकों से प्राप्त अनेकों अभ्यावेदनों पर गौर करने के बाद प्राधिकरण ने हस्तक्षेप करने का निर्णय लिया। प्राधिकरण ने इंटरकनेक्शन के नियम एवं शर्तें इस प्रकार से निर्धारित करने का विचार किया जो पक्षों की विभिन्न चिंताओं का समाधान करने के साथ–साथ पक्षों के बीच विभिन्न मुमकिन बिजनस मॉडल्स को समाहित करने के लिए पर्याप्त लचीलापन प्रदान करता हो। इसके अलावा, समय–समय पर यथा संशोधित केबल टेलीविजन नेटवर्क नियमावली, 1994 यह भी प्रावधान करती है कि प्राधिकरण एमएसओ और एलसीओ के बीच अधिसूचित क्षेत्रों में पे और फ्री–टू–एयर चैनलों के वितरण के लिए वाणिज्यिक समझौते करने में इस्तेमाल करने के लिए मानक इंटरकनेक्शन समझौता अधिसूचित कर सकता है।

7. ऐसा इंटरकनेक्शन समझौता निर्धारित करने के लिए प्राधिकरण ने एक प्रारूप मॉडल और मानक इंटरकनेक्शन समझौता (एमएसआईए) तैयार किया। प्रारूप एमएसआईए में एकल दस्तावेज में प्रारूप मॉडल इंटरकनेक्शन समझौता (एमआईए) और प्रारूप मानक इंटरकनेक्शन समझौता (एसआईए) शामिल था। प्रारूप एमएसआईए अन्य बातों के साथ–साथ पक्षों को समान अवसर उपलब्ध कराने और उपभोक्ताओं के लिए सेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य के साथ पक्षों के अधिकारों, दायित्वों, कार्यों और जिम्मेदारियों को परिभाषित करता है। प्रारूप एमएसआईए में यह भी उल्लेख किया गया था कि अगर पक्ष प्रत्येक कार्य, बिलिंग और राजस्व सेटलमेंट से संबंधित जिम्मेदारी के लिए परस्पर सहमति व्यक्त करता है तो ऐसे मामलों में एमआईए लागू होगा। अगर पक्ष जिम्मेदारियां साझा करने, बिलिंग या राजस्व के संबंध कोई पारस्परिक समझौता करने में विफल रहते हैं, तो ऐसे मामलों में एसआईए लागू होगा जिसमें प्राधिकरण ने प्रत्येक पक्ष के लिए जिम्मेदारी प्रस्तावित की थी। एसआईए के मामले में राजस्व सेटलमेंट टैरिफ आदेश में निर्दिष्ट दरों के आधार पर किया जाएगा।

8. तदनुसार, प्राधिकरण ने डीएएस के जरिये केबल सेवाओं की पेशकश करने वाले पक्षों द्वारा एमआईए और एसआईए के आदेश पर हस्ताक्षर करने से पहले हितधारकों के साथ एक परामर्श प्रक्रिया आरंभ की है। परामर्श पत्र के साथ प्रारूप एमएसआईए को 9 दिसंबर, 2015 को भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर अपलोड किया गया था, इसमें हितधारकों से टिप्पणियां और जवाबी टिप्पणियां आमंत्रित की गई थी।

9. टिप्पणी और जवाबी टिप्पणी प्रस्तुत करने की अंतिम तिथियां क्रमशः 31 दिसंबर, 2015 और 7 जनवरी, 2016 थी। जवाब में कुछ व्यक्तियों समेत हितधारकों से कुल 18 टिप्पणियां और 3 जवाबी टिप्पणियां प्राप्त हुई थी। इसके बाद, दिल्ली में 28 जनवरी, 2016 को एक ओपन हाउस चर्चा (ओएचडी) आयोजित की गई थी, जिसमें हितधारकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया था। ओपन हाउस चर्चा के बाद, हितधारकों को इस मुद्दे पर 01 फरवरी, 2016 तक लिखित में अपनी राय/टिप्पणियां प्रस्तुत करने का एक और मौका दिया गया था। देय तिथि तक तीन अतिरिक्त टिप्पणियां प्राप्त हुई थीं। टिप्पणियां और जवाबी टिप्पणियां भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर अपलोड की गई थी।

10. इसमें आगे दिए गए पैराओं में मुद्दे पर हितधारकों से प्राप्त हुई टिप्पणियों/राय का सारांश, इन टिप्पणियों का विश्लेषण, प्राधिकरण का मत और इंटरकनेक्शन विनियम 2012 में इस संशोधन के उद्देश्य और कारण दिए गए हैं। हितधारकों से प्राप्त कुछ टिप्पणियां, इस परामर्श अधीन मुद्दे से सीधे संबंधित नहीं है मगर ये मौजूदा विनियामक फ्रेमवर्क में संशोधनों

के लिए सुझावों की प्रकृति की हैं। ये सुझााव नोट कर लिए गए हैं और उचित समय पर इन पर अलग से विचार किया जाएगा।

हितधारकों की टिप्पणियों का विश्लेषण

पक्षों (एमएसओ और एलसीओ) का नाम और परिचालन का क्षेत्र

11. कुछ केबल ऑपरेटर एसोसिएशनों की यह राय थी कि एमएसओ को समझौते में हेड—एंड सेवा प्रदाता (एचएसपी) के नाम से संबोधित किया जाए क्योंकि एमएसओ 'पे' टीवी प्रसारकों और एफटीए चैनलों के एग्रीगेटर का एकमात्र मध्यस्थ या थोक विक्रेता है। इसी प्रकार, एलसीओ को लास्ट माइल ओनर (एलएमओ) के नाम से संबोधित किया जाए क्योंकि यह सभी उपभोक्ताओं को जोड़ने वाले नेटवर्क का निर्माण, परिचालन, अनुरक्षण और उन्नयन करता है। एक व्यक्ति का यह मत था कि केबल टीवी अधिनियम में एलसीओ और एलएमओ जैसा कोई शब्द नहीं है और यह 'केबल ऑपरेटर' है, जिस पर केबल टीवी नेटवर्क के प्रबंधन और परिचालन की जिम्मेदारी है। उसने यह सुझाव रखा कि एमएसओ के लिए एचएसपी बेहतर शब्द है। अगर एमएसओ उपभोक्ताओं को सीधे केबल सेवाएं प्रदान करता है, केवल तभी उसे केबल ऑपरेटर माना जाना चाहिए, अन्यथा इसे एचएसपी माना जाना चाहिए।

12. एलसीओ के परिचालन के क्षेत्र के संबंध में एक केबल ऑपरेटर एसोसिएशन ने सुझाव दिया कि परिचालन के क्षेत्र का नक्शा समझौते के साथ संलग्न किया जाना चाहिए।

13. केबल टीवी नेटवर्क (विनियम) अधिनियम 1995 और इसके अंतर्गत बनाई गई केबल टीवी नियमावली एमएसओ को परिभाषित करती है, जिसे निम्नानुसार पढ़ा जाता हैः—

"मल्टी सिस्टम ऑपरेटर" का आशय एक केबल ऑपरेटर से है, जिसे नियम 11सी के तहत पंजीकरण प्रदान किया गया है और जो प्रसारकों और इसके अधिकृत एजेंसियों से प्रोग्रामिंग सेवाएं प्राप्त करता है और सीधे या एक या अधिक लोकल केबल ऑपरेटरों के जरिये बहु—उपभोक्ताओं को इसे पुनःप्रसारित करता है या अपनी प्रोग्रामिंग सेवाएं प्रसारित करता है और इसमें अपनी वितरण एजेंसियों, चाहे जिस नाम से भी पुकारी जाएं, को शामिल करता है।"

14. इसी प्रकार, केबल टीवी नेटवर्क (विनियम) अधिनियम 1995 और इसके तहत बनाए गए केबल टीवी नियम के अनुसार, एलसीओ केबल सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने परिचालन क्षेत्रों के प्रधान डाकघर में पंजीकृत होना चाहिए। चूंकि एमएसओ और एलसीओ शब्दों का प्रयोग केबल टीवी नेटवर्क (विनियम) अधिनियम, 1995 में किया जाता है, इसलिए प्राधिकरण का यह मत है कि इन ऑपरेटरों के नाम बदले जाने की आवश्यकता नहीं हैं। क्षेत्र के नक्शे को अनिवार्य बनाए जाने के संबंध में यह उल्लेख किया जाता है कि एमआईए और एसआईए, दोनों में उपयुक्त खंड पहले से मौजूद हैं, जिसमें पक्षों को क्षेत्र का नाम भरना जरूरी है। इसके अलावा, डीएएस में नाम एवं पते के साथ उपभोक्ता का विवरण उपभोक्ता प्रबंधन प्रणाली (एसएमएस) में पारदर्शी ढंग से दर्शाया जाता है और क्षेत्र संबंधी विवादों, यदि कोई हों, का समाधान करने के लिए यह पर्याप्त है। अतः इंटरकनेक्शन समझौते के साथ नक्शा सलंग्न करने से कोई सार्थक प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा बल्कि इससे केवल पक्षों के काम और लागत में वृद्धि होगी। लेकिन पक्ष आपसी समझौते से क्षेत्र का नक्शा आदर्श अंतःसंयोजन समझौते के साथ संलग्न कर सकते हैं।

समझौते की अवधि

15. समझौते की अवधि के पहलु पर एक वितरण एजेंट ने यह टिप्पणी की है कि समझौते की अवधि बढ़ाई जा सकती है बशर्ते कि बढ़ाई गई अवधि एमएसओ या एलसीओ, जो ऐसा समझौता कर रहे हैं, के पंजीकरण की वैधता की तारीख से आगे की न हों।

16. प्राधिकरण ने यह सुझाव स्वीकार किया और तदनुसार एमआईए और एसआईए के संबंधित खंड में यथोचित संशोधन कर दिया गया है।

समझौते की समाप्ति

17. समझौते की समाप्ति के पहलू पर अधिकांश एमएसओ और उनकी एसोसिएशन ने प्रस्ताव रखा है कि महत्वपूर्ण उल्लंघन के सुधार की 30 दिनों की अवधि में समाप्ति हेतु 21 दिन की नोटिस अवधि को शामिल किया जाना चाहिए। एक और एमएसओ ने यह सुझाव रखा कि महत्वपूर्ण उल्लंघन के मामले में 21 दिनों का नोटिस पर्याप्त है। उनके अनुसार, लगातार उल्लंघन के मामले में डिफॉल्ट को 30 दिनों के बाद जारी रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और इसलिए अतिरिक्त 21 दिनों का नोटिस अपेक्षित नहीं है। वहीं एक प्रसारक एसोसिएशन ने टिप्पणी की कि उल्लंघन में सुधार करने के लिए नोटिस अवधि को 30 दिन से घटाकर 21 दिन किया जाए। एक व्यक्ति ने यह सुझाव रखा कि महत्वपूर्ण उल्लंघन/खामियों में सुधार करने की अवधि को कम करके 15 दिन किया जाए। वहीं एक केबल ऑपरेटर एसोसिएशन ने टिप्पणी की कि एमएसआईए में दिया गया समय उपयुक्त है।

18. एमएसओ द्वारा बिजनस बंद करने के परिणामस्वरूप समझौता समाप्त होने के संबंध में एक केबल ऑपरेटर एसोसिएशन ने टिप्पणी की कि बंद करने की अवधि और तत्संबंधी कारण प्रस्तुत किए जाने चाहिए और समाप्ति कम से कम 30 दिनों की पूर्व सूचना के बाद प्रभावी होनी चाहिए। एक और एसोसिएशन ने टिप्पणी की है कि अगर किसी क्षेत्र विशेष में केवल एक एमएसओ काम कर रहा है और वह अपना बिजनस बंद करना या दूसरे पक्ष को बेचना या मिलाना चाहता है तो एलसीओ के लिए अपना हेड–एंड संस्थापित करने या दूसरे एमएसओ से जुड़ने का इंतजार करने के लिए 90 दिनों का साधारण नोटिस पर्याप्त नहीं होगा।

19. प्राधिकरण ने संज्ञान लिया कि 30 दिनों की सुधार अवधि और 21 दिनों की नोटिस अवधि के परिणास्वरूप 51 दिनो के लिए जारी रखने का उल्लंघन हो सकता है और इससे चूककर्ता पक्ष को अनुचित लाभ मिल सकता है। अतः प्राधिकरण का यह मत है कि सुधार अवधि को कम करके 15 दिन किया जाए और निरंतर उल्लंघन के मामले में 21 दिन की नोटिस अवधि को इसके बाद शुरू किया जाना चाहिए। तदनुसार, संबंधित खंड में संशोधन किया गया है।

20. एक पक्ष द्वारा बिजनस समाप्त किए जाने के मामले में हितधारकों की चिंताओं पर विचार किया गया है। तदनुसार, ऐसे निर्णय के कारणों को निर्दिष्ट करते हुए लिखित नोटिस दूसरे पक्ष को देना जरूरी होगा। प्राधिकरण का यह मत है कि प्रभावित पक्ष द्वार अपने हित की रक्षा करने के लिए 90 दिन का समय पर्याप्त है। संबंधित खंड में संशोधन कर दिया गया है।

समाप्ति और अंत का प्रभाव

21. परामर्श हेतु प्रारूप समझौतों में समझौते की समाप्ति या अंत के मामले से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए संभावित खंडों पर हितधारकों से टिप्पणियां प्राप्त की गई थीं। कुछ एलसीओ एसोसिएशनों ने यह टिप्पणी की थी कि सेवाएं प्रदान करने के लिए एमएसओ से संबंधित या एलसीओ के नेटवर्क में संस्थापित एसटीबी सहित हार्डवेयर या किसी अन्य संपत्ति की सूची समझौते के साथ संलग्न की जानी चाहिए और एमएसओ पर एलसीओ को सेवा प्रदान करने में प्रयुक्त उपस्करों के दैनिक रखरखाव एवं अनुरक्षण की जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि एलसीओ केवल उन हानियों की क्षतिपूर्ति करेगा जो उसकी लापरवाही/जानबूझ कर की गई क्षति के कारण हुई है। एक दूसरी एलसीओ एसोसिएशन ने यह टिप्पणी कि कि परिसंपत्तियों की परिभाषा एमएसओ और एलसीओ पर ध्यान दिए बगैर परिभाषित होनी चाहिए।

22. अधिकांश एमएसओ ने सुझाव रखा कि अगर उपभोक्ता को दिया गया एसटीबी एमएसओ की संपत्ति है तो एलसीओ द्वारा एसटीबी एमएसओ को वापस किया जाएगा। एक एलसीओ एसोसिएशन का यह मत था कि संपत्तियां सौंपना भादूविप्रा विनियमों के अनुसार उपभोक्ता द्वारा चुनी गई योजना के अधीन होगा।

23. संपत्ति सौंपने में चूक, हानियों या क्षतियों के मामले में ब्याज वसूलने के मामले पर एक एमएसओ ने यह सुझाव दिया कि 4 प्रतिशत जमा भारतीय स्टेट बैंक की आधार दर का प्रयोग किया जाए। जबकि एक व्यक्ति ने जवाबी टिप्पणी की है कि चूंकि भारतीय स्टेट बैंक की आधार दर पहले से काफी अधिक यानी लगभग 9 प्रतिशत प्रतिवर्ष है इसलिए दर

भारतीय स्टेट बैंक की आधार दर पर निर्धारित की जानी चाहिए। जबकि एक और केबल ऑपरेटर एसोसिएशन ने यह राय रखी है कि वित्तीय राशि का निर्धारण दोनों पक्षों द्वारा मिलकर लिखित में किया जाना चाहिए।

24. दूसरे पक्ष के नेटवर्क में एक पक्ष से संबंधित संपत्तियों की सूची संलग्न करने के मामले पर प्राधिकरण का यह मानना है कि पक्षों को दूसरे पक्ष के नेटवर्क में संपत्ति न केवल इंटरकनेक्शन समझौते पर हस्ताक्षर करते समय बल्कि इंटरकनेक्शन समझौता अवधि के दौरान भी संस्थापित करने की आवश्यकता होती है। अतः प्राधिकरण का यह मानना है कि पक्षों के बीच संपत्ति का कोई भी लेन–देन लिखित में या किसी अन्य सत्यापन योग्य तरीके से किया जाना चाहिए तथा इसमें ऐसी संपत्ति के मूल्य और मूल्यह्रास की दर का उल्लेख होना चाहिए। यह पर्याप्त लचीलापन मुहैया कराएगा और ऐसे लेन–देन करते समय हर बार समझौते में संशोधन करने की जरूरत नहीं होगी। यह समझौता समाप्त होने के मामले में उनके बकायों का भुगतान करने में भी पक्षों की सहायता करेगा। तदनुसार, एमआईए और एसआईए में दस्तावेज के आरंभ में उपयुक्त खंड जोड़े गए हैं।

25. प्राधिकरण ने यह टिप्पणी की है कि उपभोक्ता के परिसर में सेट टॉप बॉक्स की व्यवस्था करना उपभोक्ता द्वारा चुने गए विकल्प के लिए ग्राहक आवेदन फार्म में दी गई शर्तों द्वारा शासित होता है। इसके अलावा, उपभोक्ता द्वारा चुने गए विकल्प के आधार पर अगर एसटीबी एमएसओ से संबंधित है तो उपभोक्ता द्वारा केबल सेवाएं बंद करने के मामले में इसे लौटाने के लिए एलसीओ को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता कि उपभोक्ता ने एलसीओ को एसटीबी नहीं लौटाया है। बहरहाल, अगर उपभोक्ता ने एलसीओ को एसटीबी लौटा दिया है या एलसीओ ने इसे उपभोक्ता से प्राप्त कर लिया है तो एलसीओ इसे एमएसओ को वापस करेगा।

26. चूककर्ता पक्ष पर लगाए गए ब्याज की राशि भविष्य में चूक से बचने के लिए प्रभावी निरोधक के रूप में पूंजी और कार्य की लागत को पूरा करने में समर्थ होनी चाहिए। बाजार पद्धतियों और हितधारकों की टिप्पणियों एवं जवाबी टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण का यह मानना है कि भुगतान में चूक पर ब्याज की दर भारतीय स्टेट बैंक की आधार दर से 2 प्रतिशत अधिक होनी चाहिए।

सेवा का प्रावधान

27. सेवा के प्रावधान की शर्तें समझौते का महत्वपूर्ण भाग होती हैं, जिसमें पक्ष गैर–विशिष्टता, लागू कानून, जिसके तहत सेवा प्रदान की जाती है, जैसे सिद्धांतों का विस्तार से उल्लेख करता है। कुछ एसोसिएशनों ने यह टिप्पणी की है कि एमएसओ को एलसीओ द्वारा दिए गए अभ्यावेदन, वारंटीज और वचनबद्धता के आधार पर टीवी चैनलों के सिगनल पुनःप्रसारित करने का गैर–विशिष्ट अधिकार एलसीओ को देना चाहिए और यह समझौते में निर्धारित नियम एवं शर्तों को एलसीओ द्वारा पालन किए जाने के अध्यधीन होगा और एलसीओ आधिकारों की ऐसी सुपर्दगी को स्वीकार करता है और उन्हें स्वीकार करने के लिए सहमति व्यक्त करता है।

28. एक केबल ऑपरेटर एसोसिएशन का यह मत है कि सेवा की गुणवत्ता के न्यूनतम तकनीकी मापदंड समझौते में स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट/उल्लिखित होने चाहिए। दोष और देरी के लिए वाणिज्यिक हतोत्साहन, दंड का प्रावधान साफ–साफ निर्दिष्ट होना चाहिए।

29. गैर–विशिष्टता इंटरकनेक्शन विनियमों के बुनियादी सिद्धांतों में से एक है और इसीलिए प्राधिकरण का यह मानना है कि पक्षों द्वारा इंटरकनेक्शन समझौता गैर–विशिष्टता के आधार पर किया जाना चाहिए। तदनुसार, संबंधित खंडों में यथोचित संशोधन किए गए हैं। जहां तक तकनीकी मापदंडों के संबंध में सेवा की न्यूनतम गुणवत्ता की विशिष्टि का सवाल है, तो सेवा की गुणवत्ता विनियम 2012 में तकनीकी मापदंडों के पहलू को पहले ही शामिल किया जा चुका है और दोनों पक्षों को सेवा की गुणवत्ता विनियम 2012 में निर्दिष्ट मानदंडों का पालन करना जरूरी है। अतः प्राधिकरण ने एमआइए या एसआईए में सेवा की गुणवत्ता के मापदंडों को शामिल नहीं करने का फैसला किया है।

एमएसओ के अधिकार

30. एक एलसीओ एसोसिएशन ने यह राय व्यक्त की कि उपभोक्ताओं के लिए सभी पैकेज/चैनल दरें, छूट योजनाएं, एसटीबी को किराये पर देने की योजनाएं, एमएसओ द्वारा बनाई गई सभी बिजनस योजनाएं, जिसमें एलसीओ का नेटवर्क इस्तेमाल किया जा रहा है, का निर्णय एमएसओ द्वारा एलसीओ के साथ परामर्श से किया जाना चाहिए। एलसीओ के परिचालन का क्षेत्र और उस क्षेत्र के लिए उपभोक्ताओं की पसंद बिजनस योजना बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

31. डीएएस में, एमएसओ प्रसारकों से प्रोग्रामिंग सेवा प्राप्त करता है और हेड–एंड के तकनीकी कार्य (टर्न अराउंड, इन्कोडिंग, इन्क्रिप्शन, मल्टीप्लेक्सिंग, मॉड्युलेशन, कंबाइनिंग और उपभोक्ता प्रबंधन) करता है, और इसलिए चैनलों की पैकेजिंग/प्राइसिंग की जिम्मेदारी एमएसओ की है। इसके अलावा, प्रत्येक एमएसओ एक से अधिक क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को सेवाएं प्रदान करता है। अतः प्रत्येक एलसीओ की व्यक्तिगत अपेक्षा के अनुसार, सेवाओं की कंपोजिशन या प्राइसिंग को अंतिम रूप देना व्यावहारिक नहीं होगा। अतः प्राधिकरण का यह मानना है कि सेवा की पैकेजिंग और प्राइसिंग का काम एमएसओ द्वारा ही किया जाए।

एलसीओ के अधिकार

32. कुछ एसोसिएशनों ने उल्लेख किया है कि एलसीओ के लिए स्वामित्व का अधिकार केवल उनके अपने नेटवर्क के संदर्भ में होना चाहिए। एक केबल ऑपरेटर एसोसिएशन ने सुझाव दिया है कि यह निर्दिष्टि होना चाहिए कि नेटवर्क, जिसमें फाइबर, समाक्षीय एवं वितरण उपकरणों के साथ–साथ एलसीओ से संबंधित ग्राहक शामिल हैं, और एमएसओ का वितरण नेटवर्क केवल एलसीओ प्वाइंट तक होना चाहिए। जबकि एक एलसीओ एसोसिएशन ने टिप्पणी की है कि एमएसओ से अंतिम उपयोगकर्ता तक नेटवर्क एलसीओ के नेटवर्क के रूप में परिभाषित होना चाहिए।

33. आमतौर पर केबल टीवी वितरण नेटवर्क में ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क और लास्ट माइल समाक्षीय केबल नेटवर्क शामिल होता है। प्राधिकरण का मानना है कि एक पक्ष का स्वामित्व भाग तक और नेटवर्क घटकों तक सीमित होना चाहिए जो एकल पक्ष का अपना हैं। यदि एमएसओ ने एलसीओ के छोर तक नेटवर्क बिछाया है तो यह एमएसओ का होगा और उसके अनुरक्षण और रखरखाव का दायित्व एमएसओ का होगा। इसी प्रकार यदि एलसीओ लास्टमाइल का मालिक है तो उसके अनुरक्षण और रखरखाव की जिम्मेदारी एलसीओ की होगी। कोई भी पक्ष दूसरे पक्ष के उस नेटवर्क पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकता, जो उसका अपना नहीं है। तद्नुसार उचित खंड एमआईए और एसआईए में जोड़े गए हैं।

एमएसओ के दायित्व

34. वेब–आधारित शिकायत निवारण प्रणाली मुहैया कराने के संबंध में एक एमएसओ ने सुझाव रखा है कि एसमएसओ को वेब आधारित शिकायत निवारण प्रणाली केवल उपभोक्ताओं को मुहैया करानी चाहिए न कि एलसीओ को, क्योंकि एमएसओ ईमेल और संचार के अन्य साधनों के जरिये एलसीओ की शिकायतों पर पहले से ही निवारण कर रहे हैं। एक एलसीओ ने टिप्पणी की है कि एलसीओ की शिकायतों का निवारण की व्यवस्था शिकायत निवारण हेतु स्थानीय सांविधिक प्राधिकरण के गठन के प्रावधान के साथ मौजूद रहनी चाहिए।

35. बिल उत्पन्न करने के संबंध में एक एलसीओ एसोसिएशन ने सुझाव रखा कि एमएसओ बिलिंग चक्र की समाप्ति के 10 दिनों के भीतर एलसीओ को मुद्रित रूप में बिल भेजेगा न कि किसी सीडी ड्राइव, पेन ड्राइव या किसी अन्य रूप में। एक और एलसीओ एसोसिएशन ने टिप्पणी की कि बिलिंग एलसीओ/एलएमओ के जरिये ऑनलाइन या ऑफलाइन की जानी चाहिए क्योंकि एलसीओ/एलएमओ उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान करते हैं और सब्सक्रिप्शन रकम एकत्रित करते हैं। एमएसओ एसोसिएशन का यह मानना था कि बिलिंग चक्र की समाप्ति से बिल भेजने की 3 दिन की अवधि कम है और इसे 7 दिन तक बढ़ाए जाने की आवश्यकता है क्योंकि एलसीओ से विवरण को एसएमएस में डालने में समय लगता है।

36. एक एलसीओ ने कहा कि एमआईए और एसआईए में मासिक प्रभार के बगैर डीमो टाइप सेट टॉप बॉक्स का एक छोटा प्रतिशत (कुल एसटीबी का 2 प्रतिशत) एलसीओ के लिए होना चाहिए।

37. एक एलसीओ एसोसिएशन ने टिप्पणी की कि पैकेज अपग्रेडिंग और डाउनग्रेडिंग सुविधा का संचालन एलसीओ द्वारा होना चाहिए।

38. एक हिट्स (HITS) ने सुझाव दिया कि केवल एफटीए चैनलों के साथ पहले से एक्टीवेट एसटीबी को 7 दिन की अनुमति दी जानी चाहिए। अगर इस अवधि के दौरान, सभी अनिवार्य विवरणों की प्रविष्टि नहीं की जाती है तो एसटीबी को डिएक्टीवेट किया जाना चाहिए।

39. एलसीओ की शिकायतों का निवारण करने के लिए वेब आधारित शिकायत निवारण प्रणाली स्थापित करने के पहलू पर प्राधिकरण ने यह संज्ञान लिया है कि पक्षों के बीच कार्यों और जिम्मेदारियों के बंटवारे के आधार पर पक्षों को दायित्वों का निर्वाह करने और समझौते के अनुसार एक–दूसरे की शिकायतों का समाधान करने के लिए समय–समय पर बातचीत करते की आवश्यकता होती है। वेब आधारित शिकायत निवारण प्रणाली, ऐसी अपेक्षाओं का सर्वाधिक कुशल और किफायती ढंग से समाधान करने के तरीकों में से एक है। यह उचित उचित और पारदर्शी पद्धति को बढ़ावा देती है। प्रणाली में दर्ज शिकायतों और उनके समाधान के ट्रेल का प्रयोग पक्षों के बीच विवाद का समाधान करने में किया जा सकता है। तदनुसार, इस समझौते के प्रावधानों का प्रभावी कार्यान्वयन के लिए वेब आधारित शिकायत निवारण प्रणाली एलसीओ हेतु आवश्यक है।

40. सेवा की गुणवत्ता विनियम 2012 में एमएसओ का यह दायित्व तय किया गया है कि उपभोक्ताओं द्वारा इस्तेमाल की गई सेवा के बिल बिलिंग चक्र की समाप्ति पर एसएमएस द्वारा स्वतः उत्पन्न होने चाहिए और इसीलिए बिल उत्पन्न करने का दायित्व एलसीओ को नहीं सौंपा जा सकता है। बिलिंग चक्र की समाप्ति से बिल उत्पन्न करने की अवधि के संबंध में प्राधिकरण का यह मानना है कि 3 दिन की अवधि पर्याप्त है क्योंकि बिल एसएमएस द्वारा स्वतः उत्पन्न होते हैं। यह उपभोक्ताओं को बिल देने और तत्संबंधी भुगतान के लिए भी पर्याप्त समय मुहैया कराएगा। तद्नुसार उपयुक्त खंड एमआईए और एसआईए में उपलब्ध हैं।

41. एसटीबी में खराबी आने की स्थिति में एसटीबी की शीघ्रता से मरम्मत/रखरखाव करने के लिए एलसीओ के पास एक अतिरिक्त एसटीबी की व्यवस्था करने के संबंध में प्राधिकरण ने यह टिप्पणी की है कि सेवा की गुणवत्ता विनियम 2012 में सेवा प्रदाताओं को एसटीबी को 24 घंटे के भीतर ठीक करने/बदलने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुछ अतिरिक्त एसटीबी, जिनका इस्तेमाल उपभोक्ताओं के परिसरों में लगे खराब एसटीबी की जगह किया जा सकता है, की व्यवस्था करने से सेवा शीघ्रता से पुनः शुरू करने में मदद मिलेगी। इससे सेवा की गुणवत्ता के अनुपालन में सुधार करने में भी मदद मिलेगी। तदनुसार, एमआईए और एसआईए पर एमएसओ की ओर से अनुरक्षण अतिरिक्त के रूप में 30 एसटीबी की उपरि सीमा के साथ एलसीओ के नेटवर्क में एक्टिव कुल एसटीबी का कम से कम 2 प्रतिशत मुहैया कराने की जिम्मेदारी रखी गई है। ये एसटीबी पहले से एक्टिव मोड में नहीं होने चाहिए। तदनुसार, एमआईए और एसआईए में उपयुक्त खंड शामिल किए गए हैं।

42. एमएसओ को लागू विनियमों/टैरिफ आदेशों के अध्यधीन चैनलों/पैकेज की कंपोजिशन और प्राइसिंग को अंतिम रूप देने का अधिकार है। बहरहाल, पक्षों के बीच संवाद को बेहतर बनाने के लिए प्राधिकरण ने एमआईए और एसआईए में एक खंड शामिल किया है जिसमें एमएसओ उपभोक्ता को दिए गए पैकेज कंपोजिशन या रिटेल टैरिफ में किसी प्रस्तावित बदलाव के बारे में एलसीओ को कम से कम 15 दिन पहले सूचित करना जरूरी है। जहां तक उपभोक्ता को ऐसे बदलाव के बारे में सूचित करने की जिम्मेदारी का सवाल है, तो यह संबंधित विनियमों के अनुसार केवल एमएसओ की जिम्मेदारी है।

43. डीएएस के पूरे लाभ लेने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि उपभोक्ता के संबंधित विवरण और चैनलों/सेवाओं के लिए उसकी पसंद को एसएमएस में डाला जाए ताकि उपभोक्ता त्रुटि रहित सेवाएं प्राप्त कर सकें। इसलिए यह जरूरी है कि उपभोक्ता का एसटीबी एसएमएस में विवरण डाले जाने के बाद ही एक्टिव किया जाए और इसलिए हितधारकों का यह अनुरोध स्वीकार्य नहीं है।

एलसीओ के दायित्व

44. एमएसओ एसोसिएशन ने टिप्पणी की है कि एलसीओ को सही प्रक्रिया का अनुसरण किए बगैर सिगनलों के अन्य वितरक के पास जाने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। उनके अनुसार, कानूनी प्रक्रिया का अनुपालन किए बगैर किसी अन्य सेवा प्रदाता के एसटीबी के साथ एमएसओ के एसटीबी को नहीं बदलने के संबंध में एलसीओ के दायित्वों में अतिरिक्त खंड जोड़ा जाना चाहिए।

45. ग्राहक आवेदन फार्म की हैंडलिंग के संबंध में एक व्यक्ति ने सुझाव दिया कि ग्राहक आवेदन फार्म की प्रति देने के स्थान पर एमएसओ को मूल ग्राहक आवेदन फार्म दिया जाना चाहिए। एक एमएसओ का मत था कि अगर एमएसओ, एलसीओ द्वारा अधिकृत व्यक्ति ग्राहक आवेदन फार्म को अपनी कस्टडी में रखेगा तो यह उपभोक्ता को इसकी मोहर लगी प्रति मुहैया कराएगा और एमएसओ/किसी अन्य सांवधिक प्राधिकारी द्वारा मांगे जाने पर ग्राहक आवेदन फार्म और किसी अन्य दस्तावेज की प्रतियां/सूचना प्रस्तुत करेगा।

46. समझौते के संबंध में अधिकारों और दायित्यों के हस्तांतरण के संबंध में एक एलसीओ एसोसिएशन का यह मत था कि एलसीओ एक स्वतंत्र बिजनस इकाई है जो उपभोक्ताओं को सेवाएं देने के लिए एमएसओ को अपना नेटवर्क प्रस्तुत कर रहा है। एमएसओ के प्रति उसका दायित्व केवल संयुक्त रूप से प्रदान की सेवाओं तक सीमित है। एलसीओ को अपना व्यापार करने के लिए किसी से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है।

47. एलीसीओ का एक एमएसओ से दूसरे एमएसओ पर माइग्रेशन के संबंध में विनियामक फ्रेमवर्क में यह प्रावधान किया गया है कि एलसीओ एक या अधिक एमएसओ के साथ इंटरनेक्शन की मांग कर सकता है और उनके बीच इंटरकनेक्शन गैर–विशिष्ट पर आधारित होगा। बहरहाल, एमएसओ के साथ किए गए इंटरकनेक्शन समझौते से बाहर निकलने के इच्छुक एलसीओ को इंटरकनेक्शन विनियम 2012 के संदर्भ में डिस्कनेक्शन और तत्संबंधी कारणों के बारे में उचित नोटिस देना चाहिए। कोई एलसीओ किसी और एमएसओ से जुड़ सकता है यदि वह अंतःसंयोजन विनियम में निर्धारित प्रावधानों को पालन करता है। अतः प्राधिकरण का मानना है कि इस संबंध में कोई विशिष्ट खंड जोड़ने की कोई आवश्यकता नहीं है।

48. एक एमएसओ के एसटीबी को दूसरे एसटीबी से बदलने के संबंध में, प्राधिकरण ने संज्ञान लिया कि विनियामक फ्रेमवर्क में यह प्रावधान है कि उपभोक्ता द्वारा इस्तेमाल की गई सेवा को उपभोक्ता से लिखित में आवेदन प्राप्त किए बगैर नहीं बदला जा सकता। उपभोक्ता से कनेक्शन काटने हेतु अनुरोध मिलने पर संबद्ध पक्ष को एसएमएस में 24 घंटे के भीतर जानकारी डालने की आवश्यकता है। अतः प्राधिकरण का यह मानना है कि एलसीओ आवेदन फार्म के जरिये उपभोक्ता से अनुरोध प्राप्त किए बगैर एक एमएओ के एसटीबी को दूसरे एमएसओ के एसटीबी से नहीं बदलेगा। तदनुसार, एमआईए और एसआईए में उपयुक्त खंड जोड़ा गया है।

49. डीएएस के लिए विनियामक फ्रेमवर्क के अनुसार ग्राहक हर लिहाज से पूर्ण और विधिवत रूप से हस्ताक्षरित, निर्दिष्ट फार्मेट में कनेक्शन या कनेक्शन शिफ्ट करने का आवेदन दो प्रतियों में एमएसओ या इसके संबद्ध एलसीओ को प्रस्तुत कर सकता है, जो ओवदन की डुप्लीकेट प्रति आवेदन प्राप्त करने की पावती के रूप में आवेदक को वापस करेगा। दोनों पक्ष आपस में आपसी समझौते से भरे हुए आवेदन पत्र के संग्रहण के बारे में निश्चित कर सकते हैं। तद्नुसार दोनों पक्ष एमआईए में आपसी समझौते से इस संदर्भ में खंड को जोड़ा जा सकता है परंतु भरे हुए आवेदन पत्र की प्रतिलिपि 15 दिन के अंदर एमएसओ को भेजना होगा और इसके लिए एमआईए और एसआईए में प्रावधान किया गया है।

50. इस समझौते के अंतर्गत अधिकारों और दायित्वों को सौंपने या हस्तांतरण के संबंध में प्राधिकरण एलसीओ को एक स्वतंत्र बिजनस इकाई मानता है और एलसीओ को बिजनस की स्वतंत्रता का अधिकार है। इसलिए प्राधिकरण का यह मानना है कि दोनों पक्ष अपने किसी भी अधिकार या दायित्व को सौंपने या हस्तांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, बहरहाल पक्षों के हितों की रक्षा करने के लिए संबंधित खंड में उपयुक्त संशोधन करके पक्षों को एक–दूसरे को अग्रिम सूचना देना अनिवार्य बनाया गया है ताकि दूसरा पक्ष अपने हितों की रक्षा करने के लिए जरूरी कदम उठा सकें। तदनुसार, एमआईए और एसआईए में संबंधित खंड में उपयुक्त संशोधन किए गए हैं।

कार्य और जिम्मेदारियां

51. परामर्श हेतु प्रारूप समझौतों में एमएसओ और एलसीओ के कार्यों और जिम्मेदारियों के विभिन्न पहलुओं पर हितधारकों की टिप्पणियां मांगी गई थी। आवेदन फार्म और अभ्यास पुस्तिका (एमओपी) के प्रकाशन के लिए फार्मेट तैयार करने के संबंध में एक केबल ऑपरेटर एसोसिएशन ने सुझाव दिया कि एमएसओ और एलसीओ, दोनों को आवेदन फार्म और एमओपी तैयार करने की आजादी दी जानी चाहिए। शिकायत निगरानी प्रणालियों के संबंध में कुछ एमएसओ एसोसिएशनों ने यह राय व्यक्त की है कि शिकायत निगरानी प्रणाली स्थापित करने की जिम्मेदारी एमएसओ के साथ–साथ एलसीओ की भी होनी चाहिए क्योंकि एलसीओ उपभोक्ताओं के सीधे संपर्क में रहते हैं और उन्हें उनके नेटवर्क के तकनीकी समस्याओं की जानकारी होती है। अवरोध के कारण छूट की प्रणाली की विशिष्टियों के संबंध में एक एमएसओ एसोसिएशन ने टिप्पणी की है कि ऐसी योजना को निर्दिष्ट करने की जिम्मेदारी सेवा की गुणवत्ता के अनुसार केवल एमएसओ के बजाय एमएसओ और एलसीओ, दोनों पर डालनी चाहिए।

52. अनूठी पहचान संख्या (यूआईएन) के संबंध में एमएसओ का यह मत है कि यह एमएसओ की जिम्मेदारी होनी चाहिए क्योंकि एसएमएस का संबंध एमएसओ से है। बहरहाल, एलसीओ यह उपभोक्ता को मुहैया कराएगा। एक व्यक्ति ने सुझाव दिया कि एलसीओ इस कार्य को नहीं कर सकता क्योंकि यूआईएन एप्लीकेशन सर्वर में जनरेट होता है, जिसकी पहुंच प्रतिबंधित है।

53. एक केबल ऑपरेटर एसोसिएशन ने टिप्पणी कि की एसटीबी बिक्री/किराया योजना, सेवा सहायता/वस्तुसूची द्वारा समर्थन/सेवा स्तर समझौता/वार्षिक अनुरक्षण संविदा के संबंध में एमएसओ की जिम्मेदारी का भी उल्लेख होना चाहिए। एक व्यक्ति ने टिप्पणी की कि एसटीबी की खरीद पूरी तरह से एमएसओ की जिम्मेदारी है और एसटीबी उचित दस्तावेज जैसे बिल वारंटी या किश्तों पर खरीद समझौता आदि देकर एलसीओ के माध्यम से उपभोक्ता को दिए जाने चाहिए। अगर उपभोक्ता का एसटीबी सही ढंग से काम नहीं करता है या इसे बदलने/मरम्मत की आवश्यकता है तो इसके लिए एमएसओ द्वारा एलसीओ को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए।

54. उपभोक्ता को केबल सेवाएं बंद करने या काटने के संबंध में 15 दिन के अग्रिम नोटिस के संबंध में एक एलसीओ एसोसिएशन ने टिप्पणी की कि उपभोक्ता को केबल सेवाएं बंद करने या काटने के संबंध में 15 दिन के अग्रिम नोटिस देने की जिम्मेदारी एमएसओ की होनी चाहिए। सेवा बंद करने के संबंध में उपभोक्ता से अनुरोध प्राप्त करने के संबंध में एक व्यक्ति ने टिप्पणी की है कि केबल ऑपरेटर इसे नहीं कर सकता क्योंकि एप्लीकेशन सर्वर तक उनकी पहुंच नहीं है।

55. प्राधिकरण ने संज्ञान में लिया कि डीएएस पर लागू विनियामक फ्रेमवर्क पक्षों को व्यापार करने की छूट और लचीलापन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराता है। साथ ही साथ प्राधिकरण ने पाया कि एमएसओ और एलसीओ के संबंध में एलसीओ केबल सेवाएं प्रदान करने के लिए सामान्यतः उपभोक्ताओं से संपर्क रखता है जबकि एमएसओ ऐसे कार्य करता है जो कि एसएमएस और अन्य संबंधित सिस्टमों पर आधारित है। यह सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ता को दी जा रही सेवा की गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए, इस संबंध में पक्षों को लचीलापन मुहैया कराने के संबंध में प्राधिकरण का मानना है कि पक्ष एमआईएस के खंड 10 के तहत सूचीबद्ध जिम्मेदारियों के खंडों पर परस्पर सहमति द्वारा उपभोक्ताओं को दी जाने वाली केबल सेवा के प्रावधान के लिए एक इंटरकनेक्शन समझौता कर सकते हैं। पक्ष एमआईए के किसी खंड को हटाए या बदले बगैर कोई अतिरिक्त शर्त निर्धारित करने के लिए परस्पर सहमति द्वारा एमआईए में अतिरिक्त

खंड जोड़ सकते हैं बशर्ते कि ऐसी अतिरिक्त शर्त एमआईए में यथा निर्धारित किसी शर्त के प्रभाव को कम नहीं करेगी। बहरहाल, प्राधिकरण ने एसआईए में प्रत्येक जिम्मेदारी को अलग–अलग निर्धारित किया है। एसआईए में एलसीओ को उपभोक्ता केन्द्रित जिम्मेदारियां दी गई हैं जबकि एमएसओ को वो जिम्मेदारियां दी गई हैं जो उपभोक्ताओं के लिए बिलिंग सहित प्रसारकों और एसएमएस से सीधे जुड़ी हुई है।

56. आवेदन फार्म बनाने के संबंध में प्राधिकरण ने पाया कि कंडीशनल एक्सेस सिस्टम सहित हेडएंड और एसएमएस की स्थापना और अनुरक्षण एमएसओ के द्वारा किया जाता है और एमएसओ टीवी चैनलों के पुनः प्रसारण के लिए प्रसारकों से अंतःसंयोजन करार करते हैं इसलिए चैनलों और पैकेजों का मूल्य और उनकी संरचना का निर्धारण एमएसओ के द्वारा ही किया जाना चाहिए। आवेदन फार्म बनाने के संबंध में सभी पक्ष परस्पर समझौते के आधार पर केबल टीवी कनेक्शन के कनेक्शन, डिस्कनेक्शन, रिकनेक्शन और शिफ्टिंग और एसटीबी लेने और वापस करने के लिए आवेदन का फार्मेट बनाने के लिए स्वतंत्र हैं। बहरहाल, ऐसा फार्मेट बनाते समय, एमएसओ द्वारा अंतिम रूप से यथा तैयार चैनलों/पैकेजों की प्राइसिंग और कंपोजिशन से संबंधित सूचना को ग्राहक आवेदन फार्म में शामिल किया जाएगा। एमआईए में पक्ष एसटीबी प्राप्त करने और लौटाने की योजनाओं और इसकी वारंटी/मरम्मत नीति का प्रचार करने की जिम्मेदारी साझा कर सकते हैं। विनियामक फ्रेमवर्क के अनुसार इन योजनाओं का ब्यौरा एमओपी में भी प्रकाशित करना जरूरी होगा। एसआईए में यह जिम्मेदारी मौजूदा परिपाटी के अनुसार एमएसओ को दी गई है। बहरहाल, यह प्रावधान किया गया है कि एमएसओ ऐसी प्रकाशित योजनाओं की प्रति एलसीओ को उनकी सूचना के लिए और आगे उपभोक्ताओं को सूचित करने के लिए मुहैया कराएगा।

57. सेवा की गुणवत्ता के संदर्भ में वेब आधारित शिकायत निगरानी प्रणाली की स्थापना के संबंध में, सेवा गुणवत्ता के मापदंडों की समग्र जिम्मेदारी एमएसओ की है। बहरहाल, पक्षों द्वारा इंटरकनेक्शन समझौतों के द्वारा इसे साझा किया जा सकता है। तदनुसार, प्राधिकरण का मानना है कि एमआईए के संदर्भ में शिकायत निगरानी प्रणाली की स्थापना की जिम्मेदारी को साझा कर सकते हैं। बहरहाल, एसआईए में इसकी जिम्मेदारी एमएसओ को दी गई है।

58. सेवा में बाधा के कारण उपभोक्ताओं के लिए छूट या रियायत की प्रणाली की विशिष्टियों के संबंध में चूंकि उपभोक्ताओं के लिए पैकेजिंग, प्राइसिंग और बिल भेजने की जिम्मेदारी एमएसओ की है इसलिए एमएसओ ऐसी योजनाओं को अंतिम रूप देगा और इसकी सूचना एलसीओ को देगा ताकि वे इसे आगे उपभोक्ताओं तक पहुंचा सकें। एसआईए में यह जिम्मेदारी एमएसओ को सौंपी गई है। बहरहाल दोनों पक्ष इस जिम्मेदारी को एमआईए में साझा कर सकते हैं।

59. आवेदकों को यूआईएन देने के संबंध में प्राधिकरण ने पाया कि यूआईएन एसएमएस से स्वतः उत्पन्न होता है। जहां पर यूआईएन देने की जिम्मेदारी एलसीओ को दी जाती है, वहां एमएसओ यह सुनिश्चित करेगा कि वह एलसीओ को एसएमएस का उचित भाग मुहैया कराए जिससे एलसीओ समझौते के अंतर्गत जिम्मेदारी पूरी कर सके। जहां यह जिम्मेदारी एमएसओ की है वहां एमएसओ एसएमएस का उचित भाग एलसीओ को देगा जिससे एलसीओ यूआईएन के बारे में जानकारी पा सकेगा। तद्नुसार संबंधित खंड में उचित परिवर्तन किया गया है।

60. डीएएस में उपोक्ताओं को केबल सेवाएं बंद करने या काटने के सबंध में 15 दिन पहले नोटिस जारी करने के संबंध में यह एमएसओ है जो स्क्रॉल्स के जरिये उपभोक्ताओं को सूचना प्रदान कर सकता है। प्राधिकरण का यह मानना है कि एमएसओ उपभोक्ताओं को ऐसा नोटिस जारी करने से पहले एलसीओ को सूचित करेगा। एलसीओ द्वारा निरोधक अनुरक्षण के लिए सिगनलों के अवरोध के संबंध में उपभोक्ता को सूचित करने के संबंध में एलसीओ एमएसओ को सूचित करेगा ताकि वह उपभोक्ताओं को सूचना देने में समर्थ हो सकें। यह उपभोक्ताओं के लिए सेवा की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करेगा। तदनुसार, एमआईए और एसआईए में जरूरी संशोधन किए गए हैं।

बिलिंग

61. एक केबल ऑपरेटर एसोसिएशन ने टिप्पणी की कि एमएसओ वाईवाईवाई एमएसओ द्वारा समर्थित एक्सएक्सएक्स एलसीओ के रूप में पठित एलसीओ के साथ संयुक्त नाम से बिल उत्पन्न करेगा। एमएसओ एलसीओ को अंतःसंयोजन

करार के आधार पर हर माह एक बीजक देगा जिसमें उपभोक्ता संख्या के बारे में विवरण होगा। एक दूसरी केबल ऑपरेटर एसोसिएशन की राय है कि एकल बिल बनाने के लिए एमएसओ द्वारा एलसीओ को समेकित उपभोक्ता आईडी–वार बिल दिए जाने चाहिए और किसी पूर्वदत्त भुगतान की अनुमति नहीं होनी चाहिए। एमएसओ ने टिप्पणी की कि एलसीओ को बिल जारी करने चाहिए और सब्सक्रिप्शन भुगतान प्राप्त करने चाहिए। एक हिट्स ऑपरेटर ने कहा कि ट्रांसफर प्राइसिंग कार्यान्वित की जानी चाहिए जिसमें एमएसओ उपभोक्ता को बिल प्रस्तुत करेगा और इसे एलसीओ को सौंपेगा और एमएसओ कुल राशि में अपने शेयर के लिए एलीसीओ को बिल/खाता विवरण भी प्रस्तुत करेगा ताकि एलसीओ एमएसओ को वास्तविक आधार पर भुगतान कर सकें। प्रसारक ने टिप्पणी की है कि एमएसओ को अवधि के लिए बिलिंग की सूचना उपभोक्ताओं को देनी चाहिए और उपभोक्ताओं या एलसीओ को रिचार्ज करने में समर्थ बनाने के लिए अपने या एलसीओ के साथ टर्मिनल स्थापित करेगा क्योंकि यह त्वरित कलेक्शन और प्रीपेड बिलिंग को प्रोत्साहित करेगा।

62. करों के भुगतान के संबंध में एमएसओ ने कहा है कि 'संबंधित कर प्राधिकरणों के लागू नियमों एवं विनियमों के अनुसार' इसे इस खंड में जोड़ा जाए। और यह एमएसओ या एलसीओ की जिम्मेदारी होगी क्योंकि एक समय पर दोनों को एक साथ जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। एक एलसीओ एसोसिएशन का मानना है कि कर भुगतान संबंधित जिम्मेदारियों का विशिष्ट विवरण, संबंधित कर प्राधिकरणों के नियमों और विनियमों के अनुसार समझौते पर हस्ताक्षर करते समय साथ वाले सेल्स में भरा जाए। जबकि एक एलसीओ एसोसिएशन ने टिप्पणी की है कि बिल उत्पन्न करने वाली इकाई को करों का भुगतान करना चाहिए।

63. हितधारकों की उपरोक्त टिप्पणियों से एक चीज बिल्कुल स्पष्ट है कि उपभोक्ताओं की बिलिंग विभिन्न तरीकों से की जा सकती है और विभिन्न पक्षों की अलग–अलग अपेक्षाएं/आवश्यकताएं हैं। एक चीज कॉमन है कि प्रत्येक हितधारक हरेक पक्ष को सौंपी गई बिलिंग की जिम्मेदारी की उचित पहचान में रूचि रखता है। मुद्दे और सेवा की गुणवत्ता विनियम, 2012 के संबंध में हितधारकों के उत्तरों को ध्यान में रखते हुए एमआईए में पर्याप्त लचीलापन मुहैया कराया गया है। बिलों पर पक्ष (पक्षों) का नाम छपवाने का निर्णय पक्षों को लेना है। एमआईए में पक्ष अपनी जरूरत के अनुसार और खंड जोड़ सकते हैं। बहरहाल, यह नोट किया जाए कि अगर बिल पर एलसीओ का नाम प्रदर्शित होता है तो बिल पर एमएसओ का सेवा कर पंजीकरण नंबर और मनोरंजन कर पंजीकरण नंबर छपा होना चाहिए जैसा कि सेवा की गुणवत्ता विनियम 2012 द्वारा अधिदेशित है और संबंधित कर प्राधिकरणों के लागू नियमों एवं विनियमों का भी अनुपालन किया जाना चाहिए। एसआईए में बिल एमएसओ के नाम में जारी किए जाएंगे।

64. सेवा की गुणवत्ता विनियम 2012 में यह प्रावधान है कि प्रत्येक एमएसओ की जिम्मेदारी होगी कि वह उपभोक्ताओं के लिए बिल उत्पन्न करें और यह जिम्मेदारी एलसीओ के साथ साझा नहीं की जा सकती। उपभोक्ताओं को बिल और रसीद पहुंचाने की पूरी जिम्मेदारी एमएसओ की है। बहरहाल परस्पर समझौते के मामलों में पक्ष उपभोक्ता को बिल और रसीद पहुंचाने की जिम्मेदारी साझा कर सकते हैं। पक्ष उपभोक्ताओं से सब्सक्रिप्शन राशि प्राप्त करने और और जमा करने की जिम्मेदारी भी साझा कर सकते हैं और ऐसे मामलों में संबंधित पक्ष (एलसीओ या एमएसओ, जैसा भी मामला हों) प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर जारी विनियमों/निदेशों के अनुसार, एसएमएस में सूचना तुरंत अपडेट करेगा। पक्षों द्वारा एसआईए के जरिये इंटरकनेक्शन समझौता करने के मामले में बिल और रसीद मुहैया कराने और एसएमएस में भुगतान के विवरण डालने की जिम्मेदारी एमएसओ की है।

65. सेवा की गुणवत्ता विनियम 2012 के तहत बिल में वसूले गए करों की दर सहित सब्सक्रिप्शन राशि, लागू करों जैसे सेवा कर, मनोरंजन कर आदि के विवरण का उल्लेख होना चाहिए। प्राधिकरण ने देखा है कि कर अनुपालन का दायित्व मनोरंजन कर के संबंध में अलग–अलग राज्य में अलग–अलग है। अतः प्राधिकरण का मानना है कि उपरोक्त कारणों से पक्ष विशेष को कर अनुपालन के लिए उत्तरदायी ठहराना संभव नहीं है। इसलिए प्राधिकरण ने एसआईए में इसे खुला रखा है और पक्षों को अपने–अपने राज्यों में लागू कर नियमों एवं विनियमों के अनुसार कर भुगतान संबंधी जिम्मेदारियां

तय करने की छूट दी है। कर भुगतान संबंधी जिम्मेदारियों का विशिष्ट विवरण समझौते पर हस्ताक्षर करते समय 'कार्य और जिम्मदारियां' के तहत खंड 10 उप–खंड 24 में भरना जरूरी होगा।

66. लेखा रिकॉर्ड को रखने के लिए, प्राधिकरण का मत है कि पक्ष, जिसके नाम पर सब्सक्राइबर को बिल देने की सहमति हुई है, उपभोक्ता के द्वारा भुगतान किए गए सब्सक्रिप्शन फीस को प्राप्त करेगा और दूसरा पक्ष अपने राजस्व के हिस्से की प्राप्ति के लिए उस पक्ष को बीजक देगा। तद्नुसार संबंधित प्रावधान किया गया है।

राजस्व निपटान

67. एक एलसीओ एसोसिएशन ने टिप्पणी की कि राजस्व शेयर शब्द को विस्तार से परिभाषित किया जाना चाहिए और यह सभी हितधारकों द्वारा शेयर किया जाना चाहिए क्योंकि प्रसारक एमएसओ और विज्ञापनों से राजस्व जनरेट करते हैं और एमएसओ कैरेज फीस, प्लेसमेंट फीस, विज्ञापन फीस और एलसीओ से राजस्व के रूप में राजस्व जनरेट करते हैं जबकि एलसीओ केवल सब्सक्रिप्शन राशि से राजस्व जनरेट करते हैं। एक दूसरी एलसीओ एसोसिएशन ने सुझाव दिया कि राजस्व की परिभाषा (ग्राहक बिलिंग, प्लेसमेंट फीस और विज्ञापन आय सहित) एमएसओ और एलसीओ द्वारा मिलकर तय की जाए।

68. एक एलसीओ एसोसिएशन का यह मत था कि राजस्व शेयर सीएएस मॉडल की तरह होना चाहिए और उपभोक्ताओं के लिए पे चैनलों का एमआरपी सीएएस प्रणाली के जैसा होना चाहिए जिसमें 100 प्रतिशत एफटीए राजस्व एलसीओ को उसके मूल सेवा प्रभारों के रूप में दिया गया था। एक दूसरी एलसीओ एसोसिएशन ने टिप्पणी की कि सब्सक्रिप्शन राजस्व शेयरिंग का फैसला एमएसओ और एलसीओ मिलकर करना चाहिए।

